सुप्रभात
रांची, शनिवार
10.08.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 32



06 आदिवासी दिवस विश्व के लिये एक गौरव का दिन





झारखण्ड
## आदिवासी महोत्सव
2024



उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम की झलकियां

### मुख्य आकर्षण

सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूर्वाह्न 11 बजे से

- नगाड़ा समूह का वादन
- आसाम बैंड की प्रस्तुति
- "फ्लेम ऑफ दी फारेस्ट" वादन कार्यक्रम
- आदिवासी परिधान प्रदर्शन प्रस्तुति
- लेजर एवं फायर शो (VFX)

PRNO 332325 (IPRD) 24-25

### समापन समारोह


मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**समस्त माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार**
तथा
माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण
एवं अन्य गणमान्य अतिथियों
की गरिमामय उपस्थिति में

**शनिवार 10 अगस्त, अपराह्न 05:00 बजे से**

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, जेल चौक,
रांची में आयोजित है

**समारोह में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है**




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा- 11 से 15 अगस्त तक होंगे कई कार्यक्रम

# राष्ट्रीयता के भाव का जागरण है हर घर तिरंगा कार्यक्रम : गुरु प्रकाश पासवान

- 14 अगस्त को मनेगा विभाजन विभीषिका दिवस
- विधानसभा क्षेत्र में युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित की जायेगी तिरंगा यात्रा




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं हर घर तिरंगा के क्षेत्रीय प्रभारी डॉ गुरू प्रकाश पासवान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होंगे। डॉ पासवान शुक्र वार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अब हर भारत वासी का कार्यक्रम बन चुका है। यह राष्ट्रीय भाव को जागृत करने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तीन प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके लिए प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक की टोली का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश टीम के संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा है जबकि विनय जायसवाल, शशांक राज, रघुराज पांडे, बबन गुप्ता एवं लक्ष्मी कुमारी को सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुये कहा कि युवा मोर्चा के नेतृत्व में 11, 12 एवं 13 अगस्त को विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा आयोजित की जायेगी। इसमें हजारों युवा तिरंगा ध्वज के साथ शामिल होंगे। बताया कि आजादी की वर्षगांठ पर पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा राज्य भर में स्थित युद्ध स्मारक एवम शहीदों की प्रतिमाओं की सफाई करते हुये प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की जायेगी। यह कार्यक्रम 12,13 एवं 14 अगस्त को आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजित होंगे। देश की वर्तमान पीढ़ी को जानना यह आवश्यक है कि भारत के विभाजन के कारण कैसे 20 लाख लोगों की हत्याएं हुई और 2 करोड़ से ज्यादा लोगो को अपना घर बार छोड़कर रिफ्यूजी बनने को विवश होना पड़ा। उन्होंने बताया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित चौथा कार्यक्रम है। इसमें भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर तक हर घर तिरंगा लगाने को प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे जनता में इस कार्यक्रम के प्रति स्वतः स्फूर्त भाव जागृत है और जनता के सहयोग एवम समर्थन से यह कार्यक्रम सफल होगा।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अविनेश कुमार सिंह, बबन गुप्ता एवं विनय जायसवाल भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से वंचित हो जायेंगी लाखों महिलाएं: लंबोदर महतो

2016 से लेकर अब तक के लाखों राशन कार्ड के ऑनलाइन आवेदन लंबित



गोमिया विधायक ने विभिन्न स्तरों पर लंबित राशन कार्ड के लाखों आवेदनों पर सीएम का कराया ध्यान आकृष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि राशन कार्ड तथा उसमें नाम नहीं होने से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने से लाखों महिला वंचित हो जाएगी। उन्होंने कहा वर्ष 2016 से लेकर अब तक लाखों महिलाओं ने राशन कार्ड (लाल, हरा, पीला) के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, मगर अब तक उनके आवेदन लंबित हैं। यह आवेदन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी व राज्य स्तर पर लंबित है। उन्होंने कहा कि बोकारो जिले में करीब एक लाख राशन कार्ड का आवेदन लंबित है।

राज्य के अन्य जिलों की भी यही स्थिति है। राज्य सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करना चाहिए। ऐसा होने पर ही लाखों महिला योजना का लाभ ले सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में राशन कार्ड में नाम होना अनिवार्य शर्त है। इस कारण अब तक लाखों महिला इस योजना से वंचित हो जाएंगी और जो सरकार का उद्देश्य है वह पूरा नहीं हो पाएगा। इसको देखते हुए लंबित आवेदनों की तुरंत स्वीकृति हो ताकि योजना के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर महिलाएं भी आवेदन जमा कर सकें। इस योजना का लाभ 21 से 49 वर्ष की महिलाओं को प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर हमने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। उनसे इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड के आवेदन लंबित होने की वजह से लोगों का आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहा है। जिसकी वजह से कई परिवार चिकित्सा से वंचित है और कई लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं।

# आलमगीर आलम की जमानत अर्जी खारिज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को झटका लगा है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उनकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी सुनवाई पश्चात शुक्रवार को खारिज कर दी। इससे पूर्व ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने बहस की। जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा उनके खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल है। पर्याप्त सबूत है। याचिकाकर्ता की ओर से 7 अगस्त को ही बहस पूरी कर ली गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से लगभग 1500 पन्नों की लिखित बहस अदालत में फाइल की गई थी। दोनों की दलीलें सुनने के पश्चात याचिका खारिज कर दी।

मालूम हो कि आलमगीर आलम ने 18 जुलाई को गिरफ्तारी के 64 दिनों बाद जमानत की गुहार लगायी थी। दाखिल याचिका में अपने आप को मामले में निर्दोष बताया था। ईडी ने उनको 15 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में हैं। यह गिरफ्तारी उनके आप्त सचिव संजीव कुमार लाल एवं उसका नौकर जहांगीर आलम के यहां से मिले 32.30 करोड़ रुपये नकद बरामदी मामले में किया गया है। इसी मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत नौ आरोपी जेल में है।

# अपनी ही नहीं दूसरी सभ्यताओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत रहे हैं आदिवासी: कांग्रेस

- आदिवासी दिवस पर कांग्रेस नेताओं ने वीर शहीदों को याद किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में झारखंड के वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर देश की आजादी के लिए किए गए संघर्षों को याद किया गया।

इस अवसर प्रवक्ताओं ने कहा कि प्रकृति पूजक समुदाय ने सैकड़ों वर्षों से जल जंगल जमीन की रक्षा करते हुए अपना सामाजिक परिवेश अक्षुण्ण रखा है। सामाजिक विकास में आदिवासी समुदाय के योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। आदिवासी समुदाय सिर्फ अपनी सभ्यता संस्कृति के रक्षक नहीं रहे बल्कि वह अन्य सभ्यताओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

वक्ताओं ने देश की आजादी में उनके योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाये रखने में अपने प्राण न्यौछावर करने से भी पीछे नहीं रहे। झारखंड क्षेत्र में ब्रिटिश राज्य के विरुद्ध वीर बिरसा द्वारा प्रारंभ किए गए संघर्ष को आदिवासी समुदाय ने स्वतंत्रता मिलने तक जारी रखा और स्वतंत्रता के बाद देश के नवनिर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाई। झारखंड में आज पारंपरिक विरासत को जिंदा रखते हुए इस राज्य के विकास में हर संभव अपना योगदान समुदाय द्वारा दिया जा रहा है।

इस अवसर पर अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुंजनी, सोनाल शांति, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, गुंजन सिंह, राजेश सिन्हा, सन्नी, नेली नाथन, बेलस तिर्की, प्रभात कुमार, प्रशांत पांडे, जितेंद्र त्रिवेदी, नरेंद्र कुमार लाल, अनुकूल मिश्रा, राजीव चौधरी रीता चौधरी, पिंकी सिंह अनीता टोप्पो, संजय सरैया, विक्रमजीत सिंह, जॉन डंगवार, किशोर नायक, सुरेन राम आदि उपस्थित थे।

# आज और कल उत्तरी हिस्से में भारी बारिश की संभावना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में आने वाले दिनों में सक्रिय मानसून का असर देखा जायेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो दस और 11 अगस्त को राज्यभर में बारिश होगी। इस दौरान कुछ हिस्सों में भारी बारिश के साथ वज्रपात की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें राज्य के उत्तरी हिस्से में मुख्य रूप से बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग जिला शामिल है। इसके साथ ही हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश राज्य के मध्य हिस्से में भी देखने को मिलेगी। इसमें रांची, खूंटी, बोकारो समेत अन्य जिलें शामिल है, जहां 10 और 11 अगस्त को बारिश होगी।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 12 और 13 अगस्त को राज्य के कुछ हिस्से में बारिश की संभावना है। जबकि 14 और 15 अगस्त को फिर से राज्य भर में भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में लोगों को सर्तक रहने की जरूरत है।

राजधानी रांची की बात करें तो यहां 15 अगस्त तक दिन में एक दो बार मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं, कुछ हिस्सों में तेज बारिश के साथ वज्रपात की भी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अगस्त महीने में राज्य में बारिश में इजाफा दर्ज किया गया है। जिससे खेती पर भी असर पड़ा है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में इस दौरान धान की बुआई की जा रही है। अनुमान है कि अगस्त महीने में मानसून सक्रिय रहेगा।

## मैनहर्ट ने सरयू राय पर किया ₹100 करोड़ की मानहानि का मुकदमा



**रांची।** मैनहर्ट कंपनी ने विधायक सरयू राय के खिलाफ सिविल कोर्ट में 100 करोड़ रुपये की मानहानि आरोप लगाते हुये याचिका दायर की है। मैनहर्ट ने अपनी याचिका में कहा है कि सरयू राय की वजह से कंपनी बदनामी हो रही है। इसके कारण कंपनी को काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। सरयू राय बिना किसी ठोस आधार के मेसर्स मैनहर्ट सिंगापुर प्राइवेट लि. कंपनी को विवादित बनाते हुये बार-बार मुद्दा उठाते रहे हैं। इससे कंपनी की छवि खराब हो रही है। इधर, सरयू राय ने कहा है कि अब सफेदपोशों को बेपर्दा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने मानहानि मुकदमा का मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही है।

# सीसीएल के 171 तौल पुलों का किया जायेगा निरीक्षण




कंपनी के कमांड क्षेत्रों में वेटब्रिज जागरुकता सप्ताह अभियान शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के मार्गदर्शन में सीसीएल के सतर्कता विभाग ने सभी कमांड क्षेत्रों में वेटब्रिज जागरुकता सप्ताह निरीक्षण अभियान शुरू किया है। यह 14 अगस्त 2024 तक चलेगा। इसका उद्देश्य सड़क के तौल पुलों के उचित संचालन और रखरखाव के बारे में अधिकारी, कर्मचारी और हितधारकों को जागरूक करना है। पूरे सप्ताह के दौरान परिचालन मानकों और रखरखाव प्रोटोकॉल के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीसीएल के कमांड क्षेत्रों में 171 तौल पुलों का निरीक्षण किया जायेगा।

जागरुकता अभियान में तौल पुलों के संचालन और रखरखाव के सभी पहलुओं को शामिल किया जायेगा। इसके माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए अपनाई जाने वाली प्रथाओं के बारे में ज्ञान पैदा किया जायेगा।

गौरतलब है कि कोयला कंपनियों में **वे-ब्रिज** एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसका उपयोग कोयला ले जाने वाले लोडेड और खाली वाहनों के वजन को मापने के लिए किया जाता है। यह प्रणाली परिवहन जा रहे कोयले का सटीक माप सुनिश्चित करने में मदद करती है। परिवहन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित हो सकता है। **वे-ब्रिज** कोयला कंपनियों की परिचालन दक्षता के लिए अभिन्न अंग हैं, यह सुनिश्चित करता है कि सभी कोयले का लेनदेन सही तरीके से दर्ज हों। गलत माप के कारण संभावित वित्तीय नुकसान को रोका जाये।

इंडो डेनिश टूल रूम, जमशेदपुर के पूर्व डीजीएम समेत तीन की अग्रिम जमानत पर हाईकोर्ट से राहत

## ईडी कोर्ट की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने का आदेश रद्द

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के पूर्व डीजीएम आशुतोष कुमार, पत्नी चयनिका एवं रिश्तेदार केशव वत्स की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी की विशेष अदालत द्वारा इन तीनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही प्रार्थी को आदेश दिया कि वे तारसेम लाल बनाम ईडी के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए सीआरपीसी की धारा 88 के तहत 2 सप्ताह में पीएमएलए कोर्ट में बॉन्ड दाखिल करें। ईडी ने इनपर अवैध तरीके से की गई कमाई को मनी लांड्रिंग करने के आरोप में केस दर्ज किया है। ईडी ने पीएमएल एक्ट के सुसंगत धाराओं के तहत आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी चयनिका कुमारी एवं रिश्तेदार केशव वत्स को मामले में आरोपी बनाया है।

कृषि मंत्री से मिले राजद के नेता, कहा

# समय पर किसानों के बीच खाद-बीज का वितरण हो



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद ने राज्य सरकार द्वारा किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण माफ करने के फैसले का स्वागत किया है। प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव और महासचिव कैलाश यादव के नेतृत्व में राजद नेताओं ने कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से शुक्रवार को उनके धुर्वा स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, डेयरी और मछली पालन करनेवालों की सब्सिडी के संबंध में बातचीत की। कृषि मंत्री को बताया कि सही समय पर किसानों को खाद-बीज का वितरण किया जाना चाहिए, ताकि समय से रोपनी कार्य पूरा हो जाए। किसानों को हर हाल में समय पर खाद-बीच उपलब्ध कराने को कहा गया। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से ऐसा ही होगा और अब शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

**किसानों के दो लाख तक ऋण माफी की सराहना की :** इस बारे में प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि पूर्व में सरकार द्वारा महज 50 हजार रुपये ऋण माफी की योजना थी, लेकिन जब दीपिका पांडेय सिंह ने कृषि मंत्री का पदभार संभाला, तो उन्होंने पहला फैसला किसानों का दो लाख रु तक ऋण माफी का लिया था। इस फैसले से लगभग 4.75 लाख किसानों को लाभ होगा। कृषि मंत्री ने ऐतिहासिक काम किया है। प्रतिनिधिमंडल में रामकुमार यादव, शब्बर फातमी, चंद्रशेखर भगत, महादेव ठाकुर, उमेश निषाद भी शामिल थे।

## जमीन माफिया कमलेश से और चार दिन होगी पूछताछ

**रांची।** जमीन घोटाले में जेल में बंद भू-माफिया कमलेश कुमार सिंह उर्फ कमलेश शर्मा से ईडी की पूछताछ आगे जारी रहेगी। ईडी ने शुक्रवार को 5 दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपी कमलेश सिंह को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। साथ ही, चार और दिन की ईडी रिमांड का आवेदन दिया गया। सुनवाई के पश्चात कोर्ट ने और चार दिन तक पूछताछ जारी रखने की अनुमति प्रदान की। ईडी अब तक 10 दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। ईडी की ओर से कहा गया कि यह बहुत बड़ा घोटाला है। इससे जुड़े कई लोगों को पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। उन सभी से पूछताछ की जानी है। यह पूछताछ कमलेश के सामने ही की जायेगी। उसको देखते हुये रिमांड अवधि बढ़ाई जाये। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद 13 अगस्त को अदालत में पेश किया जायेगा। ईडी ने कमलेश को 31 जुलाई को जेल से अपने साथ ले गई है। ईडी ने 26 जुलाई को पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया था।

# एनआइए ने अमन साहू गिरोह के आकाश को लिया रिमांड पर

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने सिमडेगा जेल परिसर से मोबाइल बरामद होने के बाद अमन साहू गिरोह के अपराधी आकाश राय उर्फ मोनू द्वारा इस्तेमाल करने की बात सामने आयी जिसके बाद एटीएस की टीम की कार्रवाई के बाद एनआइए की टीम ने आकाश को रिमांड पर लिया है। आशंका है कि आकाश इस स्मार्ट मोबाइल का इस्तेमाल करता था। उसी स्मार्ट फोन से व्यवसायियों से लेवी मांगने और धमकी देने का मामला सामने आया है। बरामद मोबाईल से झारखंड के गढ़वा, रांची और छत्तीसगढ़ के रायपुर तक कॉडिनेट किया जाता था।

# होमगार्ड जवानों की सैलेरी बढ़ेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के होमगार्ड जवानों की सैलरी अब लगभग दोगुना हो जायेगी। कैबिनेट के निर्णय के बाद इस पर मुहर लगेगी। वर्तमान में होमगार्ड जवानों को 15000 रुपये मानदेय मिलता है, इसे बढ़ाकर अब 32,600 रुपये तक किया जायेगा। नये सिरे से कैबिनेट सचिव स्तर से इस फाइल को बढ़ा दी गयी है। इस पर अब सरकार जल्द ही निर्णय लेगी। इसका लाभ पहले काम कर रहे 19 हजार से अधिक होमगार्ड जवानों को मिलेगा, साथ ही नये बहाल हुए जवानों को भी वेतन बढ़ोतरी का लाभ दिया जायेगा।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2024 को होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों की तरह समान काम, समान वेतन देने के झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की अर्जी को खारिज कर दिया था। इससे होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के समान वेतन का रास्ता साफ हो गया था।

होमगार्ड जवानों अजय प्रसाद एवं अन्य ने पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य लाभ के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। प्रार्थियों का कहना है कि होमगार्ड का पोस्ट सिविल पोस्ट है, क्योंकि वह पुलिसकर्मियों की तरह ड्यूटी करते हैं, इसलिए नियमित पुलिसकर्मियो की तरह ही उन्हें लाभ दिया जाये।

# राजनीतिक न्याय के तहत 33 फीसदी महिला आरक्षण विधेयक लागू करे केंद्र : अलका लंबा

एससी-एसटी और पिछड़े वर्ग की ओबीसी बहनों की भागीदारी होगी सुनिश्चित




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षा अलका लांबा ने कहा कि राजनीतिक न्याय के तहत 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू किया जाए। इस आरक्षण में एससी-एसटी और पिछड़े वर्ग की ओबीसी बहनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और कानून लागू किया जाए। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां भी इस पर चर्चा कर इसे लागू किया जाए। उन्होंने मांग सामने रखते हुए कहा कि आज महिलाएं बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई का शिकार हो रही हैं। जिसके कारण महिलाओं को घरेलू हिंसा भी सहनी पड़ रही है। हम सभी महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण करने की मांग करते हैं। अलका लंबा शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रही थीं। इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी हीना लिखीराम कावड़े, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह व महिला ऑबर्जवर मौजूद थी।

वहीं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि शनिवार 10 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 5 बजे तक तुपुदाना स्थित राजविला बैंक्वेट हॉल में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अलका लांबा एवं प्रदेश झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर भाग लेंगे। इसके पश्चात शाम 5:30 बजे पुरानी विधानसभा से बिरसा चौक तक आधी आबादी पूरा हक मिलने तक के तहत रेड कपड़ों में शक्ति प्रदर्शन, मशाल जुलूस निकाला जायेगा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बनायी रणनीति हर बूथ पर एक महिला कांग्रेस कार्यकर्ता रहेगी मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ बेहतर प्रदर्शन कर सकें, इसके लिए पार्टी के सभी प्रमुख विभागों ने तैयारी शुरू कर दी है। 10 अगस्त को रांची के तुपुदाना में होने वाली महिला कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पहले प्रदेश कार्यालय में महिला कांग्रेस से जुड़ी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में रांची विधानसभा महिला कांग्रेस पर्यवेक्षक पूजा आनंद ने पार्टी पदाधिकारियों को टास्क दिया कि विस चुनाव में हर बूथ पर महिला कांग्रेस की एक कार्यकर्ता की मौजूदगी सुनिश्चित होनी चाहिए।

**क्षेत्र की महिलाओं से मिलने का आह्वान :** पूजा आनंद ने महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे क्षेत्र में जाएं, समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं से मिलें, उन्हें बताएं कि उनके नेता राहुल गांधी आधी आबादी के विकास के लिए क्या सोचते हैं। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया दीदी, महिला शिक्षिका, नर्स बहनें, खेती-किसानी करने वाली महिला किसान जैसे कई अलग-अलग वर्ग हैं, जहां महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पहुंचना होगा और उन्हें कांग्रेस की योजनाओं की जानकारी देनी होगी।

**मतदाताओं का नाम जोड़ना प्राथमिकता :** बैठक के दौरान कांग्रेस नेता और रांची विधानसभा चुनाव पर्यवेक्षक पूजा आनंद ने रांची जिले की महिला कांग्रेस पदाधिकारियों से पूछा कि पिछले लोकसभा चुनाव में कितने लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे तब उन्होंने बताया कि करीब एक लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे। उन्होंने कहा कि अब हमारी प्राथमिकता उन लोगों के नाम जोड़ने की होनी चाहिए जो वास्तविक मतदाता हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं।



**महिला आरक्षण को लेकर गांव-गांव जायेंगी कार्यकर्ता :** बैठक के बाद कांग्रेस नेत्री नीतू देवी ने बताया कि हाल ही में महिला कांग्रेस ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन किया था। अब कांग्रेस इसे गांव-गांव और प्रखंड तक ले जाएगी और जनता को बताएगी कि किस तरह केंद्र की मोदी सरकार ने संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण बिल पास किया, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया। महिला कांग्रेस महंगाई के मुद्दे पर भी पूरे राज्य में आंदोलन करेगी।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
10.08.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 32



12 स्त्री 2 का नया गाना 'खूबसूरत' रिलीज

## रांची में दो दिनी आदिवासी महोत्सव का रंगारंग आगाज, सीएम बोले
# आदिवासियों का अस्तित्व मिटने नहीं देंगे

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** राज्य सरकार की ओर से आयोजित दो दिनी झारखंड आदिवासी महोत्सव का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ। आदिवासी महोत्सव में अन्य राज्यों से जनजातीय कला को प्रदर्शित करने के लिए कलाकार भी आमंत्रित किये गये हैं। सभी कलाकार दो दिन अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। महोत्सव आदिवासी जीवन दर्शन और कला-संस्कृति को अलग पहचान देने का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दीप जला कर संयुक्त रूप से समारोह का उदघायन किया। उदघाटन के पूर्व मुख्य अतिथि राज्यपाल ई-रिक्शा पर बैठकर मुख्य गेट से मंच तक लाया गया। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएम ने हेमंत ने की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने पेसा कानून लागू करने पर जोर दिया। वहीं हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज कैसे आगे बढ़े, इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों से आये जनजाति समुदाय के कलाकारों ने आकर्षक नृत्य पेश कर सबको झुमा दिय।

## विकास मानकों में अब भी हम पीछे : हेमंत

- यह महोत्सव आदिवासी जीवन दर्शन संजोने, पहचान दिलाने का बेहतर प्रयास
- आदिवासियों ने कभी अपनी सभ्यता- संस्कृति से समझौता नहीं किया



**रांची।** आदिवासी महोत्सव को संबोधित करते हुए सीएम श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड को सोने की चिड़िया कहते हैं लेकिन, विकास मानकों में यहां के लोग अभी भी पीछे हैं। पूववर्ती सरकारों ने राज्य हित में कोई काम नहीं किया। आज हमारी सरकार से जनता को काफी उम्मीदें हैं। हम जन आकांक्षाओं को पूरी ताकत के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला कर लोगों को सशक्त और स्वावलंबी बना रही है। विपरीत चुनौतियों के बीच आपकी सरकार आज राज्य में विकास को नया आयाम देने में लगी है। इसमें आम नागरिक के तौर पर आपकी भी भूमिका जरूरी है। आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिये सरकार कटिबद्ध है। हर समय आपके सामने आपकी सरकार खड़ी है।

### झारखंड की धरती पर जन्म लेना गर्व की बात

सीएम ने कहा, हमें गर्व है कि हमने एक ऐसे धरती पर जन्म लिया, जिसको झारखंड ही नाम नहीं बल्कि वीरों की धरती भी कहा जाता है। जहां भगवान बिरसा मुंडा जैसे वीर शहीद हमारे पूर्वजों के रूप में हैं। जिन्होंने यहां के आदिवासियों- मूलवासियों के लिए अपने आपको कुर्बान किया। झारखंड के आदिवासियों को विरासत में संघर्ष मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य में तीसरी बार विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। आदिवासी समाज देश दुनिया में फैला है और झारखंड ने आदिवासी सांस्कृति सभ्यता के होने जल, जंगल, जमीन की रक्षा और अधिकार के संघर्ष करके दुनिया को दिखाया है। सीएम ने कहा कि झारखंड के लिए किस तरह से लंबी लड़ाई लड़ी गयी और उनके पिता शिबू सोरेन और उनके साथियों की क्या भूमिका रही।

(शेष पेज 11 पर)

### जनजातीय सभ्यता सबसे प्राचीन

सीएम ने कहा कि जनजातीय सभ्यता दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है। आदि काल से ही आदिवासियों की सभ्यता .संस्कृति और परंपरा काफी समृद्ध रही है। आदिवासी समाज के बाद ही अन्य समाजों का सृजन हुआ। दुनिया में अलग-अलग हिस्सों में आदिवासी समुदाय वास करते हैं, लेकिन उनके सभ्यता संस्कृति में कहीं न कहीं एकरूपता देखने को मिलती रहती है। उन्होंने कहा, भावी पीढ़ी के लिए जनजातीय कला संस्कृति और परंपरा को सुरक्षित करने के साथ समृद्ध करने की जरूरत है।

## राज्य में जल्द लागू होगा पेसा कानून : राज्यपाल

### सभी के प्रयास से ही उन्नत झारखंड बनेगा

समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि आदिवासी समुदाय की संस्कृति पर हम सभी को गर्व होना चाहिए और उसे संरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। जनजातीय समुदाय के पारंपरिक शासन व्यवस्था को झारखंड में लागू किया जाना आवश्यक है। देश में झारखंड एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां अनुसूचित क्षेत्रों तक पंचायत विस्तार (पेसा) कानून लागू नहीं है। उन्होंने सीएम से पेसा कानून को जल्द लागू कराने का आग्रह किया। राज्यपाल शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित महोत्सव में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखंड के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। पीएम मोदी के प्रति आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

(शेष पेज 11 पर)



## भव्य रूप में दिखेगा तपोवन मंदिर
### भूमि पूजन के साथ नये मंदिर का प्रारूप जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अयोध्या श्रीराम मंदिर के तर्ज पर रांची में भव्य श्रीराम जानकी मंदिर बनने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। शुक्रवार को ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भूमि पूजन के साथ मंदिर के प्रारुप का अनावरण किया गया। इस मौके पर तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने कहा कि श्रीराम जानकी मंदिर भव्य रूप में 2028-29 तक बन कर दिखेगा। मंदिर नागर शैली में सिर्फ पत्थर से ही निर्मित होगा। इसके लिए नक्शा पास कराया जा चुका है।

### चपंत राय ने दी शुभकामना

समारोह में भाग लेने आये अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस मंदिर का प्रारूप उन्होंने ही तैयार किया है, जिन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की भव्य मंदिर का प्रारूप तैयार किया था। श्री राय ने तपोवन मंदिर के नये रूप में आने वाले समय में दिखने की शुभकामना देते हुए कहा कि इस स्थल के प्रति आस्था लोगों की देखते बन रही है।



### सीएम हेमंत सोरेन बोले , हर संभव देंगे

तपोवन मंदिर में कार्यक्रम समाप्ति के बाद सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद उन्होंने महंत से नये मंदिर के प्रारूप को देखा और जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हर संभव सहयोग का भरोसा मंदिर प्रबंधन को दिया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि तपोवन स्थल से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है और इसके विकास के लिए कदम भी गये हैं। हमारी ओर से हरसंभव सहयोग मंदिर प्रबंधन को दिया जायेगा। इस मौके पर सुबोधकांत सहाय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक राजेश कच्छप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## मोदी कैबिनेट ने दी 8 नये रेलवे प्रोजेक्ट को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक रेलवे के 8 नये प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। बैठक के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन आठ नयी रेलवे लाइन परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी बढ़ाना, यात्रा को आसान बनाना है। साथ ही लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना, तेल आयात में कटौती करना और सीओ-2 उत्सर्जन को कम करना है। इन 8 बड़ी रेलवे परियोजनाओं से आकांक्षी जिलों, आदिवासी बहुल निर्वाचन क्षेत्रों, सभी को विकास का एक बड़ा माध्यम मिलेगा। इनमें से 3 परियोजनाएं ओड़िशा के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्से की हैं। बैठक में 3 करोड़ और नयेघरों के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत चर्चा हुई है। यह पीएम मोदी के शुरूआती वादों में से एक था। इसके लिए बजट प्रावधान 3,60,000 करोड़ रुपये का होगा। 2 करोड़ घर ग्रामीण क्षेत्रों में और 1 करोड़ घर शहरी क्षेत्रों में होंगे।

## 11 को होनेवाली नीट-पीजी टालने की याचिका खारिज

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की मांग से संबंधित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इसमें दावा किया गया था कि अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किये गये हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि वह पांच छात्रों के लिए दो लाख छात्रों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकते। बेंच ने कहा, हम ऐसी परीक्षा को कैसे स्थगित कर सकते हैं। आजकल लोग बस परीक्षा स्थगित करने के लिए कहते हैं। यह एक आदर्श दुनिया नहीं है। हम अकादमिक विशेषज्ञ नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातकोत्तर) (नीट-पीजी) को पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता है, क्योंकि एक परीक्षा सुबह और एक दोपहर बाद होनी है। याचिका में कहा गया कि अनेक अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किये गये हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है। इसमें कहा गया कि परीक्षा संबंधी शहर 31 जुलाई को आवंटित थे और विशिष्ट केंद्र आठ अगस्त को घोषित किये जायेंगे। यह परीक्षा पहले 23 जून को आयोजित होनी थी। कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे एहतियाती उपाय के रूप में स्थगित कर दिया था। हेगड़े ने कहा, मुझे परीक्षाओं के परसों आयोजित होने पर कोई आपत्ति नहीं है। सीजेआई ने कहा कि अदालत परीक्षा को पुनर्निर्धारित नहीं करेगी और इसमें दो लाख छात्र हैं, और पांच याचिकाकर्ताओं के

## चाय पर मोदी-राहुल और सांसदों मे कई मुद्दों पर चर्चा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद शुक्रवार को अनौपचारिक चाय बैठक में पीएम मोदी और राहुल गांधी ने एक दूसरे का अभिवादन किया और गर्मजोशी से नमस्ते किया। राहुल गांधी ने राजनाथ सिंह से यूक्रेन की स्थिति के बारे में पूछा, जिस पर रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत इस पर कड़ी नजर रख रहा है। अनौपचारिक बैठक के दौरान बाकी प्रमुख दलों के भी नेता मौजूद रहे। भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति पर उनकी चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकसभा में शुक्रवार को बंगलादेश के घटनाक्रम पर चिंता जतायी गयी और वहां हिन्दू अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए समुचित कदम उठाये जाने एवं पूर्वी सीमाओं को भी सील करने की मांग की गयी। भाजपा के दिलीप सैकिया ने कहा कि बंगलादेश के घटनाक्रम चिंताजनक है।

## खाताधारकों को अब मिलेगी चार नॉमिनी की सुविधा
### बैंकिंग कानूनों में संशोधन से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पेश

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** बैंक में जमाकर्ताओं को की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने और ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के लिए शुक्रवार को लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया गया। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस विधेयक में एक बैंक खाताधारक को अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ने का प्रावधान करने का प्रस्ताव दिया गया है। संसद में पेश बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 में एक बैंक खाताधारक को अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ सकते हैं। प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य शासन मानकों में सुधार करना, बैंकों द्वारा आरबीआई को रिपोर्टिंग में निरंतरता सुनिश्चित करना, जमाकर्ताओं और निवेशकों के लिए सुरक्षा बढ़ाना, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऑडिट गुणवत्ता में सुधार करना और निदेशकों (अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर) के कार्यकाल का विस्तार करना है।



**और क्या है संशोधन विधेयक में :** इसके अतिरिक्त, विधेयक भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 38ए और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 10बी में संशोधन करना चाहता है। ये संशोधन दावा न किये गये लाभांश, शेयरों और ब्याज के हस्तांतरण या निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में बांड के मोचन को सक्षम करेंगे, जिससे व्यक्तियों को फंड से हस्तांतरण या रिफंड का दावा करने की अनुमति मिलेगी, जिससे निवेशकों के हितों की रक्षा होगी।

### रिपोर्टिंग में निरंतरता

प्रस्तावित विधेयक में बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 18, 24, 25 और 56 और आरबीआई अधिनियम की धारा 42 में संशोधन शामिल हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### ग्राहकों की सुविधा

सरकारी सूत्रों के अनुसार विधेयक की विशेषताओं में बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 45ड़अ, 45ड़उ और 45ड़ए में संशोधन शामिल हैं, जो अधिकतम चार नामांकित व्यक्तियों को अनुमति देगा। विधेयक एक साथ और क्रमिक नामांकन के प्रावधान भी पेश करता है, जो जमाकर्ताओं और उनके कानूनी उत्तराधिकारियों के लिए अधिक लचीलापन और सुविधा प्रदान करता है। विशेष रूप से जमा, सुरक्षित हिरासत में वस्तुओं और सुरक्षा लॉकर के संबंध में। इसके अतिरिक्त, विधेयक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की धारा 38 ए में संशोधन करना चाहता है।

## 17 महीने बाद जेल से छूटे मनीष सिसोदिया
### कहा-तानाशाही ने जेल भेजा, संविधान ने बचाया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आबकारी नीति के मामले में 17 महीनों से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर निकले। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आबकारी मामले में जमानत प्रदान कर दी है। तीन दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। शाम 6.50 बजे तिहाड़ जेल से निकलते ही मनीष सिसोदिया अरविंद केजरीवाल के घर गये और परिजनों से मिले। अपनी पहली प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा, तानाशाही से जेल में डाला पर संविधान ने उन्हें बचाया। श्री सिसोदिया ने कहा हमारे नेता केजरीवाल भी अब शीघ्र रिहा होंगे। अदालत ने जमानत में कुछ शर्तें भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार का अपना निर्णय सुनाते हुए टिप्पणी की कि जमानत के मामले में उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट ने बहुत ही सतर्कता बरती है।

(शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### आलम को झटका जमानत याचिका खारिज

**रांची।** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार को कोर्ट ने आलमगीर की बेल खारिज कर दी है। 15 मई को इडी ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### बजट सत्र उपयोगी रहा : ओम बिरला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को निर्धारित कार्य दिवसों से एक दिन पहले अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा, सत्र काफी उपयोगी रहा। श्री बिरला ने कहा कि बजट सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 136 प्रतिशत रही। बजट 2024-25 पर 27 घंटे 19 मिनट चर्चा की गयी और उस पर मतदान किया गया। बजट सत्र के दौरान 96 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिये गये। उन्होंने कहा कि बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू हुआ था और इसकी 15 बैठकें हुईं, जो 115 घंटे तक चलीं।

### जादू-टोना के शक में बाप-बेटे समेत 3 की हत्या

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के एक गांव में एक आदिवासी परिवार के तीन सदस्यों की कथित रूप से उन्हीं के समुदाय के लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। कुछ लोग इसे जादू-टोना मामले से जुड़ा मामला बता रहे हैं। मृतकों की पहचान अर्जुन सिंह (60), उनके पुत्र गोविंद (30) और उसके रिश्तेदार धूप सिंह (45) के रूप में की गयी। पुलिस ने बताया कि घातक हमले के दो मुख्य आरोपियों में से एक तिलक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपराधियों ने लाठी-डंडों से पीट-पीट कर तीनों को मौत के घाट उतार दिया।

### बेटे ने अपनी वृद्ध मां को मौत के घाट उतारा

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र के नवाडीह बस्ती में बेटे मानुएल कुजूर ने कुल्हाड़ी से मारकर अपनी वृद्ध मां सेलिनाकुजूर (80) की नृशंस हत्या कर दी। आरोपित मानुएल कुजूर पूर्व में भी अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में सजा काट चुका है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है।

### पलामू बाल गृह के बच्चे की बीमारी से मौत

**पलामू।** बाल गृह के एक बीमार बच्चे की मौत शुक्रवार को हो गयी। वह काफी दिनों से बीमार था। कुछ महीने पहले उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स से इलाज करवाने के बाद बच्चे को वापस बाल गृह लाया गया था। शुक्रवार को फिर अचानक तबीयत बिगड़ी और दम तोड़ दिया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 84000 रु./प्रति किलो |



## स्पीड न्यूज

### नवादा राजकीय उमवि में दस दिनों से मध्याह्न भोजन बंद

पाटन पलामू। प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम नवादा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दस दिनों से मध्यान भोजन बंद है। जब झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के शिविर में ग्राम नवादा के लोगो से पूछा गया तो वहा के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा में आज दस दिनों से मध्यान भोजन बंद है। जब एमडीएम बंद का कारण रसोइया निरावती देवी से पूछा गया तो वो बोली चावल नही रहने का कारण एमडीएम बंद है। जिसका सूचना ग्राम पंचायत सगुना मुखिया को विद्यालय के शिक्षक/प्रबंधक समिति के अध्यक्ष संयोजिका के द्वारा किसी प्रकार का कोई सूचना नहीं दिया गया।

### सूर्या सिंह ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का किया विरोध



हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद के युवा नेता सूर्या सिंह ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार मानवीयता के खिलाफ हैं, और इसके बावजूद दुनिया इस मुद्दे पर मौन है। उन्होंने भारत के विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जहां वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है, वहीं बांग्लादेशी हिंदुओं के प्रति हो रहे धार्मिक उत्पीड़न पर किसी ने अब तक एक शब्द तक नहीं कहा है। सूर्या सिंह ने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और भारत सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए। उन्होंने इस मामले में सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की। सूर्या ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है और #हिन्दुज आर नॉट सेफ इन बांग्लादेश जैसे हैशटैग का उपयोग करते हुए हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की। उनके इस बयान के बाद, हुसैनाबाद क्षेत्र के लोगों में भी इस मुद्दे को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

### अधिवक्ता श्यामनरायन राम की हुई मौत



हुसैनाबाद पलामू। शहर के वार्ड नंबर 2 मेहदीनगर निवासी व जिला न्यायालय के वरिष्ठ एडवोकेट श्यामनरायन राम 65 वर्ष का गुरुवार को रात्रि करीब 8 बजे मृत्यु हो गयी। बताया जाता हैं कि वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार अहले सुबह जब उनकी मौत की खबर फैली तो उनके पैतृक आवास पर भारी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दल ,व सामाजिक कार्यकर्ता उनके घर पर पंहुचे। इधर जिला बार एसीओएशन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दल उनके घर पंहुच कर परिवार जनों को ढांढस दिया और दु:ख के समय धर्य रखने की कामना किया। साथ ही उनकी अंतिम क्रिया हेतु सहायता राशि दी गयी। साथ कहा गया कि जिला न्यायालय में सभी अधिवक्ताओं के चहेते रहे है हम सभी लोग उनके परिवार के साथ है। विदित हो कि स्व श्यामनरायन राम का वकालत के क्षेत्रों में लंबा अनुभव रहा है। वे एससीएसटी अस्पेशल कोर्ट में लोक अभियोजक भी रहे तथा कई मामलों को सरलतापूर्वक निष्पादित कराने में कामयाबी हासिल किया है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, महासचिव अजय पाण्डे, कोषाध्यक्ष जयकिशोर पाठक, अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह, प्रेमतोष कुमार सिंह, मधुलता रानी समेत कई लोग शामिल थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कैरियर फेस्ट (आजीविका उत्सव) का आयोजन



मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों के द्वारा कैरियर फेस्ट (आजीविका उत्सव) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा दसवीं एवं बारहवीं उत्तीर्ण होने के उपरान्त पढ़े जाने वाले विषय व आजीविका संबंधी विविध विषयों के चयन संबंधी संपूर्ण जानकारी दी गई। विज्ञान संकाय को लेकर जीव वैज्ञानिक, चिकित्सक, भौतिक वैज्ञानिक, ऊर्जा वैज्ञानिक, राष्ट्रीय सुरक्षा रक्षक, जनसेवक जैसे पदों में भविष्य के निर्माण की संभावना अत्यधिक है। गणित विषय के साथ अर्थशास्त्री, सांख्यिकी विशेषज्ञ, अनुप्रयुक्त विशेषज्ञ, गणित, वैदिक गणित विशेषज्ञ, जैसे पदों में भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। वाणिज्य संकाय के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट, कम्पनी सेक्रेटरी, वकील, अर्थशास्त्री, मैनेजर जैसे पदों में भविष्य निर्माण करते हैं। कला संकाय के साथ आईएएस, आईपीएस, संगणक, वकालत इत्यादि पदों में भविष्य के निर्माण की संभावना है। इस आयोजन को देखकर आठवीं से बारहवीं तक के छात्रों द्वारा लाभ लिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने ग्यारहवीं के छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम द्वारा छात्रों को समय पूर्व विषय व आजीविका के संदर्भ में ज्ञान होना मील का पत्थर साबित होगा। ऐसा आयोजन बच्चों में सक्रियता व ऊर्जा दोनों का संचार करती है।

### भाजपा नेताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संजय सिंह को दी बधाई



पाटन पलामू। पाटन मंडल के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष संजय सिंह को भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। मौके पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान, पाटन मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, मंडल कार्यसमिति सदस्य मनोरंजन प्रसाद, गौतम सिंह ,बुथ अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, विरेन्द्र सिंह, रौशन सिंह, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष यमुना प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने उनके आवास जाकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दिया। साथ ही भविष्य में पार्टी को और मजबूती प्रदान करने पर बल दिया।

### जिला पार्षद ने किया पथ का शिलान्यास

मोहम्मदगंज। जिला पार्षद अंजू देवी के अनुशंसा पर प्रखंड अंतर्गत गोडाडीह पंचायत के कवलपुरा गांव में 15 वे वित्त मद से मेहदी के घर से प्राथमिक विद्यालय तक पीसीसी पथ का शिलान्यास शुक्रवार को युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने किया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष अजित कुमार सिंह, ब्रह्मदेव राम, अमरीका पासवान, नागेंद्र गुप्ता, असेन्द्र पासवान, रोहित, बच्चन पासवान, बूटाई, दरोगा पासवान व ग्रामीण उपस्थित थे।

### हरिहरगंज : दो वारंटी गिरफ्तार

हरिहरगंज पलामू। स्थानीय पुलिस ने दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा। गिरफ्तार लोगों में ढाब बिजनीवार निवासी धनंजय कुमार मेहता उर्फ कल्पू तथा लादी ग्राम निवासी विनय सिंह शामिल है। पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि वारंटियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### दस वर्षों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

पाटन पलामू। नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने दस वर्षों से फरार अभियुक्त रफीक खान पिता अलीम खान को गिरफ्तार कर गढ़वा कोर्ट में भेज दिया है। जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया। दो केस में गढ़वा कोर्ट ने वारंट जारी किया था

### नागपंचमी में कधवन बक्स बाबा धाम पर लगा वार्षिक मेला, उमड़े श्रद्धालु



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत कधवन गांव स्थित बक्स बाबा धाम पर नागपंचमी के दिन भव्य वार्षिक मेला लगा। मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद, दिनेश प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ दाऊ मिश्रा सहित कई दिग्गन मेला में पहुंचे। बक्स बाबा धाम के पुजारी मथुरा पाठक ने बताया कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से नाग बाबा की पूजा कर मनोकामना मांगता है वह अवश्य पूर्ण होता है।

## नाग देवता की कृपा सबों पर बनी रहे : अरुणा शंकर







**कलश यात्रा में शामिल हुई प्रथम महापौर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नाग पंचमी पूजा के शुभ अवसर पर ग्राम बोकेया प्रखंड चैनपुर में विराट नाग पंचमी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम महापौर अरुणा शंकर, विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित थे। तीनों ने मिलकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलाल चौरसिया, पूर्व जिप संतु चौरसिया, पथरिया मुखिया रानी सिंह, नाग पंचमी समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी, सचिन एवं मनसंचालन कर्ता ब्रह्मदेव चौधरी, कोषाध्यक्ष मुनि चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, श्वेतांक गर्ग, ईश्वर चंद, आशीष भारद्वाज समेत कार्यकर्ता तथा चैनपुर प्रखंड के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने नाग पंचमी पूजा का सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही नाग बाबा के दरबार में विराजमान सभी लोगों को बाबा की कृपा हमेशा सभी लोगों पर बनी रहे बाबा से प्रार्थना की।

## दाल सह बेसन प्रसंस्करण इकाई खुलने से क्षेत्र में रोजगार का अवसर बढ़ेगा : डॉ मेहता

>> विधायक व सांसद ने नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम बसौरा में दाल सह बेसन प्रसंस्करण इकाई स्थापना कार्य का शिलान्यास किया





खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड स्टेट आदिवासी को ऑपरेटिव वेजिटेवल मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के तत्वावधान में नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम बसौरा में दाल सह बेसन प्रसस्करण इकाई स्थापित किया जायेगा। मौके पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने स्थापना कार्य का शिलान्यास किया। पांकी विधायक ने कहा कि बसौरा में दाल सह बेसन प्रसस्करण इकाई स्थापित होने से क्षेत्र में रोजगार का अवसर बढ़ेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को काम भी मिलेगा। इससे क्षेत्र से बेरोजगारी दूर होगी और पलायन भी रूकेगा। उन्होंने पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत्त हैं। दाल सह बेसन प्रसस्करण इकाई स्थापित होने से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। पांकी विस क्षेत्र में छोटे छोटे उद्योग लगना मील का पत्थर साबित होगा। दाल सह बेसन प्रसस्करण इकाई स्थापित होने से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही क्षेत्र से पलायन की समस्या दूर होगी। इकाई क्षेत्रवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर छेदी सिंह, अध्यक्ष दयानंद सिंह, त्रिवेणी सिंह, सुनील पासवान समेत कई लोग शामिल थे।

**लाभ से वंचित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच सिलाई मशीन व उपहार वितरण**

## विस क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना है : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता





**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में जेएसएलपीएस की महिलाओं के बीच सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया। अंतिम दिन पांकी प्रखंड के पंचायत ढुब, पंचायत सकलदीपा में लाभ से वंचित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच विधायक डा शशिभूषण मेहता ने सिलाई मशीन व उपहार का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पांकी विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सभी महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कहा कि पांकी क्षेत्र की महिलाएं हर मामले में आगे हैं। इनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सिलाई मशीन से ही घर में ही रोजगार कर आय बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पांकी विस का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता है। लोगो को बुनियादी सुविधा मिले इसके लए प्रयासरत हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मंजुलता दूबे, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, मनातू मंडल अध्यक्ष अंतु यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, ओबीसी जिलाउपाध्यक्ष संजय कुमार, रंजय ठाकुर, ढुब मुखिया पति यशवंत कुमार, महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष नीलम सिंह, पंसस कमेश यादव, रिया शर्मा, प्रो बच्चन ठाकुर, महेंद्र कुशवाहा, पूर्व मुखिया अजय पासवान, कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, अरबिंद मेहता, संतोष वर्मा, सुधीर तिवारी, नम्रता, रीना देवी, प्रसिद्ध सिंह, लाला प्रसाद यादव, कार्तिक कुमार, गोपाल प्रसाद, मिथिलेश पासवान, दिलीप चौधरी शामिल थे।

## धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है कलश यात्रा : आलोक चौरसिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़/चैनपुर।** श्रावण मास के पवित्र महीने में नाग पंचमी के शुभ अवसर पर चैनपुर प्रखंड के ग्राम बोकेया में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया शामिल हुए। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कलश यात्रा में भाग लेकर अपनी आस्था और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजीवनी मिलती है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। विधायक चौरसिया ने सभी श्रद्धालुओं को नाग पंचमी और श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सुख, शांति, और समृद्धि की कामना की। कलश यात्रा के दौरान, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया, और पूरे गांव में धार्मिक गीतों और मंत्रों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा को पवित्र और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बताया। इस आयोजन ने ग्रामीणों को एक साथ आने और अपनी परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान किया। विधायक आलोक चौरसिया ने आयोजन की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा देता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करता है। इस तरह के आयोजनों से आने वाली पीढ़ियों में भी हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान और जागरूकता बनी रहेगी।

## भाकपा माओवादी जोनल कमांडर सीताराम रजवार गिरफ्तार

**पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

**बिहार-झारखंड के विभिन्न थानों में 51 कांड है दर्ज**

**झपिया पहाड़ जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देनेवाले थे नक्सली : एसपी रीष्मा रमेसन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीजीपी के निर्देश पर पूरे राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सली उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के नेतृत्व में अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। इसके तहत पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव के समीप झपिया पहाड़ जंगल में पुलिस ने दो तरफ से घेराबंदी कर भाकपा माओवादी के विरूद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि संगठन के नीतेश यादव अपने दस्ता के सदस्य सीताराम रजवार, संजय यादव उर्फ गोदराम एवं अन्य सदस्यों के साथ झपिया पहाड़ जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए रूका है। इस पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। इसमें हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव व अन्य सशस्त्र बल को शामिल कर छापेमारी किया गया। झपिया पहाड़ जंगल में पुलिस को देखते ही अन्य नक्सली भागने में सफल रहे लेकिन पुलिस ने सीताराम रजवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से इसके माओवादी सहयोगी राजेंद्र सिंह के द्वारा लिखा हुआ एक नक्सली पत्र बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि सीताराम रजवार पिता पच्चु रजवार ग्राम सलैया थाना एनटीपीसी जिला औरंगाबाद का रहनेवाला है। उन्होंने कहा कि संगठन में यह जोनल कमांडर है। इसे जोन नंबर दो का कमान सौंपा गया था। कई नक्सली घटनाओं को अंजाम देने में सीताराम रजवार शामिल होते हुए मुख्य भूमिका निभाया है। इसके विरूद्ध झारखंड सरकार द्वारा 10 लाख का ईनाम रखा गया था।

### समाजसेवी ने अपनी मां के नाम पर लगाया पौधा



सतबरवा। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पोंची गांव स्थित अपने आवासीय परिसर में एक पौधा मां के नाम पर फलदार आम का पौधा अपनी मां शैल देवी से लगवाया। इस कार्य में सिन्हा की धर्मपत्नी आरती देवी, पुत्री अमूल्या सिन्हा, श्रेया सिन्हा, सोनम सिन्हा और पुत्र अर्पित सिन्हा ने सहयोग किया। उन्होंने कहा कि आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी लोगों को अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने की जरूरत है। जिस प्रकार से हम अपनी मां का ख्याल रखते हैं उसी प्रकार पेड़ पौधा का भी देखभाल करना चाहिए।

### अपराधी बंटी शर्मा की छत से गिरकर मौत

हुसैनाबाद पलामू। शहर में किराए के मकान पर वर्षो से रह रहे डॉ एमएल शर्मा के बेटा बंटी शर्मा की छत से गिर कर मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बंटी शर्मा नाम के अपराधी नशे में धूत किसी के घर के छत पर भाग रहा था तभी रात्रि में भागने के क्रम छलांग लगाने में नीचे गली में नाली के पटिया पर जा गिरा जहां पर चोट आने से उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस घटना के छानबीन में जुट गई हैं। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना के साक्ष्य के आधार पर करावाई की जाएगी। इधर बंटी शर्मा की रहस्यमय मौत से शहर में चर्चा बनी हैं क्योंकि बंटी शर्मा 2018 में हुए पेट्रोल पंप के सामने बबलू सिंह हत्या के मुख्य आरोपी था।

### 11 अगस्त को होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से किया गया स्थगित

मेदिनीनगर। पलामू के असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 04/2023 की परीक्षा 11 अगस्त को आयोजित होने वाली थी, इसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। परीक्षा की अगली तिथि के निर्धारण होने पर सभी को सूचित किया जाएगा।

### पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर साटा इश्तेहार

सतबरवा पलामू। जिला सत्र न्यायाधीश पलामू के निर्देश पर एससी/एसटी अधिनियम के कई वर्षों से फरार अभियुक्त सतबरवा गांव निवासी प्रगास साव पिता स्व रघुनंदन साव के घर तथा सार्वजनिक स्थल पर मेलाटांड में सतबरवा थाना के एएसआई राजीव कुमार (टू) ने ग्रामीणों के समक्ष ढोल बजवाकर इश्तिहार चिपकाया। इस दौरान ग्रामीण पुलिस भवनाथ मांझी समेत कई लोग मौजूद थे।

### जल जंगल जमीन की बात करने वाले हेमंत भय भूख व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने मे लगे हैं : पाठक



विश्रामपुर (पलामू)। वरीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने कहा कि जल जंगल जमीन की बात करने वाले हेमंत सोरेन भय भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने मे पांच साल गुजार दिए। इनके कार्यकाल में अपराधी व उग्रवादी बेलगाम रहे। पाठक शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के बाद गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय के विश्रामपुर आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का यह आलम है कि सीएम सहित इनके कई अधिकारी जेल चले गए।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डीसी ने 1645 हेक्टयर भूमि के सामुदायिक वन पट्टा का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद, वन प्रमंडल पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत नावाबाजार प्रखंड के 12 ग्रामों में कुल 1645 हेक्टयर भूमि के सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया। इस दौरान समाहरणालय के सभागार में आये लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। सभी ने एक सुर में सरकार व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उपायुक्त रंजन ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि वनों पर निर्भर लोगों को उनका अधिकार देने के लिए सरकार व प्रशासन गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रशासन वन पट्टा हासिल करने के योग्य हर व्यक्ति को उसका हक दिलाने के प्रति संकल्पित है। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के अंतर्गत तीव्र गति से बड़ी संख्या में भूमिहीन पात्र लोगों के बीच वनपट्टा वितरण कराने की संपूर्ण कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त के सभागार में मौजूद ग्रामीणों से वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत वन क्षेत्र में निवास करनेवाले लोगों को उनके अधिकार की जानकारी पहुंचाने के सहयोग करने की अपील की। मौके पर उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,एनडीसी समेत नसवाबाजार से आये बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर पौधरोपण किया गया



**हरिहरगंज पलामू।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड तथा नगर पंचायत कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान परिसर में कई इमारती और फलदार पौधे लगाकर उसके पेड़ बनने तक देखभाल करने और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। मौके पर अंचल तथा नगर पंचायत के नाजिर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस जल जंगल के संरक्षण का संदेश देता है। कार्यक्रम में विश्वनाथ राम, जितेंद्र सिंह, श्याम कुमार, राहुल कुमार, विक्की आदि उपस्थित थे।

## मजदूर किसान डिग्री महाविद्यालय में फाइलेरिया उन्नमूलन जागरूकता विषय पर कार्यशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** फायलेरिया उन्मूलन दिवस के पूर्व 8 अगस्त गुरूवार को मजदुर किसान डिग्री महाविद्याल डंडार कला में फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी पांकी डॉ शनि सोरेन, विशिष्ट अतिथि दन्त चिकित्सक पांकी डॉ सपना लकड़ा, महाविद्यालय के सलाहकार रुनु करमाकर, पलामू जिला के फाईलेरिया नोडल पदाधिकारी अनूप तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ शनि सोरेन ने कहा कि फाईलेरिया बीमारी में मुख्य रूप से हाथ पैरों में सूजन बचपन में ही आ जाता है लेकिन सालों तक इसके लक्षण नहीं दिखाई देते। यह लाइलाज बीमारी है और संक्रमण रोग है। सरकार इसको रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पूरे झारखंड में स्कूली बच्चों सहित आम लोगो को भी फाईलेरिया की दवा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि फायलेरिया छोटे परजीवी कृमियों से होता है। इसमें शरीर में सूजन और बुखार हो सकता है साथ ही गंभीर मामलों में शरीर की बनावट बदल जाती है। त्वचा मोटा होने के साथ साथ पैरों में सूजन मुख्य लक्षण हैं। फाईलेरिया के जिला नोडल पदाधिकारी अनूप तिवारी ने कहा की फाईलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रमण रोग है। इसे हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। इससे बचाव के लिए साल में एकबार दवा सबको जरूर खानी चाहिए। डॉ सपना लकड़ा ने कहा कि अगर लंबे हाथ ,पैर में सूजन की समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है तो इसे फाईलेरिया का शुरूआती लक्षण माना जाता है। कार्यशाला का संचालन नेक समन्वयक डॉ राजेश्वर चौधरी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन आई क्यू ए सी राजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम की तैयारी में एन एस एस पीओ पुरुषोत्तम सिंह एवं एनसीसी के ए एन ओ आलोक कुमार पाठक का विशेष योगदान रहा। मौके पर सभी शिक्षक,शिक्षकेतर कर्मचारी, एन एस एस, एनसीसी कैडेट कोर एवं महाविधालय के सैकड़ों छात्र, छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप राम काफी सक्रिय दिखे।

## ओबीसी एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने नागपंचमी पर किया प्रसाद वितरण





खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर पलामू।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के द्वारा शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के कधवन बक्श बाबा के प्रांगण में खीर और शुद्ध जल के साथ भक्त जनों के बीच प्रसाद बांटा गया। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि इस इस नाग पंचमी के पावन अवसर पर आपके और आपके प्रिय जनों के लिए उत्सव और आध्यात्मिक से भरा हो तथा इस दिव्य पर्व को आनंद और भक्ति के साथ मनाए। भगवान शिव आपको सुख और समृद्धि प्रदान करें, महादेव के आशीर्वाद से आपको सभी दुख और परेशानियां दूर हो जाए। मुझे उम्मीद है कि यह नाग पंचमी आपके जीवन में प्रकाश, खुशी समृद्धि लाएगी, हम सब मिलकर महादेव से प्रार्थना करें कि हमें बुरी ऊर्जा से बचाए । इस पावन दिन पर मैं आपके लिए दुनिया के सभी सफलता और प्रेम की कामना करता हूं। मौके पर राहुल गुप्ता, रामराज राम, नंददेव यादव, सुकून साहू, महेंद्र प्रसाद, विश्वनाथ राम व अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर जिला प्रशासन ने परिसंपत्तियों का किया वितरण

# आदिवासी कार्यक्रमों के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का संदेश देते हैं : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**गुमला।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गुमला में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला विधायक भूषण तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला परिषद् उपाअध्यक्ष संयुक्ता देवी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अनवर बेलाल अहमद, शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि पूरे विश्व में आदिवासी लगभग 10 मिलियन हैं। विश्व में 60 हजार जनजातीय भाषा बोली जाती है। गुमला जिला आदिवासी बहुल जिलों में से एक है। जहां 70 प्रतिशत से अधिक आदिवासी जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्राकृतिक संरक्षण का संदेश देते हैं। आदिवासी समाज का संरक्षण एवं उन्हें आगे बढ़ाने में सहायता करना हम सब की जिम्मेदारी है। आज आदिवासी समाज आगे बढ़ रहा है, जिसके लिए झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन भी सहयोग कर रहे हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आदिवासी समाज समृद्ध समाज और ज्ञान का भंडार है। उपायुक्त ने कहा कि जब हम आदिवासी दिवस मनाते हैं तो कई लोग ऐसे भी होते हैं। जिनको यह अवसर नहीं मिलता है कि वे नजदीक से आदिवासी समाज को देख और समझ सकें कि आदिवासी समाज कितना समृद्ध और ज्ञान से भरा समाज है। उपायुक्त ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज के दिन सभी माता-पिता संकल्प लें कि आप अपने बच्चों की शिक्षा को पहली प्राथमिकता देंगे। जिला परिषद अध्यक्ष, अपर समाहर्ता, जिला परिषद उपाधीक्षक ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर जिले वासियों को विश्व आदिवासी दिवस के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समुदाय के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले के आदिवासी समुदाय के 06 ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में अच्छे प्रतिशत से अधिक अंक लाया है उन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान 15 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 22 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया। वहीं 8 लाभुकों को अनुदान राशि पर वाहन उपलब्ध कराया गया। वनाधिकार पट्टा के तहत विभिन्न प्रखंडों से कुल 9 समुदाय के बीच वन पट्टा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान गीत नाट्य का भी प्रदर्शन किया गया।

**झारखंड भवन नई दिल्ली में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया**

# जल, जंगल, जमीन आदिवासियों के जीवन का हिस्सा : सुखदेव

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड भवन नई दिल्ली में आज इस आदिवासी दिवस मनाया गया। सबसे पहले झारखंड भवन में स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, झारखंड के कृषि पशुपालन, सहकारिता एवं आपदा मंत्री दीपिका पांडे सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

मौके पर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासी धरती, सूर्य और प्रकृति के उपासक हैं, जल, जंगल, जमीन आदिवासियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह दिवस आदिवासी समुदायों की रक्षा करने और उनकी सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित करने के लिए समर्पित है। विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष का अवसर देता है। आदिवासी संस्कृति को संरक्षित रखने और उनकी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए।

## सात कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**लोहरदगा।** बक्सीडिपा से शुक्रवार को सुबह 8 :00 बजे सात कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। कांवरिया दल में शामिल मुंद्रिका यादव ने बताया कि वे लोग सुल्तानगंज से पवित्र गंगा का जल उठाकर 110 किमी पैदल चलकर देवघर में भगवान भोलेनाथ का जलार्पण करेंगे एवं लोहरदगा जिला सहित झारखंड प्रदेश एवं पूरे देश की सुख, शांति और समृद्धि का कामना करेंगे। कांवरिया दल में मुंद्रिका यादव, सीमा यादव, महेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, पूनम महतो, राधा देवी और रामधन कुमार शामिल हैं।


**Affidavit**

I, Nisha Tigga @ Titri Kachhap W/o late Shishir Leondard Tigga R/o Sarna Mandir, Village Nagri, P.O. Bukru, P.S. Kanke, District Ranchi, Jharkhand-834006 do hereby solemnly affirm and declare vide affidavit No-29, dated 01.08.2024, that in my educational certificate and other documents my name has mentioned as Titri Kachhap. my Aadhar No. is 9478 7678 9297. That after marriage my name has changed as Nisha Tigga. That Nisha Tigga & Titri Kachhap is the same and one person. That the statements made hereinabove are true & correct if found any wrong then I shall be responsible for the same.



**Information & Public Relations Department**
**Government of Jharkhand,**
**Suchana Bhawan, Ranchi.**

**Request for Proposal (RFP)**

Online RFP are invited from eligible reputed qualified firms /companies with sound Technical and Financial capabilities for **Selection of Agency for Mapping Show at Hatte Bazaar's in different Districts of Jharkhand.**

1.The following table provides a quick overview of the key activities and some important information about this RFP:

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1.1 | RFP Reference No. | 1227 |
| 1.2 | RFP issuing Authority | **Director, Information & Public Relations Department** Government of Jharkhand, Address:-Suchana Bhawan, Ranchi. |
| 1.3 | Name of the Project | **Selection of Agency for Mapping Show at Hatte Bazaar's in different Districts of Jharkhand.** |
| 1.4 | Date of issue of tender document | 09-08-2024; 05:30 PM |
| 1.5 | Last date and time of submission of RFP document | 20-08-2024; 03:00PM |
| 1.6 | Pre Bid Meeting | 14-08-2024; 03:00 PM |
| 1.7 | Date of opening of Bids / RFP | 21-08-2024; 03:00 PM |
| 1.8 | Date of Presentation | On same day after the opening of technical bid. |
| 1.9 | Mode of Submission of Tender / RFP | Online at www.jharkhandtenders.gov.in |
| 1.10 | EMD | The bidders are required to submit the EMD amounting **Rs. 5,00,000/- (Five Lakh only)** through Online Mode |
| 1.11 | Address of communication | Information & Public Relations Department, Government of Jharkhand, Suchana Bhawan, Ranchi. Tel: 0651-2281522, 0651-2282458 **E-Mail: iprd123@gmail.com** |

The Terms & Conditions and detailed copy of the RFP document should be obtained from departmental website (www.prdjharkhand.in) or may also be downloaded from the website www.jharkhand tenders.gov.in. The Bidder will submit the tender at the website of Jharkhand Government (www.jharkhand tenders.gov.in).

**SD/-Director**
**Information & Public Relations Department**

PR 332332 (IPRD)24-25*D


**स्पीड न्यूज**

## पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला के छात्र, शिक्षक एवं कर्मियों ने विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया। प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देना और छात्रों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देना था। समारोह के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आदिवासी जीवन और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने रेखांकित कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की जीवंत और कल्पनाशील रचनाओं ने आदिवासी विरासत का सार प्रस्तुत किया। जिसमें प्रिया कुमारी प्रथम, सरोज उरांव द्वितीय और रानी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता अजीत टाना भगत प्रथम, करीना टोप्पो द्वितीय और कल्याण भगत तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्रतियोगी छात्रों के बीच पदक और प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।

## देवाकी बाबा धाम कवरिया संघ के 12 सदस्यों का जत्था देवघर रवाना

**घाघरा।** कवरिया संघ देवाकी बाबा धाम के 12 सदस्यों का जत्था शुक्रवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। इस क्रम में जानकारी देते हुए निक्कू साहू ने बताया कि दो वाहन से 12 सदस्यों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुए हैं। इस क्रम में सुल्तानगंज से शनिवार को प्रातः जल उठकर देवघर स्थित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे।वही इसके बाद बाबा बासुकीनाथ में शिवलिंग पर जलभिषेक किया जाएगा। उसके बाद पुनः घर वापस होंगे। लगातार 9 वर्षों से संघ के सदस्य द्वारा देवघर जाना अनवरत जारी है। इस मौके पर सुरेश साहू, नीरज साहू,विपिन साहू, मंटू साहू, नीतीश पांडे, चंद्रशेखर भगत, निखिल गुप्ता, शुभम राज, टिंकू साहू, सचिन कुमार, विक्की साहू, संजय साहू, सचिन कुमार सदस्य के नाम शामिल है।

## कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस का 64वां स्थापना दिवस मनाया गया



**गुमला।** युवा कांग्रेस के 64वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय गुमला में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने युवा कांग्रेस का झंडा फहराकर और युवा कांग्रेस का संकल्प पत्र पढ़कर स्थापना दिवस मनाया। कहा आज ही के दिन नौ अगस्त 1960 को युवा कांग्रेस की स्थापना भारत की पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सामाजिक कार्य करने और दक्षिण पंथी दलों के खिलाफ मोर्चा खोलने के उद्देश्य से किया था। प्रियरंजन दास मुंशी भारतीय युवा कांग्रेस के पहले निर्वाचित अध्यक्ष थे। आज स्वास्थ्य लोकतंत्र के लिए राजनीति में युवाओं का सशक्तिकरण व भागीदारी महत्वपूर्ण है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह सुपर शक्ति कॉर्डिनेटर अंजलिन्ता बाड़ा, जय सिंह, सिसई विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव, जिला सचिव अशोक तिग्गा, सादाब आलम, बेनाम उरांव, रफी अली, मनोरंजन टोप्पो, नगर अध्यक्ष सैहुन्न टोप्पो, गुमला अध्यक्ष विजय तिर्की, कैफ आलम, अमृत कुजूर, गणेश गोप, सहजेब आलम सहित कई युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रकृति के साथ जीना आदिवासी समाज की खासियत है : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

● विश्व आदिवासी दिवस पर न्यू टाउन हॉल में समारोह आयोजित



**लोहरदगा।** जिले में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर जगह जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विश्व आदिवासी दिवस पर न्यू टाउन हॉल में समारोह आयोजित किया गया। समेकित जनजाति विकास अभिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान लाभुको के बीच कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया साथ ही स्वरोजगार से जुड़ने के लिए ट्रैक्टर, स्कोरिपियो और कई लोगो के बीच वनपटा का वितरण किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने विश्व आदिवासी दिवस पर झारखंड और जिले के सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर आदिवासियों की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करना है और आदिवासी धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाने के साथ उसे जीवन में शामिल करना कर है इसी में मानव जीवन का मूल मंत्र है। प्रकृति के साथ जीना, प्रकृति का सम्मान करना और समरसता, सौहार्द्र के साथ सामाजिक सांस्कृतिक जीवन को आगे बढ़ाना आदिवासी समाज की बहुत बड़ी खासियत है। इससे सर्व समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि और जिले के आदिवासी कर्मचारी संघ के सदस्य के अलावा जिले के कई अधिकारी शामिल हुए। समारोह में आदिवासी लोक नृत्य, गीत और संस्कृति के विविध रूपों को मंच पर प्रस्तुत किया गया।

# दुनिया के सबसे पहले निवासी हैं आदिवासी : रोहित उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

● जिला कांग्रेस समिति ने विश्व आदिवासी दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में सम्मानित करते रोहित उरांव

**लोहरदगा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा पुराना नगर भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी सह युवा नेता रोहित उरांव शामिल हुए। इस मौके पर आयोजन समिति एवं जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रोहित उरांव का स्वागत आदिवासी रिति रिवाज के साथ किया गया। मौके पर मांदर की थाप के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर रोहित उरांव ने कहा कि हम आदिवासी मूल निवासी हैं। देश-दुनिया में सबसे पहले आदिवासी समाज के बाद ही अन्य समाजों का सृजन हुआ। इसी क्रम में ये आदिवासी समाज भी देश दुनिया के सभी कोनों में अपनी संस्कृति, विरासत के साथ चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को अपने समाज के उन क्रांतिकारी महान पुरुषों को याद करते हुए जो जल, जंगल, जमीन के लिए अपनी कुर्बानी दी उनकी विचारधारा को अपना के अपने समाज का विकास करना होगा। आज पूरे विश्व को हम आदिवासियों से सीख लेने की जरूरत है क्योंकि हम सभी प्रकृति पूजक हैं और हम जल, जंगल व जमीन के रक्षक हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि, निशीथ जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, विनोद उरांव, सोमदेव उरांव, मनी उरांव, जलेश्वर उरांव, अवधेश उरांव, सुखदेव उरांव, विनोद उरांव, विनोद भगत, डोमना उरांव, विशाल डुंगडुंग, जुगल भगत, अनिल उरांव, विनोद सिंह, संतोषी उरांव, शनियारो उरांव एवं अन्य संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(सहकारिता प्रभाग)**
**कार्यालय-प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–04/2024–2025**
**(email- principalranchi@gmail.com)**

वित्तीय वर्ष 2024–2025 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के लिए सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची को चार पहिया वाहन (यथा–कार,बलोरो,स्कारपियो इत्यादि)व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रणः–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) के अर्न्तगत कार्यालय, प्राचार्य सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–2025 में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के आयोजन के क्रम में विभागीय/कार्यलय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्य हेतु वाहन व्यवस्था के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक निविदादाता कार्यालय, प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची गुंगू टोली बहुबाजार, राँची में निविदा दिनांक 23/08/2024 को अपराहन् 12.30 पूर्वाहन बजे तक समर्पित कर सकते है।इस निविदा से सम्बन्धित अनुवर्ती/बाद की संशोधित एवं अन्य आवश्यक सूचनाए कार्यालय के सूचना पट्ट एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वेबसाईट पर उपलब्ध होगी। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित या रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगी।इस निविदा के लिए प्री बीड मिटिंग की तिथि 13/08/2024को पूर्वाहन 11.00 बजे होगी तथा निविदा दिनांक 23/08/2024 को अपराहन् 02.00बजे खोली जायेगी।

नोटः– निविदा की शर्तें एवं सामग्री आपूर्ति की सूची www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 332230 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

प्राचार्य,
सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र,राँची


# थाना प्रभारी प्रतिदिन सुनें जनता की समस्या : एसपी

● अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन पुलिस केन्द्र गुमला में किया गया। अपराध गोष्ठी आरंभ करने के पूर्व पुलिस अधीक्षक ने पिछले उपलब्धियों के लिए सभी पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया। सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि प्रतिदिन पूर्वाह्न 09:00 बजे से 12:00 बजे तक जनता की समस्याओं को सुनेंगे एवं उसका निराकरण करेंगे। डायन प्रथा के संबंध में आमजनों के बीच समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देश दिया गया। सड़क सुरक्षा से संबंधित जाकरूकता अभियान चलाकर आमजनों जागरूक करने तथा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने के संबंध में चर्चा की गयी। मानव तस्करी एवं पलायन की रोकथाम हेतु आमजनों को जागरूक करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। ब्राउन सुगर तस्करी की रोक थाम हेतु मुख्य रूप से गुमला, घाघरा, बसिया, सिसई, भरनो व रायडीह थाना प्रभारी को निर्देश दिये गये। अपने-अपने थाना क्षेत्र में सप्ताह में दो बार सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, डायन प्रथा, महिला उत्पीड़न, नशापान, नशीली मादक पदार्थों का सेवन के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। हत्या, बलात्कार व अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान लंबित कांड का निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में एंटी क्राईम वाहन चेकिंग को बढ़ाने तथा समय एवं स्थान बदल-बदल कर कड़ाई से एंटी क्राईम वाहन चेकिंग करने हेतु विशेष निर्देश दिये गये। जिन-जिन थाना प्रभारी व पदाधिकारियों का प्रदर्शन अच्छा रहा उन्हें पुरस्कृत किया गया तथा जिनका प्रदर्शन औसत से कम रहा उन्हें भविष्य के लिए चेतावनी दी गई।

बैठक में तीनों अनुमंडल के एसडीपीओ, मुख्यालय डीएसपी, सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/30/2023-24 (3rd call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /30/06/2023-24 | चलकुशा | BPHU (Block Public Health Unit) के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चलकुशा का निर्माण। | 5000000.00 | 100000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 26.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 332255 Rural Development(24-25).D


# भाजपा संगठन के आधार हैं कार्यकर्ता : मनीर उरांव

**खबर मंत्र संवाददाता**

● आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला भाजपा की नवनियुक्त समिति की हुई पहली बैठक




**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता पार्टी की जिला नवनियुक्त समिति व मंडल अध्यक्ष की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बक्सीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय परिचयात्मक,पदाधिकारी की कार्य, जिम्मेवारी एवं प्रदेश द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रम की चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन वंदे मातरम गीत के साथ शुरूआत की गई।

बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं का संगठन है। और कार्यकर्ता का पद सबसे संगठन में सबसे सर्वोपरि है। फिर भी संगठन की एक प्रारूप है उसके अनुकूल प्रत्येक व्यक्ति को एक निश्चित समय तक अलग-अलग जिम्मेवारियों का निर्वहन करना पड़ता है। और जब किसी व्यक्ति को संगठन में पद दिया जाता है तो उनकी जिम्मेवारी और भी बढ़ जाती है। हम सभी पदाधिकारी के लिए आम जनता,पार्टी के द्वारा निर्गत आदेश एवं लंबे समय से संघर्ष कर इस बड़े मुकाम तक पहुंचाएं वरिष्ठ कार्यकताओं का आदर सम्मान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। संगठन के कार्यकर्ता एवं पदधारी कार्यकर्ता के लिए संगठन सदैव व्यक्ति विशेष से ऊपर होती है। भाजपा संगठन में दायित्व बदलता रहता है। उन्होंने पार्टी के नीति सिद्धांतों के साथ साथ केंद्र सरकार द्वारा संचालित तमाम विकास योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की बात कही है। बैठक में अगस्त महीने में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए 11 अगस्त को युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित ललित नारायण स्टेडियम से तिरंगा यात्रा कार्यक्रम, 11 से 13 अगस्त को विशेष हर घर तिरंगा कार्यक्रम,13 अगस्त को महिला मोर्चा के नेतृत्व में राज्य की गिरती शासन व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश पूर्ण विरोध प्रदर्शन एवं समाहरणालय घेराव ,14 अगस्त विभिषिका दिवस ,15 अगस्त झंडोत्तोलन, 23 अगस्त युवा मोर्चा के तत्वाधान में मुख्यमंत्री आवास का घेराव, 25 अगस्त को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम की सफलता के लिए चर्चा की गई।बैठक में जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकु, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, सरिता देवी,जिला महामंत्री संजय कुमार ,पशुपति नाथ पारस, मंत्री जगनन्दन पौराणिक, कैलाश महतो,धीरज प्रसाद, सूकूल राम, किशोर साहु, मिथुन तमेड़ा, कोषाध्यक्ष विमल कान्त सिंह , कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा , सह मीडिया प्रभारी धीरज पाठक, जिला सोसल मीडिया प्रभारी सजल कुमार, जिला आईटी संयोजक निखिल कुमार , मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, विवेक सोनी, राजेंद्र महतो,अशोक साहू, रामकुमार खेरवार, विश्वजीत भारती, राजकुमार मुंडा, सचिन सिंघानिया मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**National Rural Employement Program, Ranchi.**

**Very Short**
**e-Procurement Notice**

**e-Tender Refrence No. – National Rural Employement Program, Ranchi./RANCHI-20/2024-25**
**Date :-**

| Sl. No. | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Mone (Lakh) | BOQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Hockey Stadium at – Nirmala High School, Mahugaon, Block- Lapung, Ranchi (Jh.) | 4,73,81,600.00 | 9,48,000.00 | 10,000/- | 18 Months | कार्य के अनुरूप |
| 5. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtendrs.gov.in | | | | |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | Start Date 14.08.2024 to 11.00 AM; End Date 23/08/2024 up to : 2.00 PM | | | | |
| 5. | Bids online Submission | Start Date 14.08.2024 Time : 11.00 AM; End Date 23/08/2024 Time : 2.00 PM | | | | |
| 6. | Technical Bid Oppening Date | Date 24/08/2023 Time : 11.00 AM | | | | |
| | Officer Inviting Bids | Executive Engineer; National Rural Employement Program, Ranchi.; Address : National Rural Employement Program, Vikash Bhawan, Ranchi. | | | | |

**Executive Engineer**
**National Rural Employement Program, Ranchi.**

PR 332314 NREP(24-25).D

# विजेता की हार

विनेश अब इस ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सकेंगी। निस्संदेह, जब विनेश इतिहास रचने जा रही थीं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। लेकिन फिर भी आज देश उनके साथ खड़ा है। खेल प्रेमी सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। निश्चय ही यह एक दिल तोड़ने वाली घटना है। कहा जा रहा है कि भारत को ओलंपिक संघ से कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। जाहिर है यह फाइनल स्पर्धा थी। भारत सोने के पदक की आस लगा रहा था। इस फैसले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारतीय दल ने विनेश के वजन को 50 किलो तक लाने के लिये थोड़ा समय मांगा था। लेकिन तय वजन से अधिक भार होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। असल में, रेसलिंग इवेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अलग-अलग भार वर्ग में वर्गीकृत किया जाता है। रेसलिंग व बॉक्सिंग जैसे खेलों में यह नियम है। ताकि सभी खिलाड़ियों के लिये निष्पक्ष अवसर तय किये जा सकें। यही वजह है कि खिलाड़ी जिस भार वर्ग का चयन करता है, उसे उसी वर्ग में खेलने की इजाजत मिलती है। इसमें किसी तरह की ढील नहीं मिलती। हर स्पर्धा से पहले चिकित्सा जांच व वजन किया जाता है। साथ ही खिलाड़ी के वजन की प्रक्रिया में असफल होने पर उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है। भारतीयों के लिये यह फैसला असहनीय है। निस्संदेह, हर भारतीय के लिये यह फैसला कष्टदायक है। भारत सरकार को इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ को भी इससे निबटने के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। देश के तमाम बड़े खिलाड़ी और राजनेता विनेश का हौसला बढ़ाने में लगे हैं। विनेश की जीत प्रशंसनीय थी और उन्होंने भरसक प्रतिबद्धता भी दिखायी। उन्होंने पहले के राउंड ही नहीं जीते बल्कि देश के लोगों का दिल भी जीता।

# सड़क सुरक्षा का सवाल

यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, अनुशासित और मर्यादित ढंग से वाहन चलाने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों को काफी कठोर बनाया गया। उनके उल्लंघन पर भारी जुमार्ने और दंड का प्रावधान किया गया। महानगरों में सड़कों पर कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई। मगर इन सबके बावजूद स्थिति यह है कि सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पाया है। शराब या दूसरे तरह के नशे करके वाहन चलाना, गति सीमा का ध्यान न रखना, लाल बत्तियों का उल्लंघन करना जैसे लोग शान की बात समझते हैं। यही वजह है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के मारे जाने की दर चिंताजनक है। जितने लोग कैंसर जैसे रोग से नहीं मरते, उससे अधिक सड़क हादसों की वजह से जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा हमारे यहां सड़कों की दशा भी किसी से छिपी नहीं है। विचित्र है कि हर राजनीतिक दल और सरकार का जोर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर होता है। उसमें सड़कों के विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है। तेज रफ्तार से चलने लायक सड़कों का निर्माण न सिर्फ आम लोगों के सुचारु आवागमन के लिहाज से जरूरी माना जाता है, बल्कि औद्योगिक विकास में भी इससे मदद मिलती है। अनेक निजी और विदेशी कंपनियों को भी शामिल किया गया। उन्हें सड़कें बनाने, उनका रखरखाव करने और टोल के जरिए अपनी लागत वसूलने का अधिकार दिया गया। इससे देश में राष्ट्रीय मार्गों का तेजी से विकास भी हुआ। मगर स्थिति यह है कि राजमार्गों पर गड्ढों और पशुओं, पैदल चलने वालों की वजह से दुर्घटनाएं भी आए दिन होती रहती हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर देश में तमिलनाडु का प्रदर्शन सबसे बेहतर है जहां केन्द्र राज्य ने मिलकर दुर्धटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी हुई है।

# जब हिल गई ब्रिटिश सरकार




नौ अगस्त, 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत की थी। उस समय दूसरे विश्व युद्ध में उलझे इंग्लैंड को भारत में ऐसे आंदोलन की उम्मीद नहीं थी। पूरी ब्रिटिश हुकूमत इससे हिल गई थी। 1857 के बाद देश की आजादी के लिए चलाए जाने वाले सभी आंदोलनों में 1942 का ये आंदोलन सबसे विशाल और सबसे तीव्र आंदोलन साबित हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाने वाले इस आंदोलन में पूरे देश के लोगों की व्यापक भागीदारी रही थी।

अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के कुछ समय बाद ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकताओं ने हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन को जिंदा रखा। 1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन 1920, 1921, 1930, 1940-41 के आंदोलनों से काफी भिन्न था। इसी कारण सुभाष बाबू ने कहा था कि 1942 में पेसिव रजिस्टेन्स के युग का अंत होकर एक्टिव रजिस्टेन्स का सूत्रपात हुआ। राजनारायण मिश्र, महेंद्र चौधरी, लेना प्रसाद, मांतिगिनी हाजरा, चाफेकर बंधुओं, खुदीराम बोस, कन्हाई लाल, करतार सिंह, रामप्रसाद बिस्मित, अशफकाउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों के अविस्मरणीय योगदान ने आजादी की राह काफी सरल बना दी थी। गांधीजी का करो या मरो का नारा अत्यन्त ही शक्तिशाली मंत्र साबित हो रहा था।

बापू के इस मंत्र का भी देशव्यापी असर पड़ा और यह नारा बाद में आजादी पाने का ध्येय मंत्र बन गया। इस आंदोलन को लालबहादुर शास्त्री ने एक बड़ा रूप दे दिया था। लालबहादुर शास्त्री ने 1942 में मरो नहीं मारो का नारा दिया। जिसने क्रान्ति की ज्वाला को पूरे देश में प्रचण्ड किया। 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गए। इस आंदोलन की व्यूह रचना बेहद तरीके से बुनी गई थी। चूंकि अंग्रेजी हुकूमत दूसरे विश्व युद्ध में पहले ही पस्त हो चुकी थी और जनता भी आंदोलन की ओर झुक रही थी। लिहाजा 8 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नाम दिया गया था। हालांकि गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़ताल और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे।



-रमेश धमोरा

9 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बिस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकताओं ने काकोरी कांड किया था। जिसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में हर साल 9 अगस्त को काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस मनाया जाता था। इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे।

9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य गिरफ्तार हो चुके थे और कांग्रेस को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया गया। गांधी जी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबंद किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में 942 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18 हजार डीआईआर में नजरबंद हुए तथा 60 हजार 229 गिरफ्तार हुए। जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली व मदनलाल बागड़ी का इस क्रांति में अविस्मरणीय योगदान रहा था।

9 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बिस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकताओं ने काकोरी कांड किया था। जिसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में हर साल 9 अगस्त को काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस मनाया जाता था। इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे। गांधी जी ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत 9 अगस्त 1942 का दिन चुना था। दूसरे विश्व युद्ध में इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को दिल्ली चलो का नारा दिया। गांधी जी ने मौके की नजाकत को भांप लिया और 8 अगस्त 1942 की रात में ही बम्बई से अग्रेजों को भारत छोड़ो व भारतीयों को करो या मरो का आदेश जारी किया।

अगस्त क्रांति आन्दोलन में महिलाओं के योगदान को कम तर नहीं आका जा सकता। अरुणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी ने आंदोलन में खूब साथ दिया। अच्युत पटवर्धन, रासबिहारी, मोहन सिंह सरीखे क्रांतिकारियों ने अमूल्य योगदान दिया। 8 अगस्त 1942 को जिस क्रांति का सूत्रपात हुआ उसने यह जाहिर कर दिया कि अब अंग्रेजी हुकूमत टिक नहीं सकती। दरअसल सन 1942 की क्रांति पिछले सत्तावन वर्ष से राष्ट्रीय कांग्रेस जो आंदोलन चला रही थी उसका उफान था। इस आंदोलन के उफान ने अंग्रेजों की आंखें खोल दी थी। इस आंदोलन से सारा देश मानो हिल गया था। इस उफान की पृष्ठभूमि में लोकमान्य तिलक और उनके बाद महात्मा गांधी ने व्यापक जन-जागृति उत्पन्न की थी।

इस आंदोलन की सबसे बड़ी खासियत थी कि इसने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया था। नवयुवक कॉलेज छोड़कर जेल जा रहे थे। इस आंदोलन का प्रभाव इतना ज्यादा था कि अंग्रेज हुकूमत पूरी तरह हिल गई थी। अंग्रेजों को इस आंदोलन को दबाने के लिए ही साल भर से ज्यादा का समय लगा था। जून 1944 में जब विश्व युद्ध समाप्ति की ओर था तो महात्मा गांधी को रिहा कर दिया गया। इस तरह आंदोलन ने ब्रिटिश हुकूमत पर व्यापक प्रभाव डाला और इसके कुछ साल बाद ही 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ।

हमारे देश को अंग्रेजों की गुलामी से तो आजाद हुए काफी साल हो गए। मगर देश आज भी भ्रष्टाचार, भेदभाव, जातिवाद की गुलामी में जकड़ा हुआ है।

देश में भ्रष्टाचार, जातिवाद का जहर लोगो की रग-रग में बस चुका है। भ्रष्टाचार के चलते देश के लोगों में अलगाववाद, आंतकवाद, साम्प्रदायिकता, विघटनकारी भावना घर कर गई है। जो देश की तरक्की की राह में एक बड़ी रुकावट बन चुकी है। जब तक देश में भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लग पाएगी तब तक देश विकाश पथ पर समुचित गति से आगे नहीं बढ़ पायेगा।

भारत छोड़ो आंदोलन की ही तरह एक बार देश की जनता को नए सिरे से एकजुट होकर भ्रष्टाचार मिटाओ देश बचाओ आन्दोलन चलाना होगा तभी देश सही मायने में आजाद हो पाएगा। भारत छोड़ो आंदोलन को 80 साल पूरे हो रहे हैं।

## खास बात

### मनु स्मृति के नियम

बीके पाण्डेय

मनुस्मृति में 12 अध्याय हैं, जिनमें 2684 श्लोक हैं। यह एक प्राचीन विशाल ग्रंथ है। मनुस्मृति की बात को अगर जीवन में धारण कर लिया जाए तो कई तरह की परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है। आइए जानते हैं मनुस्मृति में महाराज मनु ने किन लोगों के साथ वाद-विवाद करने के लिए मना किया है...

इनसे न करें कभी विवाद

**ऋत्विक्पुरोहिताचार्यैमार्तुलातिथिसंश्रितैः।**
**बालवृद्धातुरैर्वैद्यैर्ज्ञातिसम्बन्धिबांन्धवैः।।**
**मातापितृभ्यां यामीभिर्भ्रात्रा पुत्रेण भार्यया। दुहित्रा दासवर्गेण विवादं न समाचरेत्।**

आर्थात यज्ञ करने वाले ब्राह्मण, पुरोहित, शिक्षा देने वाले आचार्य, अतिथि, माता-पिता, मामा आदि सगे संबंधी, भाई-बहन, पुत्र-पुत्री, पत्नी, पुत्रवधू, दामाद, गृह सेवक यानी नौकर से कभी वाद-विवाद नहीं करना चाहिए। अगर इन लोगों से विवाद होता है तो कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मनुस्मृति के अनुसार, हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि यज्ञ करने वाले ब्राह्मण और पुरोहित से कभी भी विवाद नहीं करना चाहिए, इनका हमेशा सम्मान करना चाहिए। इन लोगों को पूजन, यज्ञ आदि शुभ कार्य संपन्न होते हैं, जिसका पुण्य यजमान (यज्ञ करवाने वाला) को प्राप्त होता है। अगर आप इनसे विवाद करते हैं ना सिर्फ आपका खराब हो सकता है बल्कि आपके सम्मान में भी कमी आ सकती है।

प्राचीन समय में बच्चों को शिक्षा प्राप्ति के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, जहां आचार्य शिक्षा देते थे। लेकिन आज के दौर में स्कूल में यह कार्य अध्यापकों द्वारा किया जाता है। मनु स्मृति के अनुसार, कभी भी शिक्षा देने वाले अध्यापकों से बहसबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि अध्यापक हमेशा छात्रों का भला सोचते हैं और उनके भविष्य के लिए तैयार करते हैं। इसलिए उसके साथ विवाद करने से आप विद्यार्थियों के भविष्य को खतरे में डाल सकते हैं।

**इस** तानाशाह सरकार को डर लग रहा है। भारत की हालत से, कमरतोड़ महंगाई और ऐतिहासिक बेरोजगारी से, अपनी नीतियों से लायी बबार्दी से।

जो सच्चाई से डरता है, वो ही आवाज उठाने वालों को धमकाता है!

**– राहुल गांधी सांसद**

## रोचक ट्वीट

**पवित्र** श्रावण मास के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान शिव आप सभी की संपूर्ण मनोकामनाएं पूर्ण करें।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**झारखण्ड** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की प्रक्रिया बिलकुल सरल कर दी गई है कैम्प 15 अगस्त तक चलेगी - एवं इसके बाद भी प्रज्ञा केंद्रों में दिसंबर माह तक आवेदन जमा होंगे।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

# सहज अनुभव

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंद सरस्वती

**जब** मैं छह साल का था तो मुझे एक सहज आध्यात्मिक अनुभव हुआ, जिसके दौरान मैं काफी समय तक अपने शरीर से पूरी तरह अनजान रहा। जब मैं दस साल का था, तब वही हुआ था, लेकिन इस बार मैं सोचने और तर्कसंगत बनाने के लिए काफी पुराना था, और मैंने अपने पिता को इसके बारे में बताया। वे समझ नहीं पाएं और मुझे डॉक्टर के पास ले जाना चाहते थे, लेकिन सौभाग्य से उस समय हमारे क्षेत्र में कोई डॉक्टर नहीं था। वहाँ अगर सुविधा होता तो, शायद मैं एक मानसिक अस्पताल में समाप्त हो गया होता। लेकिन चीजें जो वे थीं, मुझे उपचार से गुजरना नहीं पड़ा और उन्हें छोड़ दिया गया। मेरे पिता को वेदों और अपने गुरु के लिए बहुत सम्मान था। एक दिन यह गुरु मेरे पैतृक शहर का दौरा करने गया, तो मेरे पिता मुझे अपने पास ले गए और उनसे मेरे बारे में सलाह ली। ऋषि ने उनसे कहा कि मुझे आध्यात्मिक अनुभव हुआ है और आध्यात्मिक जीवन जीने का निर्देश दिया जाना चाहिए। मेरे पिता ने अपने गुरु की बात मानी और मेरे अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करने की व्यवस्था की। इस प्रकार कम उम्र में ही मैं आध्यात्मिक खोज के लिए समर्पित हो गया।

मेरा परिवार हिंदू था, और हिंदू धर्म में दो परंपराएं हैं: एक मूर्तियों की पूजा में विश्वास करता है और दूसरा यह कि ईश्वर निराकार है। मेरा परिवार उत्तरार्द्ध का था, लेकिन फिर भी मैं अक्सर सभी विभिन्न देवताओं के चित्रों को देखता था और उनके बारे में आश्चर्य करता था।

## कॉर्टून वर्ल्ड

जल प्रदूषण...



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-राजेश चौहान, जमशेदपुर**

### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# आदिवासी दिवस विश्व के लिये एक गौरव का दिन



कौशलेश कुमार

विश्व आदिवासी दिवस की बधाई। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत दिसंबर 1994 से संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा से हुई तथा 9 अगस्त 1995 को पहला विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इसकी पृष्ठभूमि 1992 में कोलंबस की 500 वी' अमेरिका खोज यात्रा वर्ष के आधार पर किया गया है। भारत में अमृतलाल विट्ठलदास ठक्कर या ठक्कर बाप्पा (1869 -1951)जो गांधी जी के प्रमुख सहयोगी तथा प्रमुख गांधीवादी नेता एवं महाराष्ट्र से संविधान सभा में सदस्य थे,इन्हें आदिवासियों का पितामह कहा जाता है, उन्हें आदिवासी शब्द के प्रथम प्रयोग कर्ता माना जाता है। आदिवासी को आदिम जाति, वनवासी, वन्य जाति, जनजाति, गिरीव्रज, मूलवासी,गिरिजन जैसे कई नामों से जाना जाता है। झारखंड से संविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा (मरांग गोमके)तथा बोनाफिस लकड़ा ने जनजातियों के लिए संविधान सभा में आदिवासी शब्द की वकालत की थी, लेकिन संविधान की पांचवी अनुसूची और अनुच्छेद -342 ,में आदिवासी के स्थान पर अनुसूचित जनजाति (रउत्नएउव्रछए ळफ्क्कहए )र ळ शब्द का प्रयोग किया गया। वर्तमान में भारत में लगभग 705 जनजातीय समूह शामिल है। जबकि मूल संविधान में

## सामयिक



212( र ळ)शामिल थीं।जिसमें झारखंड में कुल 32 +1(पुरान)=33 जनजातियां शामिल है, जिसमें 24 प्रमुख जनजातियां हैं तथा आठ आदिम जनजातियां है मुख्य रूप से बिरहोर ,कोरवा ,असुर परहिया,बिरिजिया,सौरिया पहाड़िया ,माल पहाड़िया और सबर प्रमुख हैं। झारखंड में अनुसूचित जनजाति की आबादी 8.3% है जो छठे स्थान पर है देश में तथा राज्य की कुल आबादी का 26.2% है !भारत की सबसे बड़ी जनजाति गोंड(74लाख)तथा सबसे छोटी जनजाति ओजे(98) है ।झारखंड में संथाल( 27.54लाख) पहले स्थान पर तथा दूसरे स्थान पर उरांव (17 .16 लाख) और तीसरे स्थान पर मुंडा (12.29 लाख) है और खोड़ सबसे छोटी जनजाति है। झारखंड विधानसभा में 81 सीटों में से 28 सीट जनजातियों के लिए तथा 14 लोकसभा सीट में से 5 सीट सुरक्षित है । भारत में जनजातीय समुदाय का लिंगानुपात 990 है (2011 की जनगणना के अनुसार), भारत में जनजातियों काआबादी घटते क्रम-एमपी ,महाराष्ट्र ,उड़ीसा, झारखंड ,राजस्थान ,तथा गुजरात है । भारत में जनजातियों का कुल आबादी 8.6 % है ।विश्व में लगभग 37 करोड़ आदिवासी समूह की जनसंख्या है ।जो पूरे विश्व जनसंख्या का 5% है, तथा दुनिया में लगभग 5000 आदिवासी समुदाय हैं जिनकी 7000 भाषाएं हैं । प्रकृति प्रेम, उदारता और कठिन परिश्रम इनका मुख्य पहचान है, जल, जंगल और जमीन से इनका बेहद लगाव होता है, विशुद्ध प्रकृति प्रेमी होते हैं। (व्याख्याता इतिहास ,संत अन्ना इंटर कॉलेज रांची।)

# आदर्श स्थापित कर कए बुद्धदेब भट्टाचार्य

डॉ. प्रभात ओझा

वर्ष 2022 में पद्म पुरस्कारों की घोषणा हुई, तो उसमें पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेब भट्टाचार्य का नाम पद्मभूषण प्राप्तकर्ता के रूप में शामिल था। इसी सम्मान के लिए तब कांग्रेस में रहे गुलाम नबी आजाद के नाम की भी घोषणा हुई। भट्टाचार्य ने सम्मान लेने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इसकी जानकारी उन्हें पहले से नहीं थी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भट्टाचार्य के बहाने अपने साथी गुलाम नबी आजाद पर व्यंग्य कसा था। उन्होंने कहा कि बुद्धदेब भट्टाचार्य ऐसे नेता हैं, जो ह्यआजादह्ण रहना चाहते हैं, ह्यगुलामह्ण नहीं। जयराम रमेश ने भले ही अपने साथी आजाद पर व्यंग्य किया हो, लेकिन आज लगता है कि उन्होंने जाने-अनजाने कम्युनिस्ट नेता बुद्धदेब भट्टाचार्य के व्यक्तित्व की सही प्रस्तुति कर दी थी। पश्चिम बंगाल में 34 साल तक वामपंथी शासन में से करीब 11 साल बुद्धदेब के नाम भी थे। उनके पहले 23 वर्षों तक ज्योति बसु राज्य के मुख्मंत्री रहे। बुद्धदेब के आजाद ख्याली को इस रूप में देखा जाना चाहिए कि उन्होंने उद्योगीकरण के लिए राज्य में विदेशी पूंजी तक को आमंत्रित किया। सिंगूर में टाटा को लाने के लिए वे पहचाने ही जाते हैं। आमतौर पर वामपंथी उदारीकरण नीति के खिलाफ रहा करते हैं। इसके विरुद्ध बुद्धदेब ने

## श्रद्धांजलि

टाटा के नैनो कार के लिए भी सिंगूर में जगह दी। अलग बात है कि सिंगूर में भूमि विवाद के चलते लंबा आंदोलन चला और माना जाता है कि लंबे कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति और ममता राज के आने के कारणों में सिंगूर मसला भी बहुत अहम रहा।

कम्युनिस्ट नेताओं के पद पर रहते वेतन-भत्ता आदि पार्टी को समर्पित करना आम बात है। बुद्धदेब ने भी यही किया। मुख्यमंत्री को मिलने वाली धनराशि वे पार्टी फंड में जमा कर दिया करते थे। उनके अपने खर्च के लिए पार्टी उसी धनराशि का एक हिस्सा उन्हें दिया करती थी। बताया जाता है कि बाद में भी पार्टी बुद्धदेब के दैनिक खर्च और इलाज आदि की व्यवस्था कर रही थी। परिवार से अति समृद्ध उनके पूर्ववर्ती ज्योति बसु ने भी यही किया। केरल के पहले मुख्यमंत्री ईएमएस नंबूदरीपाद सीएम रहते साइकिल से कार्यालय जाया करते थे। उनका टाइप राइटर भी उनकी साइकिल के करियर पर ही बंधा होता था। मणिपुर के मुख्यमंत्री रहे माणिक सरकार के पास भी अपना कोई निजी आवास और वाहन नहीं था।

भट्टाचार्य का व्यक्तिगत जीवन और चारित्रिक विकास में परिवार की पृष्ठभूमि कहां तक काम आई होगी, यह भी विचारणीय और रोचक है। बंगाली ब्राह्मण परिवार में पैदा हुए भट्टाचार्य ने मृत्यु के बाद अपना शरीर मेडिकल एजुकेशन के लिए दान कर देने की इच्छा जताई है। यह उस पृष्ठभूमि के साथ हुआ है कि उनके पितामह कृष्णचंद्र स्मृतितीर्थ संस्कृत विद्वान, पुजारी और प्रकांड विद्वान थे। उनकी लिखी पुस्तिका ह्यपुरोहित दर्पणह्ण बंगाली हिंदू पुजारियों के बीच आज भी लोकप्रिय है। वर्तमान बांग्लादेश के मदारीपुर जिले से आने वाले कृष्णचंद्र स्मृतितीर्थ के पुत्र, यानी बुद्धदेब भट्टाचार्य के पिता नेपालचंद्र ने पुरोहिती से हटकर हिंदू धार्मिक सामग्री उपलब्ध कराने वाले पारिवारिक प्रकाशन, सारस्वत लाइब्रेरी का काम देखना स्वीकार किया। प्रसिद्ध कवि सुकांत भट्टाचार्य बुद्धदेब भट्टाचार्य के चाचा थे। बुद्धदेब ने अपनी जीविका के लिए स्कूल शिक्षक की नौकरी की और वहीं से कम्युनिस्ट आंदोलन में शरीक हुए। दरअसल, सादगी के मामले में गांधी जी ने जिस मुकाम पर आकर आदर्श बनाए, कुछ कम्युनिस्ट नेताओं ने वहां से शुरू किया। सादगी का अर्थ सिर्फ वस्त्र नहीं होते। गांधी ने खेत-खलिहान और लघु उद्योगों के योगदान तक राजनीति को पहुंचाया, कम्युनिस्ट इन इकाइयों के अंदर से उस राजनीति को संसद तक ले जाने के हिमायती हैं। अपवाद हर राजनीतिक दल में हैं, जो आदर्श प्रस्तुत करते हैं उनमें बुद्धदेब भट्टाचार्य भी शामिल हैं।

# सभी के प्रेरणास्रोत थे पूर्व प्रमुख रिझुनाथ चौधरी: सुदेश

### समाजसेवी, झारखंड आंदोलकारी रिझुनाथ चौधरी की 10 वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रजरप्पा/ भुरकुंडा ।** समाजसेवी, झारखंड आंदोलकारी एवं रामगढ़ प्रखंड के पूर्व प्रमुख स्व. रिझुनाथ चौधरी की 10वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल ट्रस्ट में मनी। सांडी पैतृक आवास में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में आजसू सुप्रीमो विधायक सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, रिझुनाथ चौधरी के छोटे पुत्र सह रामगढ़ के व्यवसायी ज्योति कुमार चौधरी, युवा समाजसेवी पियूष चौधरी सहित पार्टी के कई जिप अध्यक्ष, पार्षद, प्रमुख, ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सुदेश महतो ने कहा कि स्व. चौधरी पिछड़ों, शोषितों और गरीबों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रमुख सभी के प्रेरणास्त्रोत थे। सभी लोगों को उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। लोगों के बीच 5000 फलदार एवं छायादार पौधा का वितरण किया गया एवं स्वच्छ व हरा भरा रखने का संकल्प लिया। मौके पर रजरप्पा जीएम विनोद कुमार, सीसीएल के आशीष झा, चंद्रशेखर चौधरी, गोपाल चौधरी, कलावती चौधरी, डॉ. रेखा चौधरी, आजसू पार्टी के विजय साहू, अमृतलाल मुंडा, तिवारी महतो, ब्रह्मदेव महतो, डीएम महतो, इंतेखाब आलम, जलेश्वर महतो, दिलीप दांगी, सरस्वती देवी, गीता देवी, विकास राणा, किसुन राम मुंडा, मनोज महतो, दिनेश महतो, चंद्रशेखर पटवा, जगदीश महतो, रविंद्र वर्मा व अन्य मौजूद थे। इधर भुरकुंडा में रिझुनाथ चौधरी की पुण्यतिथि एवं विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भुरकुंडा थाना चौक के समीप आजसू के तत्वावधान में क्षेत्रवासियों के बीच सैंकड़ों पौधों का वितरण किया गया। केंद्रीय महासचिव विजय साहू, आजसू के केंद्रीय सदस्य सह पूर्व जीप उपाध्यक्ष मनोज राम, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी एवं युवा नेता ऋतिक चौधरी ने स्व. रिझूनाथ चौधरी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर अतिथियों ने लोगों के बीच फलदार पौधों का वितरण करते हुए कहा कि पर्यावरण को हराभरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे।

मौके पर प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, विक्रांत साहू, रोबिन मुखर्जी, प्रभास दास, इमरोज खान, पंकज कुमार, बुधन गोस्वामी, राज नायक, राहुल महतो, पप्पू सिंह, उदय स्वर्णकार, राजेश मंडल, बीरेंद्र महतो, अजय मेहता, कामेश्वर मेहता, राजन सिंह, चंद्रमणि कुमार, अजय राय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भुरकुंडा में आजसू ने फलदार पौधे बांटा



## सर्वोदय निकेतन में मना आदिवासी दिवस



**कुजू।** विश्व आदिवासी दिवस पर डटमामोड़ कुजू स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकंडरी विद्यालय में कई कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया। सर्वप्रथम विद्यालय में आदिवासी इतिहास और संस्कृति से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की छात्रा सौम्या कुमारी द्वारा किया गया। वहीं, विद्यालय के छात्र संदीप मरांडी ने संथाली भाषा में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं, विद्यालय के पंकज कुमार टुडू, राहुल कुमार टुडू, हरीश चौहान, आदित्य कुमार चौधरी, सौम्या कुमारी, दीपशिखा हेंब्रम, पीहू कुमारी, पार्वती हंसदा, श्वेता हांसदा, याशमी कुमारी, एंजेल टूडू, रिया गिरी, जूली कुमारी, रोशनी कुमारी आदि छात्र छात्राओं ने आदिवासी संस्कृति का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में ढोल मांदर की थाप पर आदिवासी नृत्य को भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सत्यप्रकाश वर्मा, मनीष कुमार प्रसाद, ब्रह्मदेव महतो, अनिल कुमार गुप्ता, सिंधु गुप्ता, अनीता राज मुंडा, दीपा रानी, रजनी कुमारी, ज्योति कुमारी, पूजा सिंह, जगदीश महतो, संतोष महतो, बासुदेव सोरेन, गजाला परवीन समेत शिक्षक शिक्षिकाए सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## जुबैदा खातून को अंबा प्रसाद दिल्ली में करवा रही इलाज

**बड़कागांव।** 2016 में एनटीपीसी कंपनी के खुलने की शुरूआती दौर के दौरान ढेंगा आर एन आर कालोनी बनने के विरोध में ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक आंदोलन किया था, जिसमें पुलिस ने आंदोलनकारियों पर गोली चलाई थी, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें गुरुचट्टी निवासी जुबैदा खातून के कमर में गोली लगने से वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। विधायक अंबा प्रसाद निजी खर्चे से जुबैदा खातून का इलाज एम्स दिल्ली में करवा रही है व अस्पताल प्रबंधन से लगातार संपर्क में है। वह अभी दिल्ली में है एवं आवश्यक इलाज सुनिश्चित करवाया जा रहा है।

## चरही में फाइलेरिया से मुक्ति को लेकर दिलायी गयी शपथ

**चरही।** राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम एमडीए आईडीए को सफल क्रियान्वयन हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी पर्यवेक्षक,स्वास्थ्य विभाग कर्मी सहित कई लोगों को शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साथ ही फाइलेरिया से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सा स्वास्थ्य प्रभारी डॉ.अशोक राम ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। जिसमें 10 अगस्त को बूथ पर 12 और 13 अगस्त को विद्यालय ,कॉलेज तथा 14 अगस्त को छूटे हुए लोगों को घर-घर जाकर दवा का सेवन करवाया जाएगा। फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है और एमडीए का एकल खुराक से फालेरिया के सारे लार्वा मर जाते हैं। सभी आम जनों को इस दवा का सेवन करना चाहिए जिसमें गर्भवती महिला दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लोगों को इस दवा का सेवन करना चाहिए। मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक रूपलाल कुमार ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित मादा कुलेक्स मच्छर के काटने से होता है।जो गंदे और जमे हुए पानी में पनपता है।अपने आस-पास साफ-सफाई जरूरी है।सोएं तो मच्छरदानी लगाकर अंदर सोएं। विकलांगता का सबसे बड़ा दूसरा कारण बनता है।

## श्रावणी मेला समिति के अध्यक्ष बने झमन प्रसाद, सचिव सहेश

**बड़कागांव।** श्रावणी मेला को लेकर प्रखंड के ग्राम गुरु चट्टी के कुशवाहा धर्मशाला में बैठक हुई इसकी अध्यक्षता झमन प्रसाद ने किया। बैठक में बुढ़वा महादेव श्रावणी मेला पूजा समिति कर्णपुरा क्षेत्र का गठन किया गया। सर्व समिति से अध्यक्ष झमन प्रसाद, सचिव सहेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ,संयोजक जयशंकर मेहता, संरक्षक बालेश्वर मेहता ,उप संरक्षक बिगल किशोर महतो,उपसंयोजक केदार प्रसाद दांगी,महा संरक्षक शशि मेहता, उपाध्यक्ष नरसिंह प्रसाद,उप सचिव अवध किशोर कुमार,मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा दिनकर,उप मीडिया प्रभारी राज किशोर सोनी ,संगठन मंत्री विशेश्वर महतो को चयन किया गया। बैठक में बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता , सदस्य शिव शंकर कुमार,सत्यजीत विद्या अलंकार, रामनवमी महा समिति के पूर्व अध्यक्ष बिंदु दांगी समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## आदिवासी दिवस पर फलदार पौधे वितरित

**चरही।** विश्व आदिवासी दिवस पर शुक्रवार को वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने मांडू पूर्वी,मांडू पश्चिमी, पिंडरा,बलसगरा, खपिया,तापिन, चनारो,बहेरा के ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया। सुनील कुमार,शैलेंद्र कुमार, वनरक्षी अजय कुमार, दिलीप कुमार, उमेश मुंडा,पवनदेव राम सहित कई वनकर्मियों अहम योगदान रहा।

## बड़कागांव में जागृति महिला संघ ने बच्चों को दिया बैग



**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह एवं बादम कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय बनहप्पा, हजारीबाग में बच्चों को स्कूली बैग वितरित किया गया। स्कूल में सैकड़ों की संख्या में एचआईवी संक्रमित बच्चे पढ़ते हैं जिन्हें प्रोत्साहित करते हुए महिला संघ के द्वारा बैग वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ इन बच्चों के लिए रहने खाने की व्यवस्था की गई है। आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जागृति महिला संघ ने आज विद्यालय प्रबंधन को बहुतायत मात्रा में राशन सामग्री मुहैया करवाया जिससे बच्चों का बेहतर पौष्टिक आहार मिल सके। सामान पकरी बरवाडीह परियोजना की नैगमिक सामाजिक विभाग के सहयोग से जागृति महिला संघ की सदस्यों ने विद्यालय की प्राचार्या को सौंपा।मौके पर जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तजीन फैज, उप अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव एवं संघ के अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।

# आदिवासी दिवस पर 16 लोगों को मिला वन पट्टा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ सभी के पूर्वज कभी आदिवासी समाज का हिस्सा थे : उपायुक्त**



**रामगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस पर शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह हुआ। उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित अन्य अतिथियों को पौधा व अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से समारोह का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी के पूर्वज किसी न किसी समय में आदिवासी समूह का हिस्सा रहे हैं। उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों, अधिकारियों द्वारा आदिवासी समूह के कुल 13 लोगों को व्यक्तिगत एवं 6 समूहों को ( 93 डिसमिल) सामुदायिक वन पट्टा प्रदान किया गया।

उपायुक्त ने झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे आदिवासी समूह एवं उनके गौरवशाली इतिहास एवं परंपराओं के प्रति सभी को जानकारी देते हुए आदिवासी समाज के प्रकृति के प्रति लगाव पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। उपायुक्त ने आदिवासी समूह के लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं उन्होंने आदिवासी समूह के हकों की रक्षा के उद्देश्य से लागू विभिन्न कानूनों, नियमों, एफआरए, वन अधिकार पट्टा आदि की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा आदिवासी समूह के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है । लेकिन प्रत्येक योग्य व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे इसमें हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि सभी आदिवासी भाई बहन को जागरूक करने की आवश्यकता है। उनके हक को दिलाने के लिए हर व्यक्ति को दो लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। आदिवासी परिवार ही है जो हम सभी को प्राकृतिक से जुड़े रखती है उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने कहा कि यह कार्यक्रम आदिवासी समूह के लोगों के लिए खास दिन है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि विश्व के सभी आदिवासी एक हैं, इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से हम आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन, जीवन शैली, जीवन पद्धति और प्रकृति से जुड़ते है।

समारोह में जिला परिषद सदस्य, जनप्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ समेत बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

## बाबला और सोनी हुये सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा ने पटेलनगर भुरकुंडा निवासी संजीव कुमार बाबला को पुनः रामगढ़ जिला मंत्री और सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी अशोक सोनी को कोषाध्यक्ष बनने पर किया गया सम्मानित।भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही दोनों को अग वस्त्र ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए राकेश प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। भाजपा में सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा जाता है।

## सड़क हादसे में ट्रेलर चालक मौत

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के पैंकी फोरलेन सड़क पर हाइवा ट्रेलर की टक्कर में ट्रेलर चालक की मौत हो गयी। बाद में कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। साथ ही अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि चालक जोधपुर राजस्थान निवासी मुकेश कुमार (25 वर्ष) ट्रेलर पर सवार होकर हजारीबाग से रांची की ओर रहे थे। इसी बीच अपने आगे चल रहे हाइवा को पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें ट्रेलर चालक मुकेश कुमार की मौत हो गयी। पुलिस ने सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहन क ओपी ले आया। शव को कब्जे में कर सदर अस्पताल भेज दिया।

## कुजू : तालाब में युवक का शव मिला

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के सीसीएल न्यू कुजू साइडिंग के पीछे स्थित तालाब में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव मिला। बताया जाता है कि सुबह में ग्रामीणों ने तालाब में एक युवक का शव को देखा। जिसके बाद खबर पूरे क्षेत्र में फैल गयी। वहीं पिछले तीन दिनों से लापता तोपा माइनस क्वार्टर (मूल रूप से बुंडू निवासी) जगरनाथ मुंडा 22 वर्ष पिता स्व सुकरा मुंडा के परिजन वहां पहुंचकर शव का शिनाख्त किया। परिजनों ने आशंका व्यक्त किया कि मिर्गी बीमारी होने के कारण युवक तालाब में गिरा और डूबने से उसकी मौत गयी। शव को काफी बदबू भी आने के कारण काफी देर तक शव को तालाब से बाहर नहीं निकाला गया। बाद में काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकालकर परिजन अपने साथ लेकर अंतिम संस्कार कर दिये।

## सोनी को भुरकुंडावासियों ने दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी वरिष्ठ भाजपाई अशोक सोनी को भाजपा ने रामगढ़ जिला का कोषाध्यक्ष मनोनित किया है। शुक्रवार को सुंदरनगर में भुरकुंडावासियों ने कोषाध्यक्ष अशोक सोनी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बधाई देने वालो में जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, सूरज शर्मा, जनार्दन सिंह, तुतून दास, दया प्रसाद, मंटू सिंह, विजय कुमार सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

## देवरिया में मना आदिवासी दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल क्षेत्र में शुक्रवार को पूरे धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ समारोह पूर्वक विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर मार्ल्यापण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बबलू सागर मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा, प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शाहिद नीलांबर-पीतांबर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। झारखंड के धरोहर जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि बबलू सागर मुंडा ने कहा कि झारखंड की सभ्यता और संस्कृति बचाने के लिए हम सबको एकजुट रहना होगा। कार्यक्रम में म पूर्व पार्षद झरी मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, मंदीप उरांव, अरुण करमाली, उमेश करमाली, राजेन्द्र बेदिया, रोहित बेदिया, रजलाल मुंडा, सोनामति बेदिया, रामदास बेदिया, राजन करमाली, कृष्णा, बालेश्वर करमाली, सुषमा मुंडा, रोहित मुंडा सहित भारी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरूष शामिल थे।

## अधिकार के लिए एकजुट हों : गंझू



भुरकुंडा (रामगढ़)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को भुरकुंडा रीवर साईड बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का मार्ल्यापण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद सह समिति के संरक्षक दर्शन गंझू मौजूद थें। सर्वप्रथम पाहन देवलाल मुंडा द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा कराई गई। साथ ही झारखंड के धरोहर जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प दिलाया। दर्शन गंझू ने कहा कि झारखंड की सभ्यता और संस्कृति बचाने के लिए हमसबों कोएकजुट रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे तभी हक-अधिकार को पाया जा सकता है।

## एक नजर में

## अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने मनाया आदिवासी दिवस



**हजारीबाग।** झारखण्ड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर लगातार उन्नीसवें दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर कर्मचारी डटे हुए हैं। इस दौरान अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर मांदर के बाप पर नृत्य-संगीत का आयोजन किया एवं विश्व आदिवासी दिवस धूम-धाम से मनाया गया। राज्याध्यक्ष राजेश रंजन दूबे ने मांग पूरी होने तक हड़ताल पर डटे रहने का आह्वान किया। मौके पर नीलम सेवास्तियन लकड़ा, शवनम टोपनो, मेरी विवियाना मिंज, डौली राजी, बंदा पाठक, बेरोनिका किण्डो, सुश्री गीता कुजूर, गोपाल कुमार पासवान, साक्षी कृष्ण अम्पष्ट, अशोक दास, हितेश कुमार, मनीष नारायण, संतोष कुमार, सुशील कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार, राजेश रजक, प्रदीप लुगूल, प्रदीप मांझी, निशिकांत उपाध्याय, नवीन कुमार साहु, ओम प्रकाश, औरंगजेब अंसारी, निरंजन हजाम, कृष्णा कुमार, शंकर प्रसाद, अनिल मेहता, विवेकानंद, सरोज कुमार, सुजीत कुमार, अनुज पाण्डेय, मनोज बिहारी, छोटेलाल राम सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## श्रद्धानंद सिंह ने कांवरियों को देवघर किया रवाना



**कटकमसांडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र के आराभुसाई और महूँगाय से कांवरिया संघ का जत्था बाबा धाम देवघर के लिए शुक्रवार को मुखिया आदित्य दांगी के नेतृत्व में रवाना हुआ। कांवरियों के बीच हजारीबाग के प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह और रंजन चौधरी पहुंचे और भगवा अंग-वस्त्र ओढ़ाकर महिला-पुरुष कांवरियों को देवघर के लिए रवाना किया। कांवर यात्रा में शामिल 5 दर्जन ग्रामीणों ने बोल बम ॐ नमः शिवाय, बोल बम का नारा है- बाबा एक सहारा है, बाबा नगरिया दूर है- जाना जरूर है आदि नारे बुलंद करते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना करने हेतु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गाजे- बाजे के साथ बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए। सिंह ने यात्रा की कामना बाबा भोलेनाथ से की ।

## सड़क हादसे में महिला की मौत व दो घायल


**चरही।** एनएच 33 पर शुक्रवार को इंडिगो सीएस कार और कंटेनर के टक्कर में एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि दो व्यक्ति घायल हो गए। कार चालक गुडडू गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार इंडिगो सीएस नंबर जेएच 02भी/ 3830 पर सवार लोग कुंदरू खुर्द से हजारीबाग के पेलावल जा रहे थे। इस क्रम में आगे चल रहे कंटेनर में कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया। कार के परखच्चे उड़ गए।कार में पांच लोग सवार थे। जिसमें पिछली सीट पर बैठी महिला रूबी उर्फ गुलनाज पति मनौवर की बाल समेत माथे का मांस बाहर हो गया।जबकि कार चालक गुडू गंभीर रूप से घायल हो गया।चालक को इलाज के लिए मांडू अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक महिला के शव को अपने कब्जे में किया। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। मृतक के परिजन घटनास्थल पहुचें और शव के साथ एनएच 33 सड़क को जाम कर दिया। थाना प्रभारी ने मृतक के परिजनों समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया।

## एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में प्रतियोगिता



**टाटीझरिया ।** एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में छात्र छात्राओं के मानसिक शारीरिक सह बौद्धिक विकास को लेकर विभिन्न कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने सामूहिक रूप से शिक्षक शिक्षको संग दीप प्रज्वलित कर किया । उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन से बच्चों में स्वास्थ्य प्रतियोगिता की भावनाओ का विकास होता है और छात्र छात्राओं के विकास के के साथ उनकी प्रतिभा सामने आती है। जिसमें कक्ष नर्सरी एलकेजी से यूकेजी के छात्र छात्राओं ने हिंदी अंग्रेजी कविता (दोहे), कक्ष 1 से 4 तक के लिए हिंदी अंग्रेजी पुस्तक से प्रश्नोत्तर पूछताछ,कक्ष 5वीं से 8वीं के लिए हिंदी अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता स्वतंत्रता दिवस ग्लोबल वार्मिंग,वृक्ष बचाओ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं 9 वीं (नवम )और10 वीं (दशवीं ) कक्षा के छात्र छात्राओं ने अंग्रेजी एक्सपोर्ट देश भक्ति सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता अन्य कई नुकड़ नाटक सांस्कृतिक कला प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्पणा गोस्वामी,रश्मि कुमारी, मुबारक अंसारी, आशीष राणा,राजू यादव,राजेश ,चंदन, शिव,पूनम, रेणु,रिंकी, अनुराधा,ममता,पायल,शिवानी,रौशनी समेत कई लोग जुटे थे।

## किशोरी राणा के प्रयास से लाया गया शव



हजारीबाग। गढ़वा जिले के ग्राम चिरका निवासी अजय नारायण सिंह( 42) का मुंबई के कल्याण मे रेल हादसे में मौत हो गईं। पूरा परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। परिवार के अकेला सदस्य थे जो अपने वृद्ध मां, पत्नी तथा दो छोटे बच्चों का पालन पोषण कर रहे थे। हादसे के बाद मौके पर नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा अपने ऊजार्वान साथी खेमलाल महतो आदि के सदस्यों के साथ उनके शव को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट से उनके निवास स्थान भेजा गया। श्री राणा ने झारखण्ड श्रम एव नियोजन मंत्रालय मे बात कर उचित मुआवजा मांग की।

## रिझुनाथ चौधरी के पुण्यतिथि पर पौधे वितरित



**बड़कागांव।** आजसू पार्टी आवासीय कार्यालय में झारखंड के आंदोलनकारी एवं शिक्षाविद स्वर्गीय रिझुनाथ चौधरी की पुण्यतिथि मनाया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया । मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, उसके बाद उनके याद मे हजारो हलदर पौधों का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया तकरीमुला खान, पसस कृष्णा राम, मोहम्मद यूसुफ अंसारी,केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो,संदीप कुशवाह,गीरेंद्र प्रसाद, रिंकी देवी,आशा देवी,किरण कुमारी, अनु देवी,तपेश्वर कुमार तापस,शंकर मिश्रा,घनश्याम मेहता,तुलेश्वर राम, शशि मेहता,रामचंद्र साहू,रवि राम, देवल महतो,पप्पू प्रसाद,तुलेश्वर महतो,नरेश कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चतरा में टीपीसी उग्रवादियों का उत्पात, कोयला परिवहन में लगे हाइवा पर फायरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में देर रात टीपीसी उग्रवादियों ने उत्पात मचाया और कोयला परिवहन में लगे कई हाइवा पर फायरिंग की। इस घटना के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर डीआईजी सुनील भास्कर ने जिले के एसडीपीओ और थाना प्रभारी को अलर्ट किया है और लगातार अभियान चलाने और नाइट पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं। पिपरवार थाना प्रभारी की तत्परता से उग्रवादियों की हाइवा में आग लगाने की योजना विफल हो गई। हेरहैंज की तरफ से आए लगभग 15 उग्रवादियों ने अलग-अलग कंपनियों के हाइवा को रोककर उन पर गोलियां चलाईं, जिससे कुछ हाइवा के बॉडी और शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। उग्रवादियों ने ड्राइवरों के मोबाइल फोन भी फेंक दिए और हाइवा में लदा कोयला सड़क पर गिरा दिया। इस घटना के बाद टीपीसी के जोनल सदस्य अभिषेक के नाम से मौके पर एक पर्चा छोड़ा गया, जिसमें कहा गया है कि इस रोड में चलने वाली सभी कंपनियों को टीपीसी से बात करके ही काम शुरू करना चाहिए और संगठन की सहयोग राशि जमा करनी चाहिए। अगर संगठन की बात अनसुनी की जाती है, तो संगठन फौजी कार्रवाई करेगा और जान-माल की क्षति के लिए कंपनी और उसके कर्मचारी खुद जिम्मेदार होंगे।

## स्पीड न्यूज

### विश्व आदिवासी दिवस जातरा मेला का उद्घाटन

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा के भाजपा नेता जीतन राम बगरा मंडल के कसारी पंचायत में विश्व आदिवासी दिवस जातरा मेला के उद्घाटन के लिए पहुँचे। कार्यक्रम में जीतन राम ने पूजा की और ढोल बजाकर लोगों के साथ थिरकते नजर आए। उन्होंने कहा कि आज पूरे भारत में आदिवासी मूलवासियों के नेतृत्व में आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। आदिवासी दिवस पूरे भारत के आदिवासी मूलवासी लोग मनाते हैं और प्रकृति की पूजा करते हैं। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु, प्रभात कुमार, अजय ठाकुर, आदिवासी दिवस के अध्यक्ष प्रकाश उरांव सहित तमाम समिति के पदाधिकारी गण और हजारों आदिवासी मूलवासी लोग शामिल हुए।

### इटखोरी से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**इटखोरी।** प्रखंड मुख्यालय से शुक्रवार को 55 कांवरियों का एक जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। जत्था ने रवाना होने से पूर्व भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और यात्रा की निर्विघ्न संपन्नता की कामना की। सुल्तानगंज से जल उठाकर देवघर के वैद्यनाथ मंदिर में स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के बाद, कांवरिया अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगे और वापस इटखोरी लौटेंगे।

### देशव्यापी बंदी को लेकर 11 अगस्त को बैठक

**टंडवा।** आगामी 21 अगस्त को देशव्यापी बंदी को लेकर रविवार को बैठक आहूत की गई है। यह बैठक नगर भवन में बारह बजे से आयोजित होगी, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग शामिल होंगे।अनुसूचित जाति और रविदास महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष दास ने बताया कि आरक्षण संशोधन मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में बैठकें हो रही हैं और भारत बंदी की सफलता के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

### टंडवा बारियातू मुख्य मार्ग पर सूखे पेड़ों से दुर्घटना की आशंका

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा बारियातू मुख्य मार्ग पर स्थित सराधु के हेचाबलिया में सड़क किनारे लगे बड़े-बड़े आम के पेड़ सूख जाने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। इस सड़क से गुजरने वाले लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सूखे हुए कई पेड़ झुक गए हैं और कभी भी किसी व्यक्ति या वाहन पर गिर सकते हैं। यह सड़क हमेशा व्यस्त रहती है और इस पर छोटे-बड़े वाहनों और राहगीरों का हमेशा तांता लगा रहता है, जिससे दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले पर ध्यान देने और सूखे पेड़ों को हटाने की मांग की है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सूर्य मंदिर के समीप शुक्रवार को वन अधिकार समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विजय भारती ने की। बैठक में लगभग 50 दावेदारों ने वन पट्टा के लिए आवेदन किया, जिनके आवेदनों का सत्यापन समिति के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। सत्यापन के बाद सभी आवेदनों को आगे की कार्यवाही के लिए अनुमंडल कार्यालय भेजा जाएगा।

### कोडरमा थाना पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तहार

**कोडरमा।** थाना कांड संख्या 116/24 पोस्को एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त करण साव पिता कामेश्वर साव ग्राम भोंडों थाना चंदवारा निवासी के विरुद्ध निर्गत इश्तेहार का विधिवत तामीला अभियुक्त की भाभी पार्वती देवी पति राजेश साव तथा स्थानीय ग्रामीण महावीर साव पिता स्व.देवल साव एवं पूर्णदेव साव पिता दशरथ साव के समक्ष स्थानीय थाना के मदद से किया गया। इस दरम्यान निर्गत इश्तेहार की प्रति को ढोल बजाकर अभियुक्त के घर पर भोंडों चौक स्थित सरकारी स्कूल तथा कोर्ट परिसर कोडरमा में चिपकाया गया।

## पारंपरिक रीतिरिवाजों के साथ मना विश्व आदिवासी दिवस

# संघर्ष करने से ही मिलती है सफलता : जितवाहन उरांव



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के लखिबागी स्थित सरना स्थल पर विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम और पारंपरिक रीतिरिवाजों के साथ मनाया गया। समारोह में दूरदराज से आये आदिवासी समाज के युवक युवतियों ने मांदर की थाप पर एक से बढ़कर एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया, तो ग्रामीण क्षेत्रों के युवकों ने ज्ञानवर्धक नाटक प्रस्तुत कर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके पूर्व आगंतुक अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीतिरिवाज के साथ किया गया। वहीं समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसडीपीओ जितवाहन उरांव ने लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सबों को अपनी सभ्यता और संस्कृति बचाये रखने की जरूरत है, ताकि हमारे आने वाले पीढ़ियों को उचित मार्गदर्शन मिल सके। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे समाज में आज भी शिक्षा और जागरूकता की कमी है, इसे हरहाल में दूर करना है, उन्होंने समाज के लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को बेहतर भोजन और कपड़े भले ही न दें, मगर उन्हें शिक्षा अवश्य दें, शिक्षा से ही हमारा समाज जागरूक होगा और जागरूक समाज ही उन्नति करता है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने संघर्ष कर ही सफलता प्राप्त किया था, ऐसे में हमें संघर्ष करने में पीछे नही रहना चाहिए, संघर्ष करने से ही सफलता मिलती है।

# डोमचांच में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

## सरकारी, निजी विद्यालयों व कोचिंग सेंटर के लगभग पांच हजार छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** युवा शक्ति एक नई सोंच के तत्वावाान में शुक्रवार को अगस्त क्रांति के अवसर पर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रखंड के लगभग 30 सरकारी, निजी विद्यालयों व कोचिंग सेंटर के लगभग पांच हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बता दें कि 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, डोमचांच ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का केंद्र बना था। तिरंगा यात्रा चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान से शुरू हुई, जो पूरे डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र व डोमचांच प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण किया। इस तिरंगा यात्रा में डोमचांच के विभिन्न स्कूल जिसमें मॉडल एकेडमी, जीएस पब्लिक स्कूल, संत अरविंद एकेडमी, सन साइन एजुकेशन, ग्रिजली पब्लिक स्कूल, उमा भारती हाई स्कूल, संत अरविंद एकेडमी, लक्ष्य कॉन्वेंट, संत पॉल पब्लिक स्कूल आदि के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूरी यात्रा में भारत माता की जय व वंदे मातरम् से पुरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। कई लोगों ने इस तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का






स्वागत किया। तिरंगा यात्रा करीब पांच किलोमीटर थी। इस यात्रा में विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, सत्यनारायण यादव, रोहित मेहता, रमेश सिंह, संजय मेहता, मंजीत मेहता, प्रदीप सिंह, अजय कृष्ण बर्णवाल, संगीता सिंहा, सुधांशु कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, राम सुरेश पहलवान, मिथिलेश यादव, सुजीत मेहता, सोनू कुमार, दीपक सिंह, अमरदीप कुमार, गौतम पांडेय, संगीता सिन्हा, विवेकइंद्र गुरु, रंजना पांडेय, विश्वजीत बनर्जी, किशोर सिंह, पंकज कुमार, बलराम वर्मा, प्रीति शेखर, मुकेश पांडेय, सुरज कुमार, मिथिलेश कुमार मेहता, मोनू सिंह, विक्की कुमार, संजीत कुमार, मिथिलेश मेहता समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं अंत में सभी विद्यालयों को पौधा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर में

# रंजय भारती ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रंजय भारती ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों से जनसंपर्क किया।उन्होंने राहम गाड़ीलौंग मंजराही, दुंदुवा, इत्यादि कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान बाजार टांड़ टंडवा स्थित भाजपा नेता बबलू गुप्ता के आवास पर रंजय भारती को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेताओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेता अच्छवट पांडे, मिथिलेश गुप्ता, सुनील चौरसिया, बबलू गुप्ता, महेंद्र यादव, प्रताप चौरसिया एवं सुकेश रजक इत्यादि कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।

संपर्क के दौरान रंजय भारती ने राहम पंचायत के झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडे से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। भाजपा सिमरिया विधानसभा के संभावित उम्मीदवार रंजय भारती ने कहा कि उनमें क्षेत्र का विकास करने की इच्छा शक्ति है और मौका मिलने पर वे पूरे विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वे विकास का गंगा बहाने का कार्य करेंगे।

# मंईयां सम्मान योजना शिविर का बीडीओ ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत भवनों में मंईयां सम्मान योजना शिविर का आयोजन किया गया, जिसका निरीक्षण बीडीओ राहुल देव ने किया। गिद्धौर पंचायत भवन शिविर में ऑनलाइन के लिए नियुक्त तीन बीएलई ऑपरेटरों में से एक, संजय कुमार अनुपस्थित थे, जिस पर बीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की। अन्य स्थानों पर उपस्थित ऑपरेटरों की सराहना की और वरिष्ठ अधिकारी को भी सूचित किया।

बीडीओ ने अन्य ऑपरेटरों को मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों का फॉर्म ऑनलाइन करने का निर्देश दिया। शिविर में कई लाभार्थी भी मौजूद थे।

# विधायक डॉ.नीरा यादव ने नगरखारा शिव मंदिर में की रुद्राभिषेक



**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव ने सावन मास नाग पंचमी के अवसर पर कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरखारा (जलावबाद) स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। वहीं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश विनोद कुमार मुन्ना भी भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया।

## रूद्राभिषेक का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बाबा भोलेनाथ की कृपा से हर वर्ष की भांति सावन के महिना में नाग पंचमी के अवसर पर पूर्णिमा विद्या मंदिर के प्रांगण में भोलेनाथ सेवा समिति के द्वारा रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। रूद्राभिषेक में यजमान के रुप में कुलदीप कुमार एवं शोभा कुमारी मुख्य रूप से मौजूद थे। साथ ही इन्दूमति बर्णवाल, आकांक्षा व स्मारिका ने भी रूद्राभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना किया। वहीं जहानाबाद से चलकर आए पुजारी अशोक पाण्डेय ने रूद्राभिषेक का कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

# निजी क्षेत्र, ज्यूडिशियरी व मीडिया में एससी, एसटी व ओबीसी का हो प्रतिनिधित्व : प्रकाश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में जिलाध्यक्ष इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में व संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अम्बेडकर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देवेंद्र सिंह व अन्य बनाम पंजाब सरकार व अन्य के वाद सुप्रीम कोर्ट की 7 सदस्यीय संविधान पीठ के 6-1 के बहुमत से 1 अगस्त 2024 को आए फैसले में कहा गया है कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में राज्य सरकारें उप वर्गीकरण कर सकती हैं। बेहतर होता उच्चतम न्यायालय आंकड़ों और तथ्यों को जुटा कर ही राज्यों को अनुसूचित जाति व जनजाति में उप वर्गीकरण का अधिकार देती। ऐसे संवैधानिक विषयों पर संसद को ही फैसला लेना चाहिए था। क्योंकि लंबे समय से इस विषय पर विभिन्न राज्यों में सवाल उठ रहे थे।

वहीं बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अनुसूचित जाति व जनजाति में जो पिछड़ी उपजातियां हैं, इनके प्रतिनिात्वि का सवाल हल करने के लिए यह जरूरी है कि उनकी शैक्षिक व सामाजिक स्थितियों में बड़ा बदलाव हो। महज उप वर्गीकरण से इनके प्रतिनिधित्व का सवाल हल नहीं हो सकता। अभी तक प्राप्त आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि आरक्षित पद खासकर उच्च श्रेणी के पद रिक्तरह जाते हैं। अनुसूचित जाति व जनजाति के समग्र विकास के लिए यदि सरकारें गंभीर होतीं तो अभी वर्गीकरण की जरूरत ही न पड़ती। एससी-एसटी सब प्लान में बजट बढ़ाने और निचले स्तर तक लागू करने की मांग आइपीएफ द्वारा की गई।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में यह बात स्पष्ट तौर पर कही गई है कि संविधान के अनुच्छेद 341 व 342 के द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की राष्ट्रपति की सूची में जिन जातियों को शामिल किया गया है उसमे राज्य सरकारों द्वारा कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। संविधान में अनुसूचित जाति को जो एक समूह (होमोजीनस) वर्ग के बतौर चिंहित किया गया है, वह सही है। क्योंकि अभी भी यह जातियां जिस भी स्तर की हों उन्हें सामूहिक रूप से छुआ-छूत के दंश को झेलना पड़ता है और आदिवासी समाज भी अलगाव का शिकार रहता है। दलित नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि निजी क्षेत्र, ज्यूडिशियरी और मीडिया में अनुसूचित जाति व जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। बैठक में रघुनाथ दास, दुर्गा प्रसाद राम, प्रदीप राम, सिकंदर कुमार, मनोज दास, सीताराम रजक, विश्वनाथ रविदास, राहुल दास, गौतम दास, ब्रह्मदेव दास, राजदेव दास, ओमप्रकाश दास, महावीर बौद्ध, लक्ष्मण दास, राजू तुरी, प्रेम दास, राजेश दास, महेश दास, तुलसी दास आदि मौजूद थे।

## झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया में ब्राइट एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम सागर केसरी व विकास मौर्य को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि यहां विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी कोर्स की पढ़ाई होगी।

## छात्रों का राज्यस्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने झारखण्ड राज्य कैडेट जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम पुरे राज्य में रौशन किया है। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र आनंद शर्मा ने रजत पदक एवं छात्र सचिन कुमार यादव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं विद्यालय के जूडो कोच सौरव कुमार पाठक ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। झारखण्ड जूडो एसोसिएशन के द्वारा रांची के वायबीन पब्लिक स्कूल में 3 से 5 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रिज़ली विद्यालय के 5 छात्रों ने अपने कोच सौरव कुमार पाठक के साथ भाग लिया था। विद्यालय के छात्रों की इस सफलता पर निदेशक द्वय मनीष कपसिमे को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विश्व आदिवासी दिवस पर बंदरचुकवा में मना 75वां वन महोत्सव



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग कोडरमा के सौजन्य से विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत बंदरचुकवा गांव में 75वां वन महोत्सव मनाया गया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया। वहीं उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि झारखंड राज्य में हरियाली बचाने में यहां के मूल निवासियों का अहम योगदान रहा है। वन विभाग का कार्य है, वनों का संरक्षण करना, लेकिन हमारा और हम सभी का दायित्व है कि वनों का संरक्षण करें। जंगल में लगे पेड़-पौधों का संरक्षण करें। पेड़ों को बचाने से मिट्टी, जल व पर्यावरण का संरक्षण होता है। वहीं डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने कहा कि आदिवासी समाज और वनों के बीच अटूट समागम हो, जो वनों की सुरक्षा करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि वन महोत्सव 1950 ई से मनाया जा रहा है और आज हमलोग 75वां वन महोत्सव मना रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य वनों की रक्षा के प्रति जागरूक करना, लोगों के बीच वनों के प्रति प्रेम बढ़ाना ताकि वनों का दोहन न हो।

# जल जंगल जमीन के संरक्षक और प्रकृति के सच्चे सेवक है आदिवासी समुदायः सत्यानन्द

## 58 व्यक्तिगत 19 सामूहिक कुल 77 वन पट्टा का किया गया वितरण

**विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सत्यानन्द**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, उपायुक्त रमेश घोलप शुक्रवार को सदर प्रखंड के सरना टोंगरी पकरिया में आयोजित र्विश्व आदिवासी दिवसर् पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोक्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत जिला प्रशासन की ओर से वन पट्टा वितरण कार्यक्रम के तहत लाभुकों के बीच 58 व्यक्तिगत 19 सामूहिक कुल 77 वन पट्टा का वितरण किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि यह दिन आदिवासी समुदायों की संस्कृति, अधिकार और उनके प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य आदिवासी लोगों की विविधता और उनके सांस्कृतिक योगदान को मान्यता देना है। साथ ही उनके मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा 21 से 50 वर्ष की बहनों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से लाभान्वित करने हेतु पंचायत और नगर परिषद क्षेत्र में 15 अगस्त तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार ऑफलाइन आवेदन भी लिए जा रहे हैं सभी योग्य बहनों से अपील है कि अपने नजदीकी शिविर में जाकर आवेदन जमा करें और योजना का लाभ लें। आगे कहा कुल 77 वन पट्टा का वितरण किया गया, इसके लिए जिला स्तर पर स्वीकृति हेतु तीन दिनों में दो बार बैठक की गई। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नियमसंगत सभी आमजनों के समस्याओं का निराकरण करना है। उक्त कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा हरिनाथ महतो, अंचल अधिकारी चतरा अनिल कुमार,समाजसेवी नवलकिशोर यादव, समाजसेवी शरश्मि प्रकाश, शोभा कुजूर, निर्मला केरकेटा, महेश बांडो, अनिल मिंज समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।



# आभूषण ठगी मामले का पुलिस ने किया खुलासा, भेजा जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरचोई निवासी 42 वर्षीय पंकज कुमार पिता स्व. कृष्णकांत सिंह से झाड फूंक के नाम पर लाखों का आभूषण के ठगी एंव जालसाजी मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर उद्भेदन किया है। ठगी के आरोप में सतगावां थाना कांड संख्या 61/24 भारतीय न्याय संहिता के तहत अप्राथमिकी अभियुक्त पड़ोसी राज्य के नवादा के बुंदेलखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत तकिया पर मुहल्ला निवासी 31 वर्षीय मो. शमशाद पिता मो. जुबेर तथा 44 वर्षीय मो.चुन्नू आलम पिता स्व.मो. मोकिम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं कांड अनुसाान अंतर्गत है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, एस.आई.रौशन कुमार पासवान, आरक्षी अशोक कुमार, पवन कुमार के आलावे चालक मो.शहबाज शामिल थे।

## भाषा, सभ्यता व संस्कृति ही है आदिवासी समाज की मूल पहचान, इसे संजो कर रखें: वैद्यनाथ राम

# धूमधाम से मनी विश्व आदिवासी दिवस, शिक्षा मंत्री भी हुए शरीक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भाषा, सभ्यता व संस्कृति ही है आदिवासी समाज की मूल पहचान है, समाज को संगठित होकर इसे संजो कर रखने की जरूत है। देश विदेश के विभिन्न हिस्सों में आदिवासी समाज जंगलों पहाड़ों में निवास करते हैं व काफी सीधे साधे व भोले भाले होते हैं। जिस कारण हमेशा उन्हें छलने का प्रयास किया जाता है। आज आदिवासियों को जमीन पर जबरन कब्जा हो रहा है, छल प्रपंच के माध्यम से आज भी आदिवासियों के जमीन को हड़कने का काम जारी है।

समाज को मिलकर प्रयास करना चाहिए कि आदिवासी समाज जहां रहे उनका अधिकार संरक्षित रहे। उक्त बातें राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने चंदवा स्थित खीस्त राजा विद्यालय प्रांगण में विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद आदिवासी समाज के लोगो को संबोधित करते हुए कही। अपने संबोधन में मंत्री वैद्यनाथ राम ने आगे कहा कि आदिवासी समाज के भौगोलिक स्थिति को देखते हुए राष्ट्रमंडल की बैठक में पहली बार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने की शुरूआत हुई। इसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के हितों की रक्षा एवं गिरती जनसंख्या ने निपटने के लिए जागरूकता पैदा करना था। आपसभी अपने बच्चो एवं युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करें। बच्चों को अंग्रेजी व दूसरे भाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कराए, लेकिन इसके साथ अपनी भाषा व संस्कृति का ज्ञान भी जरूर दें।


कार्यक्रम में मंचासीन शिक्षा मंत्री व अन्य अतिथि।


शेड निर्माण का शिलान्यास करते व मंत्री व अन्य।



कार्यक्रम को संबोधित करके शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम।

### खीस्त राजा विद्यालय को दी सौगात, प्रांगण में शेड निर्माण का किया शिलान्यास

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने खीस्त राजा विद्यालय को सौगात देते हुए विद्यालय प्रांगण में स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के मद से बनने वाले शेड निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़ने के उपरांत शिलापट का अनावरण कर किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य फादर जोसेफ एक्का के द्वारा विशेष प्रार्थना भी कराया गया।

## संथाल परगना में बिगड़ते डेमोग्राफी पर जताई चिंता, आदिवासी समाज को किया सजग

अपने संबोधन के दौरान मंत्री वैद्यनाथ राम ने राज्य के संथाल परगना समेत विभिन्न क्षेत्रों में बिगड़ने डेमोग्राफिक को लेकर चिंता जताते हुए आदिवासी समाज को सचेत रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि भोले भाले आदिवासी समाज में बाहरी लोगों का दखल काफी बढ़ गया है, जिस कारण संथाल परगना में बड़ी तेजी से डेमोग्राफी बदली है, जो आदिवासी समाज के लिए चिंता का विषय है। इस बदलते डेमोग्राफी को अगर कोई रोक सकता है तो वह सिर्फ आदिवासी समाज ही है। आदिवासी समाज को जागरूक होने की जरूरत है और अपनी बहन बेटियों को सजग करने की जरूरत है।

### समाज के प्रबुद्धजनों ने आदिवासी हितों की लड़ाई में संगठित होने पर दिया जोर

इसके अलावे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुमन सुनील सोरेंग, संचालन कर रहे झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरु मुंडा, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज से जल, जंगल व जमीन के साथ आदिवासी हितों की लड़ाई में संगठित होने पर बल दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री वैद्यनाथ राम समेत अन्य अतिथियों का स्वागत आदिवासी नीति रिवाज में मंदिर की थाप के साथ भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व बैच लगाकर किया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया।

### पेंशन समाज के लोगो व महिला ने मंत्री से लगायी फरियाद

कार्यक्रम के दौरान ही पेंशनर समाज के लोगो ने मंत्री वैद्यनाथ राम को आवेदन देकर पेंशनर भवन के मरम्मती एवं शौचालय निर्माण की मांग की। आवेदन बताया है कि परिसर में चार दिवारी नहीं रहने के कारण छोटे-बड़े वाहनों को रात्रि में पार्किंग कर पेंशनर समाज के कार्यालय के समक्ष गंदगी फैलाते हैं। वहीं रुद बरवाटोली निवासी सुनीता देवी पति विनय भारती ने गांव के 3 लोगो पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामले में न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने कहा कहा कि आवेदन दिए जाने के कई दिन भी जाने के बाद भी प्रशासन के द्वारा आरोपित लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। महिला की फरियाद सुनने के बाद मंत्री वैद्यनाथ राम ने मौके पर मौजूद पुअनि रविंदर सिंह व सअनि वीरेंद्र प्रसाद से मामले में कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया।

### मौके पर ये लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम के मौके पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद, मुखिया संगीता लकड़ा, दुर्गावती देवी, ललिता देवी, सुनीता खलखो, बीरबल भगत, अनूप बड़ाइक, बिनेश्वर उरांव, विनोद भगत, कुलदीप लकड़ा, देरोथिया खलखो, दीपा भेंगरा, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## धूम धाम के साथ मनाई गई विश्व आदिवासी दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में पिछले दो वर्षों से हर्षोल्लास के साथ विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है, जिससे आदिवासी समुदायों के लोगों में काफी हर्ष हैं। वहीं विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर अध्यक्ष नारेन्द्र उरांव, संरक्षक बुद्धेश्वर उरांव के नेतृत्व में सरयू के तेतर टोला से लेकर सरयू चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय तक जुलूस निकालीं गई। वहीं जुलूस को सफल बनाने के लिए आवासीय विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सामिल रहे। जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, मंजु देवी, उप मुखिया संजय उरांव, नारेन्द्र उरांव, शिक्षक चंद्रशेखर सिंह, रामसेवल मिस्त्री, समेत कई अन्य लोगों ने सरयू स्थिति नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इस मौके पर जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने बताया कि अपनी संस्कृति सभ्यता को बचाने के लिए और अपनी अस्तित्व को बचाने के लिए आदिवासी समुदाय के लोगों को एक जुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमलोगों के पुर्वजों ने आदिवासियों को एकता करने के लिए यह लड़ाई लड़ें और पुरे विश्व में 9 अगस्त 1994 से विश्व में आदिवासी दिवस के रूप यह त्योहार मनाया जा रहा है।

वहीं चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी, ने बताई कि संस्कृति परंपरा अपना आदिवासी वेशभूषा बचाए रखना है और जल जंगल जमीन को रक्षा करना है और पर्यावरण के बचाएं रखना हमलोगों का कर्तव्य है। इस मौके पर जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, नागेन्द्र उरांव, संजय उरांव, अंकिता देवी, प्रमिला देवी, मंजु देवी, शिक्षक चंद्रशेखर सिंह, रामसेवल मिस्त्री, समेत आवासीय विद्यालय के छात्रों समेत काफी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ बिरसा मैदान में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बालूमाथ, बरियातू एवं हेरहंज प्रखंड के आदिवासी समाज के लोग उच्च विद्यालय बालूमाथ के मैदान में पहुंचे। वहां से एक भव्य जुलूस निकालकर हाथों में बैनर व तख्तियां पेड़ की डाली लेकर छठ तलाब, दुर्गा मंडप, बस स्टैंड, मुरपा मोड्र, प्रखंड कार्यालय होते हुए बरसा मैदान पहुंचा । जहां एक सभा में तब्दील हो गई। रैली में शामिल लोगों ने एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान, आदिवासियों के साथ छेड़छाड़ करना बंद करो, जंगलों की कटाई करना बंद करो, प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करना बंद करो समेत कई नारे लगा रहे थे।

**आदिवासी समाज जंगल जमीन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहता है: अनीता देवी :-** उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि आदिवासी समाज जंगल जमीन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहता है। वही पर्यावरण संरक्षण के लिए आदिवासियों का पूजा पद्धति भी प्रकृति का ही पूजा है। पुलिस इंस्पेक्टर दीपक विरूवा ने कहा कि देश को आजाद करने में कई आदिवासियों ने अपने प्राण की आहुति दी है। जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने इस सफल कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति की सराहना की। इस मौके पर रीना उरांव, राजेंद्र गझु, रामवृक्ष गंझु, सोहराय भगत, प्रवीण सिंह, समेत कई लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर लल्लू उरांव, प्रेम गुप्ता रामवृक्ष लोहार दिलीप डॉ प्रभात मिंज,मुखिया सुरेंद्र उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।




## एक नजर में

### भारी बारिश से घर गिरा, परिजन परेशान


जानकारी देते पीड़ित।

**बारियातू।** लगातार हो रहे भारी बारिश से बारियातू बस्ती स्थित लुटन यादव पीता का नाम खेदन यादव का मिट्टी खपरैल गिर जाने से परिजन काफी परेशान हैं। पीड़ित लुटन यादव ने बताया की मै एक पैर से पूरी तरह विकलांग हूँ। मुझे कान से हल्का फुल्का सुनाई देता है। लगातार बारिश से मेरा मिट्टी खपरैल घर गिर गया है। घर गिरने से हमलोग सभी परिवार काफी परेशान हैं। पैर से विकलांग रहने के कारण मजदूरी भी नहीं कर पाता हूँ। आर्थिक तंगी के कारण घर बना पाना भी संभव नहीं है। इसी मिट्टी खपरैल घर मे मेरे पत्नी भूलनी देवी पुत्र संतोष यादव, बहु संजू देवी सभी रहते थे। घर गिरने से हम सभी परिवार को रहने मे काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिजनों ने प्रखंड प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।

### 15 अगस्त को लेकर बैठक आज


जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार परिसर मे 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने 10 अगस्त को 11 बजे सभी को बैठक बुलाई है। जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने जानकारी देते हुए बताया की पूरा शशक्त विधि व्यवस्था के साथ 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया जायेगा। जिसको लेकर सभी पंचायत प्रतिनिधि, सभी राजनीतिक दल अध्यक्ष सचिव, प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, पत्रकारों और कई संस्थानो के संचालक व अध्यक्ष सचिव सहित अन्य प्रतिनिधियों को समय पर विचार विमर्श हेतु बैठक मे शामिल होने की अपील की गई है. वहीं बताया की बैठक मे सभी की सहमति और सहभागिता से समय सारणी का भी निर्धारित किया जायेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक मे सभी राजनीति दलों और गन्य मान्य प्रखंड और अंचल कर्मियों को अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने का आग्रह किया।

### सर्पदंश से यूवक अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर ग्राम में गुरुवार को सांप काटने से एक युवक अचेत हो गया मिली जानकारी के अनुसार दिनेश ठाकुर पिता सत्यनारायण ठाकुर उम्र करीब 39 वर्ष ग्राम झाबर बालूमाथ अपने खेत मे काम कर रहा था जहा एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया जिससे वो अचेत हो गया आनन फानन से परिजनों द्वारा अचेता अवस्था मे उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकत्सक सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुवे बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री मंईयां योजना में शिकायत मिलने पर सीधे होगी कार्रवाई: बीडीओ


निरीक्षण करते बीडीओ।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे पिछले कई दिनों से लगाए गए मुख्यमंत्री मंईयां योजना का शिविर मे बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बालूभांग पंचायत भवन पहुंचे। उपस्थित मुखिया केदार गंझु वार्ड सदस्य मनोज राम व अन्य पंचायत कर्मियों से कार्य से संबंधित जानकारी लिया। वहीं कहा की अन्य पंचायत के तुलना बालूभांग पंचायत मे फॉर्म कम भरा गया है इसलिए आप सभी पंचायत प्रतिनिधि आंगनवाड़ी सेविका अपने-अपने पोषक क्षेत्र के महिलाओं को फॉर्म जमा करवाने मे सहयोग करें। ताकि किसी भी महिला को परेशानी नहीं हो सके। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। शिविर मे उपस्थित ग्रामीण महिलाओं से बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने पूछताछ की। वहीं कहा फॉर्म अप्लाई करने व ऑनलाइन करने के नाम पर यदि किसी प्रकार का पैसा मांग किया जाता है तो सीधा मुझसे शिकायत करें। ऐसा शिकायत मिलने पर दोषी कर्मी पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। ठीक इसके पश्चात फूलसु पंचायत भवन परिसर पहुंचे। उपस्थित कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का जशन मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा कि आदिवासी समुदायों ने मानव कल्याण के लिए जल, जंगल, खनिज संपदा और पर्यावरण का संरक्षण किया है और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और उसका सम्मान करना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदिवासी परंपरा को प्रदर्शित करने हेतु विभिन्न प्रकार के आदिवासी नृत्य किए, जैसे झूमर नृत्य, छऊ, पाइका, डोमकच, लहसुवा इत्यादि।

## डायरिया या हैजा अब तक एक ही परिवार के दो महिलायों की मौत, एक महिला बीमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


रो-रो कर परिजनों का हुआ बुरा हाल।

**बारियातू।** प्रखंड के सबसे अंतिम छोर वाले पंचायत बालूभाँग के टोला कोटना सिमर मे डस्त और उल्टी से एक ही परिवार के अबतक दो महिला की मौत हो गई जबकि एक महिला की हालत गंभीर है। पीड़ित नन्कु गँझू ने बताया की लगभग एक सप्ताह पूर्व बहु गीता देवी (पति का नाम अमृत गंझु) (35) वार्षिय की अचानक दस्त और उल्टी होने लगा दस्त और उल्टी से उनको मौत हो गया। दो दिन पूर्व मेरे पत्नी बैजनी देवी (55) वर्षीय की भी उसी प्रकार दस्त और उल्टी हुआ और शुक्रवार 9 अगस्त को मौत हो गया। मेरे बहु सुनीता देवी (पति का नाम नेमा उर्फ उमेश गंझु (30) वर्षीय को दस्त और उल्टी से हालत ठीक नहीं है बालूमाथ के किसी निजी अस्पताल से उपचार करवाए लेकिन कोई खास सुधार नहीं हुआ है। एक ही घर के दो परिवार की मौत की खबर सुनते ही बालूभाँग पंचायत मुखिया केदार गंझु व वार्ड सदस्य मनोज राम पीड़ित के घर पहुँच कर स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी दी। बीमार महिला के लिए एम्बुलेंस भी बुलाया गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जाँच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। की हैजा है या डायरिया एक ही घर मे किस कारण से मौत हो रहा है। लगातार एक ही घर मे दो महिलाएं की मौत से आसपास मे मातम पसरा हुआ है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया है. वहीं मुहल्ले के ग्रामीणों मे चिंता का विषय बन गया है. हैजा है या डायरिया इसको लेकर मुखिया केदार गंझु ने उक्त टोले मे स्वास्थ्य विभाग से शिविर लगाने की मांग की है।

### विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन, मंत्री बैद्यनाथ राम ने की शिरकत

# मंत्री ने पौध रोपण कर कार्यक्रम का किया शुरूआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय स्थित बासाबोड़ा में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम एवं मनिका विधायक रामचंद्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के द्वारा पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वही मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि सभी आदिवासी को संगठित रहना है। जो पिछड़ा आदिवासी है उन्हें एक साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। एकजुट होकर रहे और अपनी संस्कृति की रक्षा करें। आदिवासी समाज प्रकृति से जुड़े हुए हैं, और प्रकृति की रक्षा करते हैं। इसी तरह संगठित रहकर वह आगे बढ़ सकते हैं। राष्ट्रीय मंडल का मानना है आदिवासी पीछड़ रहे हैं, इसकी समीक्षा होनी चाहिए। क्यों पीछड़ रहे हैं? क्या कारण है? उन्होंने आगे बताया कि 10 साल की समय है इसमें आदिवासियों को जागरूक करें, आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कृति को भी रक्षा करें, और अपनी भाषा अपने बच्चों को बताएं जिससे वह शिक्षित होकर अपने संस्कृति की रक्षा कर सके, और अपने अधिकारों को पा सके।

### गुरुजी क्रेडिट कार्ड के द्वारा बच्चों को 15 लाख रुपयें तक का लोन दे रही है सरकार : बैद्यनाथ राम


पौधारोपण करते मंत्री बैद्यनाथ राम।

वहीं आदिवासी बच्चों को शिक्षा के बारे में शिक्षा मंत्री ने कहा आदिवासी बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए सरकार द्वारा बहुत सारे रास्ते खोले हुए हैं। छात्रावास की व्यवस्था दी गई है। जिसमें रहना खाना सभी खर्च सरकार उठाती है। अभी जो छात्रवृत्ति समृद्धि योजना लागू हुआ है वह छात्रों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। किसी भी हाल में आदिवासी छात्र-छात्राओं की शिक्षा न छूटे इसके लिए सरकार विशेष जोर दे रही है। जो छात्र विदेश पढ़ने जाने के लिए तैयारी कर रहे हैं उन्हें भी सरकार सहयोग कर रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड के द्वारा बच्चों को 15 लाख रुपए तक का लोन दिया जा रहा है। जिससे वह अपनी पढ़ाई जारी रख सकता है। इसके साथ ही बहुत सारी ऐसी योजनाएं चल रही हैं जिनका लाभ लेकर आगे बढ़ सकते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में यह आदिवासी आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। मौके पर अध्यक्ष सिलेस्टीन कुजूर, सचिव बिरसा मुंडा, विनोद उरांव, रंतु उरांव, जानकी सिंह खैरवार, दिनेश सिंह चेरो, नंदकिशोर सिंह, आर्यन तिर्की, नवाहीर उरांव, मुखिया प्रवेश उरांव, सुनीता उरांव, विनय सिंह चेरो, समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया

## उपायुक्त ने मानव सभ्यता के विकास में आदिवासी समाज के योगदान की दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, जनप्रतिनिधि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व भर की आदिवासी समाज में जागरूकता और उनके अधिकारों की सुरक्षा को प्रेरित करने के उद्देश्य आज के दिन विश्व आदि दिवस मनाया जाता है। मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मानव सभ्यता के विकास में आदिवासी समाज के योगदान की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज हमारे पर्यावरण के मुख्य संरक्षक हैं। हमें पर्यावरण संरक्षण एवं अपनी संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हम सभी को एकजुटता के साथ मिलजुल कर समाज के उत्थान एवं विकास के बारे में सोचने की आवश्यकता है। मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, युवाओं से आदिवासी संस्कृति को संरक्षित कर और आगे ले जाने व समाज से विभिन्न कुरीतियां को दूर करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाने की बात कही। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा आदिवासी समूह के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम में छऊ नृत्य, पाइका नृत्य, आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। साथ ही मौके पर वनपट्टा का वितरण किया गया। भाषण प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला परिषद सदस्य, जनप्रतिनिधि समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपायुक्त।

स्पीड न्यूज

### टाटा मोटर्स से सेवानिवृत 7 सदस्यों को यूनियन ने दी विदाई



जमशेदपुर। शुक्रवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में सेवानिवृत्त हुए लोगो का सम्मान शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह दे कर अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह के द्वारा किया गया। सेवानृवित लोगो के नाम:- इंजन के महाबीर प्रसाद शर्मा, क्यू ए के धरणीधर बनर्जी, कैब एंड कॉल के प्रमोद कुमार राय, एक्सल से मोतिउर रहमान, ट्रांसमिशन से धनपति महतो, कैब एंड कॉल के अशोक कुमार, फाउंड्री के रविन्द्र प्रसाद।
सेवनृवितियों के द्वारा कई सुझाव दिए गए और यूनियन के द्वारा किये गए कार्यों की सभी मे प्रशंसा की। सम्मान समारोह में महामंत्री आरके सिंह ने कहा आप सबका सुझाव हम लोगों के लिए नए कार्य करने का नया रास्ता बनाता है। बताते हुए काफी हर्ष हो रहा है कि पिछले दो वेतन समझौता से हम लोग बच्चों के शिक्षा और बच्चियों के शिक्षा के लिए लगातार प्रबंधन से मांग कर रहे थे उसकी रूपरेखा तैयार हो गया है और बच्चों को बहुत जल्द इसका लाभ मिलेगा ऐसी योजना लागू होने जा रही है। ऐसे ही बहुत सारे सुझाव जो आपके माध्यम से आते हैं हम लोग प्रबंधन से बात कर उसे इंप्लीमेंट या लागू करने का काम करते हैं और इसी तरह से टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन आपके सुविधाओं को इजाफा करने का काम करती रही है। हम लोगों को काफी खुशी होती है आपके द्वारा हमारे कामों को जब सराहा जाता है। वहीं अध्यक्ष महोदय गुरमीत सिंह ने कहा कि हर एक कमेटी मेंबर बड़ी तत्परता के साथ सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर और एवं उनके समस्याओं के निदान के लिए दिन-रात लगे रहते हैं। यह जानकर हम लोगों को खुशी होती है। साथ ही साथ आप सबका सेवानृवित जीवन सुखमय बीते आप स्वस्थ रहें और आपके घर में खुशियां बिखरी रहे ऐसा मैं कामना करता हूं। आप सब को जब भी आवश्यकता हो तो यूनियन के सारे मेम्बर आपके लिए खड़े हैं। आप सब का जीवन सुखमय बीते ऐसी कामना करते हैं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने दिया और मंच का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

### सहारा सिटी मानगो में मना सावन महोत्सव



जमशेदपुर। हरियाली का पर्व सावन महोत्सव हर्सोउल्लास का पर्व है जिसे सावन महीने में पूरे भारत मे मनाया जाता है। इस पर्व को सहारा सिटी मानगो के कॉलोनी की महिलाएं इस वर्ष रॉयल हिल होटल में बड़े उल्लास से मनाया गया। हरे हरे पोशाक के साथ महिलाओं ने तरह-तरह के गेम नृत्य एवं नम्बर वन मेहदी प्रतियोगिया में भाग लिया। सबने मंत्रमुग्ध होकर। कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस प्रोग्राम में शामिल होकर मानसिक तनाव भी कम हो जाता है क्योंकि हंसने गाने का मौका मिल जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना सिंह, संगीता शर्मा अनीता सिंह माधुरी शुक्ला आराधना सिंह विजया और कॉलोनी की महिलाएं शामिल थीं।

### किड्स इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चों के साथ मनाया विश्व आदिवासी दिवस



जमशेदपुर। आदिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। स्कूल के सभी स्टाफ ने बच्चों के साथ मिलकर बहुत ही धूम धाम से आदिवासी दिवस मनाया जिस में बच्चों ने आदिवासी समाज के वेशभूषा में तय्यार होकर रैंप वॉक और नाटक की प्रस्तुति की। कार्यक्रम से बच्चों के अंदर जागरुकता फैलाई गई है कि आदिवासी समाज भी हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, उन्हें भी समाज के दूसरे नागरिको की तरह से अधिकार मिलना चाहिए। बच्चों ने संकल्प लिया कि वह समाज के सभी नागरिकों को बाराबरी का दरजा देंगे।

### यूआईएसएल : दिवंगत कर्मचारी की स्मृति में शोक सभा

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल ने शुक्रवार को स्वर्गीय ओम प्रकाश को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शोक सभा आयोजित की, जिनका 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ओम सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा विभाग में वरिष्ठ स्वच्छता पर्यवेक्षक थे। इस सभा में टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे, जुस्को श्रमिक यूनियन के पदाधिकारियों के साथ-साथ, वरिष्ठ नेतृत्व टीम और टाटा स्टील यूआईएसएल के कर्मचारी भी मौजूद थे।

## श्रीनाथ विवि के नये सत्र के विद्यार्थियों के लिए परिचय सम्मेलन श्रीनाथ शंखनाद संपन्न

# अपनी राह पर चलते रहें, मंजिल अवश्य मिलेगी: अनन्य मित्तल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के नए सत्र मे नव नामांकित विद्यार्थियो के लिए 2024 के श्रीनाथ शंखनाद (इंडक्शन कार्यक्रम) का शुभारंभ जमशेदपुर के प्रतिष्ठित एक्सएलआरआई प्रेक्षागृह में हुआ। समारोह में शासन और प्रशासन की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त अनन्य मित्तल थे, जिनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में आरटीए कोल्हान दिनेश रंजन, जेसीएपीसीएल के एमडी उज्जवल



कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते चांसलर सुखदेव महतो। साथ में डीसी अनन्य मित्तल व अतिथिगण।




शंखनाद में रंगारंग कार्यक्रम पेश करती छात्राएं।

चक्रवर्ती, मार्केट डेवलपमेंट के रीजनल हेड शीरीष मुदगल, एंपायर ऑटो के निदेशक देवांग गांधी, झारखंड फॉमेर्सी स्टेट काउंसिल के धर्मेंद्र सिंह, टाटा स्ट्राइव के रीजनल मैनेजर रवि प्रकाश, और डीप्टी एसपी सीसीआर अंजनी कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। श्रीनाथ शंखनाद कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो, संस्थापक शंभू महतो, संध्या महतो, कुलपति एसएन सिंह, जे राजेश और दीपक शुक्ला सहित सभी प्रमुख गणमान्य अतिथिगण ने भी हिस्सा लिया। डीसी अनन्य मित्तल ने छात्रों के साथ अपने छात्र जीवन के अनुभवो को साझा करते हुए विश्वविद्यालय की संस्कृति की सराहना की और छात्रों को आत्म-अनुशासन की महत्ता समझाई और कहा कि आपको कभी भी अपनी राह से भटकना नही चाहिए क्योकि यह भटकाव आपको आपके लक्ष्य से दूर ले जाएगा। उज्जवल चक्रवर्ती ने छात्रों को स्किल्ड बनने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि इंडस्ट्री और अकादमिक जगत के बीच की दूरी को कम किया जा सके। शीरीष मुदगल ने छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और डीप्टी एसपी सीसीआर अंजनी कुमार ने छात्रों को सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां प्रदान कीं। कुलपति एसएन सिंह ने विवि में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों और संबंधित विभागों की जानकारी दी, जबकि कुलाधिपति सुखदेव महतो ने इंडक्शन के महत्व और शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में बताया। इस अवसर पर विवि के पहली पत्रिका 'श्रीवाणी' का लोकार्पण भी किया गया। जे राजेश के द्वारा नवनामांकित विद्यार्थियों को आने वाले छात्र जीवन के लिए शपथ भी दिलवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ओडिसी डांस की प्रस्तुति रही, जिसे विवि के फैकल्टी सदस्य ओमनीश दास ने बड़े ही खूबसूरत अंदाज में प्रस्तुत किया। इसके अलावा, अकादमिक डीन डॉ दीपक शुक्ला ने कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक विशेष पीपीटी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे विवि के वरिष्ठ सलाहकार कौशिक मिश्रा, ट्रस्टी अनिता महतो एवं रेवती महतो, सभी विभाग के सहायक प्राध्यापक छात्र उपस्थित थे। समापन प्रभारी प्राचार्या रचना रश्मि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# आदिवासी समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ायेगी सरकार : मंत्री बन्ना गुप्ता

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के आवसर पर टाउन हॉल, सिदगोड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति व परंपरा की झलक देखने को मिली। दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति को जीवंत करते कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि बन्ना गुप्ता, मंत्री झारखंड सरकार, उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एएमसी मानगो नगर निगम रंजीत लोहरा, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य एवं वाद्य यंत्रों के साथ लोटा-पानी से किया गया। इस अवसर पर



उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते सीनियर एसपी किशोर कौशल। साथ में मंत्री बन्ना गुप्ता, डीसी अनन्य मित्तल व अन्य।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ स्कूल स्तर पर आयोजित क्वीज, डांस, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता के वितेजाओं को मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, वन पट्टा, सर्वजन पेंशन, स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज आदि योजना के 30 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया। साथ ही आदिवासी संस्कृति से जुड़े खानपान के स्टॉल भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आदिवासी समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर होना है। इन्हीं विकासशील कार्यों के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। आदिवासी संस्कृति को विश्व भर में और पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। राज्य स्तरीय दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव इसी कड़ी में एक प्रयास है जहां देश के अलग-अलग प्रांत के आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा के ध्वजवाहक अपने नृत्य-गीत कौशल से राज्यवासियों को रूबरू करा रहे हैं। उन्होने आह्वान किया कि अपनी सस्कृति को संजोए रखने, स्वाभिमान को जागृत और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए हमेशा एकत्रित होकर कार्य करना है। उन्होने आदिवासी संस्कृति, जीवन पद्धति तथा देश की स्वतंत्रता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों यथा भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद भैरव आदि को स्मरण कर सभी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। उपायुक्त ने सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह विशेष दिवस आदिवासी परंपराओं, संस्कृति एवं प्रकृति के प्रति सच्चे प्रेम की याद दिलाता है। आदिवासी संस्कृति और परंपरा का अद्भुत समागम हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि समाज जागरूक तभी कहलाता है जब आम जनता अपने अधिकार को समझते हैं तथा उसे पाते हैं। यह दिवस हम सभी के लिए गौरवान्वित होने का अवसर है जहां हम अपने राज्य के समृद्ध आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति को सेलिब्रेट कर रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चे, अभिभावक, विभिन्न योजनाओं के लाभुक शामिल हुए।

## मेधावी छात्र वेदांत शर्मा को मिला भारतीय सैन्य कॉलेज देहरुदून में प्रवेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कदमा, जमशेदपुर निवासी स्निग्धा कुमार और प्रवीण कुमार के पुत्र वेदांत शर्मा ने राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून में प्रवेश हासिल करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल (जिसे पहले माउंट लिटेरा जी स्कूल, जमशेदपुर के नाम से जाना जाता था) के एक समर्पित छात्र वेदांत ने भारत के सबसे प्रतिष्ठित सैन्य स्कूलों में से एक में अपना स्थान अर्जित किया है। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, जिसे अक्सर भारत में सैन्य नेतृत्व का उद्गम स्थल कहा



जाता है, एक प्रतिष्ठित संस्थान है जिसने भारतीय सशस्त्र बलों में कई उच्च-रैंकिंग अधिकारियों के करियर को आकार दिया है। स्कूल 1:14 का सराहनीय शिक्षक-छात्र अनुपात बनाए रखता है, जो अपने सभी कैडेटों के लिए व्यक्तिगत ध्यान और एक कठोर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करता है।

## टाटा मोटर्स के कर्मी अपने बच्चों की उच्च शिक्षा को ले सकेंगे 7.5 लाख रुपये का ऋण, भुगतान कंपनी करेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं प्रबंधन की ओर से ई आर सौमिक राय एवं ई आर के सभी अधिकारी, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह की एक बैठक आज 10:00 बजे जनरल ऑफिस कार्यालय में संपन्न हुई। यूनियन के तरफ से लगातार मांग की जा रही थी कि शिक्षा के क्षेत्र में सहज ऋण उपलब्ध कराना एवं बच्चियों को प्रोत्साहन देने के लिए योजना बनाना है। कुछ दिन पूर्व दो



योजनाओं की घोषणा प्रबंधन की ओर से की गई थी इन दोनों योजना को कैसे अमली जामा पहनाया जाए इस पर विचार गोष्ठी के लिए यह बैठक संपन्न हुई। पहली योजना विद्यादानः- इस योजना के तहत 7.5 लाख तक की ऋण पढ़ाई के लिए दिया जाएगा। जिसका ब्याज दर 10% होगा। बच्चों का 50% एवं बच्चियों का 70% भुगतान कंपनी के द्वारा किया जाएगा। 29 जुलाई से यह स्कीम लागू होगी। सभी ई आर अधिकारी के पास इसका फार्म उपलब्ध होगा। कर्मचारी उनसे फॉर्म लेकर भर सकते हैं। इसके बाद एस्टेब्लिशमेंट में हर दिन एक बैंक के अधिकारी 2 घंटे बैठेंगे। जरूरतमंद कर्मचारियों को एस्टेब्लिशमेंट जा कर फॉर्म लेना होगा। किसी भी समस्या या पूछ ताछ के लिए कर्मचारी अपने ई आर अधिकारी से संपर्क कर सकते है। दूसरी योजना उत्कर्षः- इस योजना में 10वीं और 12वीं में 60% से अंक के साथ पास होने वाली बच्चियों को 25000 का प्रोत्साहन राशि कंपनी के तरफ से दिया जाएगा।

## मौलिक अधिकारों को जाने और धर्म व संस्कृति की रक्षा का संकल्प लें : जोबा माझी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नोवामुंडी/जमशेदपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने विश्व आदिवासी दिवस पर सरना धर्म कोड की मांग दोहराते हुए कहा कि धर्म कोड हमारी अस्तित्व और पहचान का प्रतीक है, इसे हासिल करने के लिए अंतिम सांस तक आवाज उठाते रहेंगे। जोबा माझी शुक्रवार को नोवामुंडी में पचाईसाई मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा



आदिवासियों के हक और अधिकार पर कटौती करने से आदिवासी चुप नहीं बैठेंगे। सांसद ने लोगों से कहा जल, जंगल और जमीन पर आज खतरा मंडरा रहा है। आज के ऐतिहासिक दिन हमें ये संकल्प लेने की आवश्यकता है कि अपने अधिकार और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, प्रो डॉ अनुज लुगुन, उपेंद्र लागुरी, घनश्याम हेम्ब्रम, रीना बलमुचू, यशमती बलमुचू, गंगाधर चतोम्बा, अम्बिका दास, प्रशांत चाम्पिया, लक्ष्मी नारायण लागुरी, आसमान सुंडी, मधुसूदन हेस्सा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## पावरु में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस ग्राम सभा पावरू आदिवासी कला संस्कृति भवन परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। यह पांचवा साल पावरू में आयोजन किया गया संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा घोषणा के के बाद वर्ष 1994 से 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस पूरे भारत में वर्ष में बड़ी धूमधाम के साथ आदिवासी महोत्सव मनाया जाता है। अब ऐसा परिस्थितियों उत्पन्न हो गई है की उनके अधिकारों पर सरकार दखल दे रही है जिसे हमारे देश के आदिवासी अपने हक को अधिकार से वंचित हो रहे हैं। भारत सरकार आदिवासियों के खिलाफ कानून बनाकर जंगल एवं जमीन से बेदखल किया जा रहा है। आज का दिन आदिवासियों को अधिकार के प्रति सचेत सजग होने की जरूरत है झारखंड सरकार से भी हम चाहेंगे कि पत्थर खनन एवं जमीन माफिया की लगाम लगाई जाए। विश्व आदिवासी दिवस पर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेना होगा।

## सरजामदा पुड़सीपिंडा ने ईजीएल मैदान में मनाया विश्व आदिवासी दिवस

आदिवासियों के अस्तित्व को बचाना मानव हित में है

आदिवासी समुदाय में रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए राजेश मार्डी सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** सारजमदा पुड़सी पिंडा की ओर से इजीएल मैदान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सारना झंडा फहराकर इस दिवस की शुरूआत की गई फिर आदिवासी वीर शहीदों की चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। सभी अतिथियों ने विश्व आदिवासी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा गया कि सभी आदिवासी समुदाय को आज के इस दिन को संकल्प के रूप में लेना चाहिए। आने वाले समय में आदिवासी का अस्तित्व खतरे में है और हमें इसे बचाना होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ ने जिस मकसद से इस दिवस की शुरूआत की हैं हमें इस दिवस को बरकरार रखना होगा। इस अवसर पर सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और साथ ही मैट्रिक में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं सारजमदा पुड़सी पिंडा की ओर से क्षेत्र के ट्राइबल ब्लड मैन से मशहूर 74 बार के आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी को विशेष रूप से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव के नायके बाबा पलटन हेम्ब्रम, जिला परिषद सदस्य कुसुम पुर्ती, दलमा राजा राकेश हेम्ब्रम, पंचायत की मुखिया नागी मुर्मू, पश्चिम हलुदबनी पंचायत मुखिया पानो मुर्मू, पुड़सी माझी बाबा लेदेम मुर्मू, निमाई बास्के, लखन मुर्मू, भगत मुर्मू, मनोज हांसदा, सुशील कुमार मुर्मू, बाघराय किस्कू, लुगु हांसदा, कृष्णा हेम्ब्रम, दुखिया मार्डी, राजेश मार्डी, रतन टुडू, किशन हेम्ब्रोम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### वन महोत्सव पर विधायक मंगल कालिंदी ने माकुला में किया पौधरोपण



माकुला में पौधरोपण करते विधायक मंगल कालिंदी व अन्य।

**पटमदा।** पटमदा प्रखंड की बांगुड़दा पंचायत अंतर्गत माकुला फुटबॉल मैदान में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार की ओर से शुक्रवार को माकुला फुटबॉल मैदान में 75 वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए। संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जल, जंगल ,जमीन बचाने के लिए आंदोलन किये थे। लकड़ी माफिया लोग उसे उजाड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधें से ही आदमी सांस लेकर जी रहें हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को बेटा- बेटी की जन्मदिन, माता/ पिता के मरनी या कुछ विशेष दिवस के उपलक्ष्य पर हर साल एक पौधा जरुर लगायें। कालिंदी ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर मैं और विधायक सीता सोरेन के लिखित आवेदन पर ही मुख्यमंत्री ने आज सरकारी छुट्टी की घोषणा की है। इस दौरान विधायक ने कई फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, मुखिया कल्याणी सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, फॉरेस्टर शुभन महतो, सुबित दंडपात, हेमंत टुडू, रुम्पा चौधरी, मंटु महतो, अश्विनी सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर भाजपा उलीडीह ने लगाया सेवा शिविर



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भाजपा उलीडीह मंडल के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान के द्वारा मानगो चौक सेवा में शिविर का आयोजन कर हजारों की संख्या में जुलूस के रूप में आए आदिवासी समाज के लोगो के बीच गुड चना और पानी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह, नीरज सिंह, विनोद सिंह, विजय तिवारी, संजीत शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन उलीडीह मंडल के पूर्व मंत्री राकेश सिंह लोधी ने किया।

### युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण के साथ किया गया पौधरोपण



जमशेदपुर। पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा, 48, के गोलमुरी प्रखंड के बाबुडीह बस्ती में विधानसभा महासचिव शुभम शुक्ला के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में रखकर बहन रिंकी कुमारी के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया और 50 पौधे रोपने के साथ ही बच्चों में चॉकलेट वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम मे झारखंड युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष सत्यम सिंह एवं भारतीय युवा कांग्रेस के समन्वयक अमन सिद्दीकी, गोलमुरी प्रखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पंकज उपाध्याय, निक्कू बिट्टू, प्रमोद रजक, अभिषेक रौशन, एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर जाहेरगढ़ में पौधरोपण



जमशेदपुर। विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस के अवसर पर दिशोम जाहेरगाढ़ समिति और वन विभाग जमशेदपुर की ओर से दिशोम जाहेरगाढ़ गोड़गोड़ा, बालीगुमा में पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर दिशोम जाहेर गाढ़ समिति के सचिव मदन मोहन सोरेनने कहा कि आज दुनिया महसूस करने लगी है कि आदिवासी बचेंगे तो दुनिया बचेंगे।जल जंगल जमीन से आदिवासी को कभी भी अलग नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर दिशोम जाहेर गाढ़ समिति के सचिव मदन मोहन सोरेन, सुकलाल टुडू, सनातन टुडू,कृष्णा हांसदा,सुकलाल हांसदा, नरेश किस्कु, भगीरथ सानंद गोड़, रमेश तंतुबाई, वन विभाग के एस बी ओ सोनिया बेसरा, जितेंद्र मुर्मू,राम कृष्ण हांसदा, मंगल भगत, सीमांत सरदार, सीमन टुडू, बालक हांसदा, लोखिराम सरदार,आदि उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर मंत्री ने किया 51 सामुदायिक वन अधिकार पट्टा का वितरण

# वन अधिकार पट्टा वितरण में नंबर 1 बना गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लाभुकों को वन पट्टा वितरित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**गढ़वा।** वन अधिकार पट्टा वितरण में गढ़वा पूरे राज्य में नंबर वन गया है। शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने समाहरणालय के सभागार में अबुआ बीर अबुआ दिशोम वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री ने 39 हजार एकड़ से अधिक 51 सामुदायिक वन अधिकार पट्टा का वितरण किया। इससे पूर्व मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि दिशोम गुरू शिबु सोरेन ने जिस सोच के साथ झारखंड राज्य को अलग कराया था, उनका सपना अब हेमंत सोरेन पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस 1994 से मनाया जा रहा है। लेकिन झारखंड में वर्ष 2013-14 में हेमंत सोरेन ने इसकी शुरूआत की। मंत्री ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत परंपरागत रूप से वनों पर आश्रित रहने वाले अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदाय के लोगों के जीवन यापन तथा दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वन भूमि पर साग सब्जी, तेंदूपत्ता, सेरोई, सुखी लकड़ियां, मछली, लघु वन उपज के संग्रहण के साथ-साथ खेल का मैदान, शमशान, कब्रिस्तान, सरना अथवा पूजा स्थल आदि के अति अनिवार्य आवश्यकता को विधिक मान्यता प्रदान करने के लिए झारखंड सरकार ने अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान की शुरूआत पिछले वर्ष नवंबर 2023 में की गई थी। इसके तहत वर्ष 2024 में पूरे राज्य में वन पर परंपरागत रूप से निर्भर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य समुदायों को उनके हक और अधिकार को मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य के सभी 24 जिलों में प्रथम चरण में अधिक से अधिक संख्या में सामुदायिक वन अधिकार पट्टा को वितरित करने का आदेश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया था। मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, डीएफओ दक्षिणी, जिला कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों से आये लाभुक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मिथिलेश ठाकुर ने क्या कहा

मंत्री ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत गढ़वा जिले में वर्ष 2009 से दिसंबर 2023 तक 1224 व्यक्तिगत पट्टा एवं 320 सामुदायिक वन अधिकार पट्टा 18286 .21 एकड़ का वितरण किया गया था। जबकि आज विश्व आदिवासी दिवस पर वर्ष 2024-25 में कुल 51 सामुदायिक वन अधिकार पट्टा कुल 39 हजार एकड़ से अधिक का वितरण किया गया। वनों पर परंपरागत रूप से आश्रित रहने वाले अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदायों को उनके वनअधिकार को मान्यता देने का यह अब तक का सबसे बड़ा कदम है। जिसमें गढ़वा जिले ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है।

## खबर एक नजर में

### जिले के 508 कोचिंग संस्थानों की हुई जांच

**पटना।** जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन नगर में कोचिंग संस्थानों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में विगत 10 दिन में 508 कोचिंग संस्थानों की जांच की गई है। इस संबध में सभी छह अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता और पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अपर जिला दण्डाधिकारी, आपदा प्रबंधन की अध्यक्षता में गठित टीम के सुरक्षा मानकों एवं बिल्डिंग बायलॉज का अनुपालन सहित अन्य बिन्दुओं पर जांच की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत कोचिंग संस्थानों के संचालन का अनुश्रवण करने का निदेर्शा दिया गया है।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्राथमिक सदस्य बने उपेंद्र कुशवाहा

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने शुक्रवार को अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी के हाथों प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही बिहार के 38 जिलों में जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत हो गई। प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता ई हेमन्त कुमार ने एक बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के हाथों बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने वाले मुख्य नेताओं में फजल इमाम मलिक, सुभाष सिंह चंद्रवंशी, बबन यादव, पप्पू सिंह, प्रो बालेन्द्र कुशवाहा, रफी अहमद खान, डॉ परमानंद, डॉ बिरेन्द्र प्रसाद, राघवेंद्र कुशवाहा, खुर्शीद अहमद, अरविंद कुमार, तारकेश्वर प्रसाद, ललन प्रसाद, मुन्ना पप्पू, पप्पू मेहता, अशोक राम, माधुरी पटेल, गंगा पांडे इत्यादि शामिल थे।

### आजादी पर्व उत्सव कार्यक्रम के तहत निकाली गई शहीद सम्मान यात्रा



**भागलपुर।** अगस्त क्रांति और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 9 से 15 अगस्त तक आजादी के मूल्यों को बढावा देने के उद्देश्य से आजादी पर्व उत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शहीद सम्मान यात्रा निकाला गया। यात्रा के समापन पर सभा को सम्बोधित करते हुए जनप्रिय के निदेशक गौतम कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों और उनके विचारों को पुन: आत्मसात करने की जरूरत है। देश के नफरती ताकतों द्वारा लगातार आजादी आंदोलन के नायकों, उनके मूल्यों और संविधान पर हमला कर रहे है। पीस सेंटर परिधि के उदय ने कहा इतिहास मे 9 अगस्त एक महत्वपूर्ण तारीख है। 1942 में आज के ही दिन महात्मा गांधी ने करो या मरो नारा के साथ ब्रिटिश हुकूमत की तानाशाही, शोषण और अत्याचार के खिलाफ भारत छोड़ो अन्दोलन की शुरूआत की गयी। डॉ फारुख अली और जयंत जलद ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन में आपसी भाईचारा, एकता, सक्रियता, साहस, धैर्य और सहन का अद्धभूत मिशाल पेश की गई। समापन में उज्जवल घोष, गांधी विचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित रंजन, उमेश कुमार नीरज, प्रकाशचंद्र गुप्ता, ललन, राजीव और बाबुलाल कुमार पासवान आदि ने अपने विचार रखे।

## स्पीड न्यूज

### हादसे में युवक घायल

**रमना।** प्रखंड के बहियार खुर्द निवासी रामाधार राम प्रत्येक दिन की तरह सब्जी बेचने लिए लेकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान संतुलन खो जाने से बीच सड़क पर गिर पड़े। लोगों के सहयोग से उन्हें रमना हॉस्पिटल भेजा गया। परसवान पुल पास एनएचआई ठेकेदार के द्वारा दोनों तरफ से ऊंचा कर देने से मिटी का पलोरी सड़क आ जा रहा है। इसी कारण साइड लेने मे गिर कर चोटिल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### नीतीश ने हॉकी टीम और नीरज चोपड़ा को पदक जीतने पर दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेरिस ओलंपिक 2024 के भारतीय पुरूष हॉकी टीम को कांस्य पदक और जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को आज बधाई एवं शुभकामनायें दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। श्री कुमार ने शुक्रवार को यहां अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर हॉकी के खेल में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसपर हर भारतीय गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि भारतीय पुरूष हॉकी टीम प्रगति की ऊंचाई के शीर्ष पर पहुंचे और भारत का नाम रोशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

### दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा

बेतिया। बिहार में पश्चिम चंपारण जिले की एक अदालत ने आज एक नाबालिग बच्ची को मिठाई खिलाने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद प्रसाद ने मामले में सुनवाई के बाद मझौलिया थाना क्षेत्र के रामपुरवा गांव निवासी रौशन ठाकुर को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर साठ हजार रुपया अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### भूमि विवाद में व्यक्ति ने की पिता की हत्या

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के बटिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने अपनी मां के साथ मिलकर पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नैयाडीह गांव निवासी सकलदेव यादव ने भूमि विवाद को लेकर अपनी मां सीता देवी के साथ मिलकर पिता नरेश उर्फ नारो यादव(55) की पीट-पीट कर हत्या कर दी।

### नेपाली शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले में शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है।

# पूर्व मंत्री ने की मां गढ़देवी मंदिर में पूजा परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मां गढ़देवी मंदिर में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह।

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ का परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा शहर के मां गढ़देवी मंदिर में माता की पूजा अर्चना के साथ गढ़वा प्रखंड से शुरू हो गया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने नागपंचमी एवं विश्व आदिवासी दिवस पर जिले वासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पूर्व मंत्री गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह पंचायत के शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर युवा साथियों द्वारा आयोजित जुलूस में शामिल हुए। तत्पश्चाताप पूर्व मंत्री का कार्यक्रम पंचायत ओबरा के ग्राम बानूटीकर, तुलबुला, भदुआ, पिपरढ़ाबा, अन्नराज नावाडीह, ओबरा, बूढ़ी गम्हार सहित विभिन्न टोलो में किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। जहां भी जाइएगा घूसखोरी व्यापत है। पिछले पांच साल से केवल लूटने का काम किया है। 500 का बालू 5000 में बेचा जा रहा है और हां आजकल मंत्री मंदिर में दान करते चल रहें है। जनता इनको आईना दिखाने का काम कर रही है। मंत्री करोड़ो का बालू बेचकर मंदिर में एक लाख का दान कर रहे है। श्री सिंह ने कहा कि इनके कार्यकाल में गुंडागर्दी चरम पर है। गरीबों, दलितों का शोषण किया जा रहा है। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मैं आप सभी लोगों के साथ हूं। वादा करता हू कि सत्ता में पुनः आने के बाद छूटा हुआ काम को पूरा करने का काम करेंगे। अंत में पूर्व मंत्री संग्रहे में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर नवीन सिंह, गणेश प्रसाद यादव, बाबूल सिंह, लक्ष्मी रवि, मुन्ना सिंह, कुलदीप यादव, अफजल अंसारी, रघुवीर राम, बसंत लकड़ा, विनोद उरांव, सुभाष कोरवा, ओमप्रकाश ठाकुर, हाफी साहेब, पारस यादव आदि उपस्थित थे।

## आजसू ने मनायी शहीद निर्मल महतो की जयंती



जिलाध्यक्ष व अन्य।

**गढ़वा।** आजसू पार्टी के संस्थापक झारखंड आंदोलनकारी अमर शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर गढ़ मोहल्ला स्थित आजसू जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा एवं उपस्थित सभी नेताओं ने निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर, संतोष केसरी, डॉ इश्तियाक राजा, युवा आजसू के प्रदेश संयोजक रविंद्र नाथ ठाकुर, जिला सचिव इंदल बैठा, सोशल मीडिया प्रभारी पूजा शर्मा, सरवन राम, नगर मंडल प्रवक्ता मो. इकराम, विजय कुमार, अरविंद उरांव आदि उपस्थित थे।

## अवैध रिवॉल्वर के साथ युवक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीएसपी।

**केतार।** केतार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रिवॉल्वर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक केतार थाना क्षेत्र के पचाडुमर निवासी विष्वनाथ मेहता का 24 वर्षीय पुत्र रामलाल मेहता है। इसकी जानकारी डीएसपी सतेंद्र सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह व थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कही।

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात्रि पुलिस गष्ती के दौरान परती रोड में बतो गांव के समीप सूर्य मंदिर के समीप बाइक से परती की ओर जा रहे रामलाल मेहता को रोक कर तलाषी ली गई। तलाषी के दौरान उसके पास एक अवैध रिवॉल्वर बिना कागजात के मिला। हालांकि पुलिस को देखकर सकपकाते हुए वो पीछे भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे शस्त्र बल ने धर दबोचा। पूछताछ के दौरान रामलाल मेहता ने बताया कि हम अपने पास रखते है और कभी कभार इसे लेकर चलते है। थाना प्रभारी ने बताया कि अनुसंधान अभी जारी है, इसमें और कितने लोग संलिप्त है बहुत जल्द उजागर किया जाएगा। ऐसा लग रहा है कि ये अपराधी अवैध हथियार का सप्लाई करता है। जिसे आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर धारा न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया है। मौके पर रोशन तिग्गा, सअनि अमरेंद्र सहित थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की बैठक



**एजेंसी**

**अररिया।** भारतीय जनता पार्टी फारबिसगंज नगर इकाई की शुक्रवार को नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक मुख्य रूप से हर घर तिरंगा कार्यक्रम पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। जिसके तहत नगर अध्यक्ष रजत कुमार सिंह ने कहा कि आगामी 11 अगस्त को विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा, 12 अगस्त को महापुरुषों के प्रतिमाओं की साफ सफाई, 13 अगस्त को माल्यार्पण, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका कार्यक्रम एवं 15 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी फारबिसगंज नगर का झंडोत्तोलन कार्यक्रम 9 बजकर 5 मिनट में हटकोला मैदान में आयोजित है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, महामंत्री प्रताप नारायण मंडल, महिला मोर्चा अध्यक्ष चांदनी सिंह, नगर परिषद मुख्य पार्षद वीणा देवी, प्रसेनजीत चौधरी, प्रदीप कुमार कर्ण, शिवानी सिंह, शिवराम शर्मा, प्रमोद पासवान, अमल ओझा, अरुण निराला, किशन शर्मा, प्रदीप कन्नौजिया, संदीप कुमार, सुनील साह, प्रियंका सिंह, ममता साह, आरती ठाकुर, संजय डाबरीवाला, चन्द्रकला देवी, प्रेम केशरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दवा व्यवसायी के हत्या को लेकर विधायक ने एसएसपी को लिखा पत्र

**एजेंसी**



**भागलपुर।** भागलपुर के चर्चित दवा व्यवसायी बलराम केडिया के पुत्र रौनक केडिया का बुधवार की रात को आज्ञात अपराधियों द्वारा नृशंस रूप से हत्या किये जाने पर भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए शुक्रवार को भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक को अपराधियों के अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने इस केश में स्पीडी ट्रायल करा कर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाने के लिए पत्र लिखा है एवं पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के लिए भी निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के जान-माल की सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। उल्लेखनीय हो कि घटना स्थल से कोतवाली थाना की दूरी महज 200 मीटर की है। लेकिन वह क्षेत्र वहाँ से लगभग दो किलोमीटर दूर ततारपुर थाना अन्तर्गत पड़ता है। जिसकी वजह से पुलिस की गश्ती नहीं के बराबर होती है तथा घटना स्थल वाली गली भी काफी संकीर्ण है जिसमें लोगों का आवागमन काफी कम होता है एवं शाम ढलते हीं इस गली में नशेड़ियों और असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। जिससे प्रतीत होता है कि उनमें पुलिस प्रशासन का जरा भी खौफ नही है। साथ ही साथ विधायक श्री शर्मा आज बलराम केडिया के आवास पर जाकर उनके परिवारजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की।

## सीएम नीतीश ने कई घाटों पर गंगा नदी के जलस्तर का लिया जायजा

**एजेंसी**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ रहे जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री अटल पथ होते हुए जेपी गंगा पथ पहुंचे और कंगन घाट तक गंगा नदी में बढ़ रहे जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जलस्तर पर नजर रखने और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान जेपी गंगा पथ के कंगन घाट, काली घाट, गांधी घाट एवं कृष्णा घाट पर रूककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों की स्थिति को देखा और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अशोक राजपथ को जेपी गंगा पथ से मिलाने वाले कृष्णा घाट पर निमार्णाधीन पहुंच पथ की भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली और तेजी से निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। गंगा नदी के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह अलर्ट रहें और सारी तैयारी पूर्ण रखें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनके प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त-सह-जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### जन आकांक्षा पूरा ...

**12 पुस्तकों का विमोचन :** महोत्सव में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंच पर मौजूद अन्य गणमान्यों ने डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित 12 पुस्तकों का विमोचन किया । वहीं, 257 लोगों के बीच 73 हजार 5 सौ 83 एकड़ सामुदायिक वन पप्ता का वितरण किया गया।

### राज्य में जल्द ...

गौरवशाली इतिहास : राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की धरती वीरों की भूमि रही है। यहां की माटी में जन्मे बीर बुधु भगत, सिद्धो-कान्हु, चांद-भैरव, फूलो-झानो और जतरा उरांव जैसे महान सपूतों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमारे जनजातीय समुदाय का इतिहास गौरवशाली रहा है। जनजातियों द्वारा संरक्षित कला, संस्कृति, लोक साहित्य और रीति-रिवाज न केवल हमारे देश, बल्कि विश्वभर में ख्यातिप्राप्त हैं। उनका पर्यावरणीय ज्ञान और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का दृष्टिकोण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में दहेज प्रथा नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयास से विकसित झारखंड के सपने को पूरा किया जा सकेगा।

महोत्सव की शुरूआत में गणमान्यों ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं, अतिथियों ने आदिवासी प्रदर्शनी शिविर और आदिवासी चित्रकार शिविर का उदघाटन और अवलोकन किया। इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, राजेश कच्छप, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकर्णी, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित कई वरीय अधिकारी एवं गणमान्य मौजूद थे।

### खाताधारकों को अब...

ये संशोधन बैंकों द्वारा आरबीआई को वैधानिक रिपोर्ट जमा करने के लिए रिपोटिंग तिथियों को संशोधित करेंगे, उन्हें शुक्रवार को रिपोटिंग से पखवाड़े, महीने या तिमाही के अंतिम दिन में बदल देंगे। इस समायोजन का उद्देश्य रिपोटिंग में निरंतरता सुनिश्चित करना है। पर्याप्त ब्याज मानी जाने वाली शेयरधारिता की सीमा वर्तमान मूल्य को दर्शाते हुए 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये कर दी जायेगी, क्योंकि सीमा आखिरी बार 1968 में निर्धारित की गयी थी। एक केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक को राज्य सहकारी बैंक के बोर्ड में सेवा करने की अनुमति देगा वहीं सहकारी बैंकों में निदेशकों ( अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशकों को छोड़कर) का कार्यकाल 8 साल से बढ़ाकर 10 साल कर देगा।

### 17 महीने बाद ...

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सजा के रूप में जमानत से इंकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि अब यह समय आ गया है कि न्यायालयों को समझना चाहिए कि जमानत एक सामान्य स्थिति है, जबकि जेल एक अपवाद है। सुबह जमानत मिलने के बाद वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति को ट्रायल कोर्ट के समक्ष पेश किया। वहां बेल-बांड भरा गया और दोपहर में ट्रायल कोर्ट ने रिलीज आर्डर जारी कर दिया।

केजरीवाल, केजरीवाल' के नारों के बीच सिसोदिया ने कहा, हमने संविधान के माध्यम से इस कानूनी लड़ाई को तार्किक अंजाम तक पहुंचाया है। मेरा साथ देने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, केवल मैं ही नहीं, बल्कि दिल्ली का हर व्यक्ति और देश का हर बच्चा भावनात्मक रूप से जेल में मेरे साथ था। देश में तानाशाही को करारा तमाचा मारने के लिए संविधान की शक्ति का उपयोग करने के वास्ते मैं उच्चतम न्यायालय को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि संविधान तथा लोकतंत्र की ताकत केजरीवाल की रिहाई का मार्ग प्रशस्त करेगी।

स्पीड न्यूज

## स्त्री 2 का नया गाना 'खूबसूरत' रिलीज



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टार फिल्म स्त्री 2 का नया गाना खूबसूरत रिलीज हो गया है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।इस फिल्म का नया गाना खूबसूरत रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में वरुण धवन और श्रद्धा कपूर की केमिस्ट्री लाजवाब है। दोनों के रोमांटिक गाने के बीच राजकुमार राव भी तड़का लगा रहे हैं। वह वरुण को श्रद्धा को पटाने से रोकते हुए नजर आ रहे हैं। स्त्री 2, 15 अगस्त को रिलीज होगी।

## मणिपुर के टेंग्नौपाल में गोलीबारी, चार मरे

**इंफाल।** भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले के मोलनोम में शुक्रवार सुबह हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। यह गोलीबारी में प्रतिबंधित विद्रोही समूह, यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट (यूकेएलएफ) और गांव के स्वयंसेवक शामिल थे। पुलिस ने बताया कि हिंसा एक आंतरिक विवाद से शुरू हुई और बाद में गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में गांव के तीन स्वयंसेवकों और एक यूकेएलएफ सदस्य की मौत हो गई।

## मालदा में मालगाड़ी के पांच डिब्बे बेपटरी

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के हरिशचंद्रपुर में शुक्रवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे कुमेदपुर के पास पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब मालगाड़ी न्यू जलपाईगुड़ी से कटिहार की ओर जा रही थी। इस दुर्घटना से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है और कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है।

## कन्नौज में सड़क हादसा, चार की मौत

**कन्नौज।** दिल्ली से कानपुर जा रहा डीसीएम वाहन उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क किनारे खड़े केंटनर से टकरा गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। गुरसहायगंज पुलिस थाने के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा सुबह साढ़े 06 बजे के आसपास का है।

## रूस के लिपेत्स्क में आपातकाल घोषित

**मॉस्को।** रूस के लिपेत्स्क नगर जिले में यूक्रेनी ड्रोन हमले से हुए विस्फोट के बाद शुक्रवार को आपातकाल स्थिति की घोषणा की गई। लिपेत्स्क के गवर्नर इगोर आटामीनोव ने सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से चार स्थानीय बस्तियों को खाली करने की घोषणा की।

## आइडीएफ ने खान यूनिस शहर में शुरू किया हमला

**गाजा।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने गाजा पट्टी में हमास की क्षमताओं को कम करने के लिए दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में एक अभियान शुरू किया है। आईडीएफ ने गुरुवार को खान यूनिस के पूर्वी क्षेत्रों को तत्काल खाली करने का आदेश दिया। सेना ने कहा कि यह कदम शहर से एक रॉकेट प्रक्षेपण के

# वक्फ बोर्ड में संशोधन को लेकर जेपीसी गठित

## समिति में निशिकांत दूबे, ओवैशी व मसूद भी शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुस्लिम समुदाय की संपत्ति से जुड़े वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पर विचार के लिए 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की शुक्रवार को घोषणा की।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बताया कि समिति में 21 सदस्य लोकसभा के और 10 सदस्य राज्यसभा के होंगे। रिजिजू ने इस संबंध में लोकसभा से 21 नामों को समिति के लिए प्रस्तावित किया। उन्होंने कहा कि समिति अगले सत्र

**▸▸ 31 संसदीय समिति में लोकसभा के 21 सांसद और 10 सदस्य राज्यसभा होंगे**

के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन रिपोर्ट करेगी। समिति में लोकसभा से डॉ. निशिकांत दुबे, जगदंबिका पाल, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, डॉ. संजय जयसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके अरुणा (सभी भाजपा), गौरव गोगोई, इमरान मसूद, डॉ. मोहम्मद जावेद (सभी कांग्रेस), मोहिबुल्ला (सपा), कल्याण बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस), ए राजा (द्रमुक), लावु श्री कृष्ण देवरायलू (टीडीपी), दिलेश्वर कामैत (राजद), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे (एनसीपी-एसपी), नरेश गणपत म्हस्के (शिवसेना), अरुण भारती (एलजेपी-राम विलास) और असदुद्दीन औवेसी (एआईएमआईएम) शामिल हैं।

इसके अलावा राज्यसभा के 10 सदस्यों में बृजलाल, डॉ. मेधा कुलकर्णी, गुलाम अली, डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल (सभी भाजपा), डॉ. सैयद नसीर हुसैन (कांग्रेस), मोहम्मद नदीमुल हक (तृणमूल कांग्रेस), वी. विजयसाई रेड्डी (वाईएसआर कांग्रेस), एम. मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), संजय सिंह (आम आदमी पार्टी) और डॉ. वीरेंद्र हेगड़े (मनोनीत सदस्य) हैं।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा में गुरुवार को रिजिजू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पेश किया था। साथ ही इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक-2024 भी पेश किया था। नए विधेयक का नाम एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम होगा। अंग्रेजी में नाम यूनिफाइड वर्क मैनेजमेंट एंपावरमेंट एफिशिएंट एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) है।



# इस बार लाल किले की सुरक्षा सेना करेगी

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में परिंदा भी पार नहीं करेगा

एजेंसी

**▸▸ ट्रंप पर हमले को देखते हुए पीएम मोदी के लिए होगी अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था**

**▸▸ वायु सेना के लड़ाकू विमानों को आसमान से पहरेदारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है**

**नयी दिल्ली।** इस बार लाल किले के स्वतंत्रता दिवस समारोह की सुरक्षा व्यवस्था आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भरोसे रहेगी। इसके लिए भारत में पहली बार एआई-आधारित निगरानी और स्वचालित भीड़ प्रणाली को तैनात किया जाएगा। हाल ही में अमेरिका में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। लाल किले के स्वतंत्रता दिवस समारोह की सुरक्षा कमान रक्षा मंत्रालय और सेना के अधीन रहेगी। वायु सेना के लड़ाकू विमानों को आसमान से पहरेदारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरक्षा तैयारियों के मद्देनजर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और सभी संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की एक टीम ने हाल ही में लाल किले का दौरा करने के बाद समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले को देखते हुए लाल किले पर होने वाले उच्च सुरक्षा वाले समारोह में कड़ी निगरानी बनाए रखने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था किये जाने पर जोर दिया गया। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले और उसके आसपास उन्नत निगरानी सुविधाओं और स्वचालित भीड़ आकलन सुविधाओं के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित सुरक्षा प्रणाली तैनात करेंगी। एक वरिष्ठ



अधिकारी ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से चेहरे की पहचान करने वाली प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन इस वर्ष नंबर प्लेट पहचान प्रणाली तैनात की जाएगी, जिससे वीडियो के आधार पर वाहन प्लेट का पता लगाया जा सकेगा। यह सिस्टम प्रत्येक वाहन या ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन का वीडियो रिकॉर्ड और स्नैपशॉट लेगा। इसे ड्राइवर की छवि कैप्चर करने के लिए कई कैमरों या सेंसर के साथ एकीकृत किया जाएगा।

### एआइ से लैस कैमरों का भी होगा इस्तेमाल

खुफिया वीडियो निगरानी प्रणाली में वाहन नंबर प्लेट पहचान प्रणाली, चेहरा पहचान, लोगों की आवाजाही की गिनती, ट्रिपवायर, ऑडियो डिटेक्शन, घुसपैठ और छोड़ी गई या गुम हुई वस्तुओं जैसी सुविधाएं होंगी। समारोह के दौरान लाल किला परिसर के अंदर लोगों के प्रवेश और निकास की गिनती करने के लिए एआई से लैस कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा। भीड़ का अनुमान एआई के माध्यम से लगाया जाएगा। घुसपैठ का पता लगाने वाली सुविधाएं उच्च जोखिम की सुरक्षा करेंगी। प्रत्येक क्षेत्र की संवेदनशीलता के अनुसार अलग-अलग क्षेत्र में अलार्म सेट किए जा सकते हैं। यह उन्नत सुविधा लाइव कैमरों के साथ-साथ रिकॉर्ड किए गए वीडियो पर भी चेहरों की पहचान करेगी।

# बांग्लादेश में हिंसा रोके मो. यूनुस : संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी

**▸▸ गुटरेस ने हिंदूं को निशाना बनाने पर जतायी चिंता**

**संयुक्त राष्ट्र।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। वैश्विक निकाय ने गुरुवार को कहा कि वह नस्ली आधार पर होने वाले किसी भी तरह के हमले या हिंसा भड़काने के खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटारेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि हम चाहते हैं कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर नियंत्रण पाया जाए। उनसे बांग्लादेश में हुई हत्याओं की जांच का हिस्सा बनने के लिए संयुक्त राष्ट्र से किए गए अनुरोध को लेकर भी सवाल किए गए। इस पर उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र गौर करेगा कि नई सरकार से उसे किस प्रकार का औपचारिक अनुरोध प्राप्त होता है। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद



यूनुस को अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार बनाए जाने पर हक ने कहा कि हम उम्मीद बरकरार रखे हुए हैं। शांति बहाली का कोई भी संकेत एक अच्छी चीज है। जब उनसे पूछा गया कि क्या महासचिव गुटारेस ने यूनुस को बधाई दी है।

# बांग्लादेश में मंत्रियों के बीच विभाग हुआ वितरित



**ढाका।** बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। शुक्रवार को यूनुस सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारी आठ अगस्त को शपथ लेने वाले मंत्रियों को सौंप दी गई। मोहम्मद यूनुस के पास 27 मंत्रालय या विभाग हैं। रेलवे, सड़क और पुल, खाद्य, विनिर्माण, नागरिक उड्डयन, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, सूचना, वाणिज्य, संस्कृति, कृषि, ऊर्जा, विज्ञान, जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग यूनुस ने अपने पास रखे हैं।

मोहम्मद यूनिस के नेतृत्व में नई अंतरिम कैबिनेट में शामिल हस्तियों ने गुरुवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूनुस के 16 सलाहकारों में से केवल 13 ने गुरुवार को शपथ ली थी।

### ▸▸ मोहम्मद यूनुस के पास 27 मंत्रालय

**सालेहुद्दीन अहमद:** वित्त व योजना
**नजरिल:** कानून व संसदीय
**आदिल रहमान खान:** उद्योग
**एएफ हसन आरिफ:** ग्रामीण विकास और सहकारिता ।
**तौहीद हुसैन:** विदेश
**रजवाना हसन:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन।
**शर्मन एस मुर्शिद:** समाज कल्याण
**सखावत हुसैन:** आंतरिक मंत्रालय
**खालिद हुसैन:** धार्मिक
**फरीद अख्तर:** मत्स्य पालन और जल संसाधन
**नूरजहां बेगम:** स्वास्थ्य
**नाहिद इस्लाम:** डाक, दूरसंचार और आईसीटी
**शुजाब भुइयां:** युवा और खेल ।



**क्रीमी लेयर मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले एससी-एसटी सांसद**

**नयी दिल्ली। लोकसभा और राज्यसभा के अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सांसदों ने संयुक्त रूप से एससी व एसटी के लिए क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के संबंध में प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। सांसदों ने मांग की कि इस निर्णय को हमारे समाज में लागू नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि एससी समुदाय का आरक्षण प्रभावित नहीं होगा**

## ढाका में सैना की मदद से खुले थाने

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चरम पर रहने के दौरान वीरान हो गए पुलिस थानों में सेना की सहायता से धीरे-धीरे सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो रही हैं। शुक्रवार को मीडिया की खबरों से यह जानकारी मिली। छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा और देश छोड़कर जाना पड़ा। उसके बाद, सभी पुलिस थानों की गतिविधियां ठप्प हो गईं थी।

कई पुलिस थानों पर हमला किया गया, लूटपाट की गई और आग लगा दी गई, जिसके कारण कई अधिकारी अपने थानों को खाली करके छिप गए क्योंकि उन्हें और हमले होने का खतरा था। छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पुलिस कर्मियों सहित 400 से अधिक लोग मारे गए। सैन्य और पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लगभग चार दिनों के बाद सेना की सहायता से लगभग 29 पुलिस थानों में गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं।

# शेयर बाजार ने लगाई छलांग, सेंसेक्स 819 अंक चढ़ा

## निवेशकों ने चार लाख करोड़ से अधिक कमाया

एजेंसी

**▸▸ निफ्टी 250 अंक तेजी के साथ 24,367 पर पहुंचा**

**मुंबई।** अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़ों से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में संभावित मंदी के बारे में कुछ चिंताएं कम होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस की गिरावट से उबरकर शुक्रवार को शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 819.69 अंक अर्थात 1.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 79,705.91 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 250.50 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,367.50 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर खरीददारी हुई, जिससे मिडकैप 1.21 प्रतिशत मजबूत होकर 47,192.27 अंक और स्मॉलकैप 0.79 प्रतिशत चढ़कर 53,614.37 अंक पर बंद हुआ।

बाजार में आई मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 450.17 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 445.75 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों



को कारोबार से करीब 4.42 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4006 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2330 में लिवाली जबकि 1579 में बिकवाली हुई वहीं 97 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां लाभ जबकि शेष चार नुकसान में रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में बेरोजगारी के सकारात्मक आंकड़ों ने मंदी की आशंकाओं को कम किया और बाजार में अनुकूल प्रतिक्रिया दी। बेहतर खर्च की उम्मीद में आईटी समूह के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। हालांकि निवेश धारणा में तेजी आ रही है, लेकिन नए ट्रिगर्स की कमी और कम आय उच्च मूल्यांकन के लिए बाधा बनेगी।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56, जर्मनी का डैक्स 0.34, जापान का निक्केई 0.56 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.17 प्रतिशत उछल गया।

इससे बीएसई में चौतरफा लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.62, सीडी 1.57, ऊर्जा 1.02, एफएमसीजी 0.33, वित्तीय सेवाएं 0.73, हेल्थकेयर 0.38, इंडस्ट्रियल्स 1.06, आईटी 1.59, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.67, ऑटो 1.51, बैंकिंग 0.74, कैपिटल गुड्स 1.37, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.88, धातु 0.87, तेल एवं गैस 0.81, पावर 1.33, रियल्टी 1.56, टेक 1.41 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहे।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !